* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 फरवरी, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 130

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

शराब नीति केस में सीबीआइ ने आठ घंटे पूछताछ के बाद दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को किया गिरफ्तार

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से

■ राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा सत्र

■ नयी स्थानीय नीति समेत कई मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

■ सत्ता पक्ष और विपक्ष की तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड की पांचवीं विधानसभा का चौथा बजट सत्र 27 फरवरी से शुरू हो रहा है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के साथ शुरू होनेवाले इस सत्र की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सत्र में विपक्षी दल रोजगार, विधि-व्यवस्था और भ्रष्टाचार समेत अन्य मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश करेंगे। उधर सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष के हर हमले का करारा जवाब देने की तैयारी की है। तीन मार्च को वित्तीय वर्ष 2023-24 का वार्षिक बजट पेश किया जायेगा। हेमंत सोरेन सरकार का यह चौथा बजट होगा। इससे पहले लगातार पांच बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड पूर्व सीएम सह वित्त मंत्री रघुवर दास के नाम था। वर्तमान वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव अब दूसरे नंबर पर आ जायेंगे।

बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का अभिभाषण होगा। इसी महीने राज्यपाल के रूप में शपथ लेने वाले सीपी राधाकृष्णन का यह पहला अभिभाषण होगा। सत्र के दूसरे दिन अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। दो मार्च को विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश किया जायेगा, जिसमें विकास के रफ्तार की जानकारी मिलेगी। बजट सत्र के दौरान राज्य सरकार की ओर से नयी स्थानीय नीति से संबंधित विधेयक को भी पेश किया जा सकता है। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को भी सभा पटल पर रखे जाने की संभावना है।

1.11 लाख करोड़ का हो सकता है बजट : पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में इस बार ज्यादा राशि का प्रावधान बजट में होने की उम्मीद है। पिछली दफा 1.01 लाख करोड़ का बजट पेश किया गया था। इस बार उम्मीद जतायी जा रही है कि 1.11 लाख करोड़ से ज्यादा का बजट आ सकता है। बजट को लेकर लोगों की निगाहें सरकार पर हैं।

पक्ष-विपक्ष की तैयारियां पूरी : बजट सत्र को लेकर पक्ष-विपक्ष की ओर से भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। भाजपा और आजसू पार्टी रोजगार, विधि व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश करेंगी। इसके अलावा सत्ता पक्ष के कुछ नाराज विधायक जनहित के मुद्दे पर अपनी ही सरकार के समक्ष मुश्किल खड़ा कर सकते हैं।

यूपीए विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति

रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर यूपीए विधायक दल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। बैठक में सत्र के दौरान अपनायी जानेवाली रणनीति को अंतिम रूप दिया गया। यह तय किया गया कि सदन में विपक्ष के हर हमले का करारा जवाब दिया जायेगा। बैठक में झामुमो, कांग्रेस और राजद के सभी विधायक शामिल हुए।

रामगढ़ में मतदान आज

■ 3.35 लाख वोटर 405 बूथों पर डालेंगे वोट

■ सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोटिंग

● 2 मार्च को मतगणना

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को मतदान होगा। इस उपचुनाव को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सभी बूथों पर पुलिस बलों की तैनाती हो गयी। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान को लेकर चुनाव आयोग की ओर से विशेष नजर रखी जा रही है। सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। 2 मार्च को काउंटिंग होगी। रविवार को पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। प्रत्याशियों ने बूथ मैनेजमेंट को अंतिम रूप दिया।

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में 3.35 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। आंकड़ों के अनुसार इस चुनाव में एक लाख 73 हजार 550 पुरुष और एक लाख 62 हजार 183 महिला वोटिंग करेंगी। इस चुनाव में 318 सर्विस वोटर हैं, जिनमें 311 पुरुष और सात महिला हैं। चुनाव आयोग के अनुसार 80 वर्ष से अधिक आयु वाले वोटरों की संख्या 4276 है, जबकि निःशक्त मतदाताओं की संख्या 6325 है।

2025 मतदान और 1500 से अधिक जवानों की तैनाती : रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए 2025 मतदान कर्मी, 69 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 63 माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गयी है। उपचुनाव को लेकर कुल 233 भवनों में 405 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इसमें रामगढ़ प्रखंड में 118, दुलमी प्रखंड में 64 और चितरपुर प्रखंड में 70 मतदान केंद्र हैं, जबकि गोला प्रखंड में 153 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। उपचुनाव के मद्देनजर 55 सेक्टर और 10 कलस्टर बनाये गये हैं। साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराया गया है। डेढ़ हजार से अधिक जवानों और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गयी है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 405 मतदान केंद्रों में 244 मतदान केंद्र अति संवेदनशील, 114 संवेदनशील और 47 सामान्य मतदान केंद्र हैं। मतदान के बाद इवीएम को रामगढ़ कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में रखा जायेगा। मतगणना 2 मार्च को रामगढ़ कॉलेज में बनाये गये मतगणना हॉल में होगी।

18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में, कांग्रेस-आजसू पार्टी के बीच सीधा मुकाबला

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला कांग्रेस के बजरंग महतो और आजसू पार्टी की सुनीता चौधरी के बीच माना जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी को झामुमो, राजद और वाम दलों का समर्थन प्राप्त है। वहीं आजसू पार्टी की सुनीता चौधरी को भाजपा का समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस की पूर्व विधायक ममता देवी की विधानसभा सदस्यता रद्द होने के कारण रामगढ़ में उपचुनाव हो रहा है। इस उपचुनाव में कांग्रेस ने ममता देवी के पति बजरंग महतो को उम्मीदवार बनाया है। वहीं साल 2019 में दूसरे स्थान पर रहीं सुनीता चौधरी आजसू पार्टी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी हैं।

विधायक प्रतिनिधि हत्याकांड : भुरकुंडा-पतरातू-सयाल मार्ग नौ घंटे तक रहा बंद

कांग्रेसियों और ग्रामीणों ने सड़क जाम की

- उरीमारी में ट्रांसपोर्टिंग ठप होने से सीसीएल को लाखों का नुकसान
- भुरकुंडा ओपी में सात लोगों पर मामला दर्ज
- अपराधियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस कर रही छापामारी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। सौंदा बस्ती निवासी सह विधायक अंबा प्रसाद के प्रतिनिधि राजकिशोर बाउरी उर्फ बितका बाउरी की हत्या से कोयलांचल भुरकुंडा सहित आसपास के क्षेत्रों में दहशत है। आक्रोशित ग्रामीणों और कांग्रेसियों ने हत्या के विरोध में रविवार की सुबह से ही भुरकुंडा-पतरातू-सयाल मार्ग को जाम कर दिया। लगभग नौ घंटे तक आवागमन बाधित रहा। इस दौरान सौंदा बस्ती क्षेत्र की सभी दुकानें बंद थीं। विधायक अंबा प्रसाद की मौजूदगी में मृतक की पत्नी सपना देवी के लिखित आवेदन पर भुरकुंडा ओपी में मामला दर्ज हुआ है। इसमें सात लोगों को नामजद बनाया गया है।

रविवार की सुबह छह बजे से शव के साथ आक्रोशित ग्रामीण और कांग्रेसी सड़क पर उतर कर मृतक के आश्रित को नौकरी, मुआवजा और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे। जाम स्थल पर पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में इंस्पेक्टर रोहित कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, एसआइ अक्षय कुमार, मयंक प्रसाद, राजदीप कुमार, कुंदन राव सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर तैनात थे। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि पतरातू प्रखंड में पुलिस निष्क्रिय हो गयी है। कोई भी सुरक्षित नहीं है। आये दिन अपराधी गोलीबारी कर लोगों की हत्या कर रहे हैं। लोगों की मांग थी कि राज्य सरकार मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, बच्चों की पढ़ाई की पूरी व्यवस्था, 10 लाख रुपये मुआवजा और हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाये। साथ ही एसपी का तबादला किया जाये।

मामला दर्ज होने के बाद लगभग 19 घंटे के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद सड़क जाम होने से बरका-सयाल क्षेत्र में ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह से ठप हो गयी। प्रक्षेत्र के उरीमारी, बिरसा, न्यू बिरसा और भुरकुंडा कोलियरी से कोयला का संप्रेषण नहीं हुआ। सौंदा बस्ती, सरैया टोला और पोड़ा गेट जाम रहने और ट्रांसपोर्टिंग ठप होने से सीसीएल को लाखों का नुकसान हुआ। मालूम हो कि शनिवार की देर शाम बितका बाउरी को सौंदा बस्ती पेट्रोल पंप के समीप बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने आधा दर्जन से अधिक गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया था। घटनास्थल के पास से पुलिस ने रात में ही नौ एमएम और सात एमएम के नौ खोखे बरामद किये थे। अपराधियों ने हत्या के बाद दहशत फैलाने के लिए कई राउंड हवाई फायरिंग भी की थी। बितका बाउरी को सिर, कनपटी, पेट और छाती में गोली मारी गयी।

अपराधी जल्द होंगे गिरफ्तार : डॉ वीरेंद्र चौधरी

पतरातू एसडीपीओ डॉ बीरेंद्र कुमार चौधरी ने आंदोलनरत ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि पूरे मामले की जांच पुलिस गंभीरता से कर रही है। दो दिन के अंदर अपराधी हर हाल में पुलिस की गिरफ्त में होंगे। किसी भी हाल में अपराधी बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने बताया कि दोनों पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। आवेदन के आधार पर सात लोगों को नामजद बनाया गया है।

मन की बात की 98वीं कड़ी में पीएम ने दी होली की शुभकामनाएं, बोले

त्योहार वोकल फॉर लोकल के साथ मनायें

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सुबह 11 बजे मन की बात की 98वीं कड़ी में देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमे अपने त्योहार वोकल फॉर लोकल के संकल्प के साथ ही मनाना है।

इसके साथ ही पीएम ने लता मंगेशकर को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती यानी एकता दिवस पर 'मन की बात' में हमने तीन कंपटीशन शुरू की थीं। ये सभी देशभक्ति पर गीत, लोरी और रंगोली से जुड़ी थीं। उस समय लता दीदी ने ट्वीट करके सभी देशवासियों से इस कंपटीशन में जुड़ने की अपील की थी। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कंपटीशन से जुड़े विजेताओं के नाम भी घोषित किये।

मोदी झारखंड के मुसाबनी और चौपारण बीडीओ से आज करेंगे सीधा संवाद

मुसाबनी/चौपारण। झारखंड के दो प्रखंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) समेत देशभर के 15 अधिकारियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 फरवरी को वर्चुअल संवाद करेंगे। पीएम देश के उन बीडीओ से बात करेंगे, जिन्होंने केंद्रीय योजनाओं पर बेहतर ढंग से काम किया है। प्रधानमंत्री पूर्वी सिंहभूम के मुसाबनी की बीडीओ सीमा कुमारी और हजारीबाग में चौपारण प्रखंड के बीडीओ प्रेमचंद कुमार सिन्हा से जानेंगे कि उन्होंने किस तरह से काम को अंजाम दिया। देश में आकांक्षी प्रखंड के रूप में 540 प्रखंडों का चयन किया गया है। इनमें झारखंड के 35 प्रखंड शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी सुबह 11 बजे से एक घंटे तक बीडीओ से सीधा संवाद करेंगे।

झारखण्ड सरकार
मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग

मतदाताओं के लिए आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में **झारखण्ड राज्य अन्तर्गत 23–रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव 2023** में, सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना **निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)** दिखाएंगे तथा ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, तद्नुसार निम्न दस्तावेज पहचान हेतु स्वीकार किये जायेंगे:–

1. निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)

वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजः–

2. आधार कार्ड
3. मनरेगा जॉब कार्ड
4. बैकों/डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक
5. श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
6. ड्राइविंग लाइसेंस
7. पैन कार्ड
8. एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड
9. भारतीय पासपोर्ट
10. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
11. केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान–पत्र
12. सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र।
13. यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

किसी अन्य सभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

फोटो मतदाता पर्ची को मतदान केन्द्र में पहचान के उद्देश्य के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। आपसे अपेक्षित है कि आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) या आयोग द्वारा उपरोक्त निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक मतदान के समय अपने साथ अवश्य लाए।

प्रवासी निर्वाचक को, जो अपने पासपोर्ट में उल्लेखित विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

झारखण्ड राज्य अन्तर्गत 23–रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील है कि निर्भिक एवं स्वतंत्र रूप से मतदान हेतु निर्धारित तिथि दिनांक–27.02.2023 को मास्क का प्रयोग एवं Social Distancing का पालन करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
झारखण्ड, राँची।

P.R. 291295 (Election) 22-23

सर्राफा

सोना (बिक्री)	52,900 रु./10 ग्राम
चांदी	67,500 रु./प्रति किलो

चुनौती : फिर से अशांत होता दिख रहा है पंजाब, अजनाला की घटना ने पुख्ता किया संदेह

एक बार फिर आतंकवाद के मुहाने पर पंजाब

■ अरविंद केजरीवाल की राजनीति ने इस प्रदेश में लगा दी है आग

■ समय रहते अमृतपाल सिंह जैसे तत्वों पर लगाम लगानी जरूरी

देश के सबसे समृद्ध और खुशहाल प्रदेश पंजाब इन दिनों अशांत है। पाकिस्तान की सीमा से सटे इस राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से जिस तरह की घटनाएं हुईं और हो रही हैं, उससे लगता है कि यह राज्य एक बार फिर आतंकवाद के मुहाने पर पहुंच गया है। 'वारिस पंजाब दे' नामक संगठन के मुखिया अमृतपाल सिंह ने अजनाला थाने पर प्रदर्शन करने और पुलिस प्रशासन को घुटनों पर लाने के बाद जो तेवर दिखाया है, उससे तो साफ लगता है कि यदि उस पर तत्काल नियंत्रण नहीं लगाया गया, तो वह जरनैल सिंह भिंडरांवाले हो सकता है। वह खुलेआम सरकार को चुनौती दे रहा है, उसके समर्थक तालिबानी कानून लागू करने की कोशिश कर रहे हैं और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। अलगाववाद की यह चिंगारी पंजाब से निकल कर ऑस्ट्रेलिया तक पहुंच गयी है, जहां अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने भारतीय उच्चायोग पर खालिस्तानी झंडा तक फहरा दिया है। पंजाब जैसे राज्य के लिए यह बेहद खतरनाक स्थिति है। राज्य में खालिस्तानी समर्थक जगह-जगह दिखाई देने लगे हैं। पंजाब की यह स्थिति राज्य में पिछले साल हुए सत्ता परिवर्तन के बाद से पैदा हुई है। विधानसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल पर खालिस्तानी आतंकवादियों से साठगांठ के आरोप लगे थे और अब पंजाब की आप सरकार का रवैया देख कर लगता है कि वे आरोप निराधार नहीं थे। पंजाब की वर्तमान स्थिति पूरे देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। पंजाब की इस स्थिति पर रोशनी डाल रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

दुनिया भर में भारत की खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक पंजाब एक बार फिर से अशांत होता दिख रहा है। राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से आतंकवाद का दौर राज्य के दरवाजे पर दस्तक देने लगा है। खालिस्तान समर्थक सक्रिय हो गये हैं। माफिया राज, गैंगस्टर और गन कल्चर की घटनाएं बढ़ रही हैं। 'वारिस पंजाब दे' के जत्थेदार अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने जिस तरह अजनाला थाने का घेराव कर पुलिस प्रशासन को घुटना टेकने पर मजबूर कर दिया, वह गंभीर चिंता का विषय है। अब अमृतपाल सिंह के तेवर खतरनाक हो गये हैं। वह खुलेआम सरकार को चुनौती दे रहा है। उसके समर्थक पंजाब के ग्रामीण इलाकों में तालिबानी कानून लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। जो लोग उनकी बात नहीं मानते हैं, उन्हें सजा दी जा रही है। कुल मिला कर राज्य में 80 के दशक के दौर की आहट सुनाई देने लगी है।

कौन है अमृतपाल सिंह

अमृतपाल सिंह 29 साल का है और हाल ही में उसने 'वारिस पंजाब दे' संगठन की कमान संभाली है। इस संगठन की कहानी जुड़ती है अभिनेता और एक्टिविस्ट संदीप सिंह उर्फ दीप सिद्धू से, जो 26 जनवरी 2021 को लाल किले पर खालसा पंथ का झंडा फहराने को लेकर चर्चा में आया था। 15 फरवरी 2022 को एक सड़क हादसे में उसकी मौत हो गयी, लेकिन अपनी मौत से छह महीने पहले, यानी सितंबर 2021 में सिद्धू ने 'वारिस पंजाब दे' की नींव रखी थी। दीप सिद्धू की मौत के बाद दुबई में रहनेवाला अमृतपाल सिंह भारत आया और संगठन का प्रमुख बन गया। वह अमृतसर के पास स्थित जल्लूपुर खेड़ा गांव का रहनेवाला है। उसने खालिस्तानी भिंडरांवाले और उससे जुड़े तमाम ज्ञान इंटरनेट की बदौलत हासिल किया। पहले वह दुबई में रह कर बिजनेस करता था। अब पंजाब में रह कर खालिस्तान समर्थक आंदोलन चला रहा है। संगठन के प्रमुख के रूप में उसकी दस्तारबंदी उसी रोड गांव में हुई, जहां जरनैल सिंह भिंडरांवाले का जन्म हुआ था। 'वारिस पंजाब दे' को खालिस्तान समर्थक समूह 'सिख फॉर जस्टिस' से भी मदद मिल रही है। यह संगठन पंजाब में लोगों की भावनाओं को भड़काने और आंदोलन को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहा है। इसका सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू है। वह अमृतसर के खानकोट गांव का रहनेवाला है। इन संगठनों को विदेशों से पैसा मिल रहा है। अमेरिका, कनाडा, मलेशिया, सिंगापुर आदि में खालिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं।

अजनाला की घटना ने बढ़ायी चिंता

पंजाब के अजनाला पुलिस थाने पर खालिस्तान समर्थकों का हमला होना इस बात का संकेत और संदेश है कि आम आदमी पार्टी की सरकार के चलते पंजाब फिर आतंकवाद और अलगाववाद की डगर पर चल पड़ा है। वैसे भी यह एक सर्वमान्य सत्य है कि खालिस्तान समर्थकों का दिमाग ठीक नहीं है और विदेशी शक्तियां उनके दिमाग को और भी अधिक खराब करने की चेष्टा में लगी हुई हैं। ये वही वैश्विक शक्तियां हैं, जो भारत की बढ़ती शक्ति को अपने लिए खतरा मानती हैं और हमारे देश को कभी भी सम्मानित स्थान देने की इच्छुक नहीं रही हैं। ऐसी शक्तियों के हाथों में आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल का खेलना और इस सीमावर्ती प्रदेश को अशांति के माहौल में झोंक देना बहुत बड़े षडयंत्र को प्रकट करने के लिए पर्याप्त हैं। विधानसभा चुनाव के पहले अरविंद केजरीवाल पर खालिस्तान समर्थक आतंकियों के साथ साठगांठ का आरोप लगा था। उस समय तो इसे राजनीति से प्रेरित कहा गया, लेकिन आज पंजाब की स्थिति को देख कर वे आरोप निराधार नहीं लग रहे हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि खालिस्तान समर्थक आंदोलन पंजाब में गति पकड़ रहा है और आम आदमी पार्टी की सरकार इस आंदोलन के प्रति पूर्णतया उदासीन बनी हुई है।

खालिस्तान के नाम पर विदेशों से बहुत भारी मात्रा में फंडिंग की जा रही है। नये-नये उग्रवादी और आतंकवादी संगठन बनाये जा रहे हैं। उनका वित्त पोषण किया जा रहा है ।

ऐसी परिस्थितियों में पंजाब में अलगाववादी तत्वों ने जिस प्रकार एक थाने को घेरा और उस पर आक्रमण किया, वह गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय रणनीति बनाने पर सभी राजनीतिक दलों को अपना सहयोग देने का भरोसा सरकार को देना होगा। आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में है। इसलिए इस पार्टी का और इसके नेता केजरीवाल का यह दायित्व है कि वह सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मिल कर पंजाब के लिए कठोर कानून बनाने की रणनीति पर विचार करें। जिन लोगों ने थाने पर आक्रमण करने में अपनी उपस्थिति दिखायी है, यह उन्हीं आतंकवादियों के मानस पुत्र हैं, जिन्होंने कभी पंजाब में हिंदुओं का व्यापक नरसंहार किया था। उनके उसी नरसंहार के परिणाम स्वरूप एक दिन वह भी आया, जब देश ने सिखों का नरसंहार देखा। सिखों का नरसंहार निश्चित रूप से एक जघन्य अपराध था, पर उससे पहले जिन लोगों ने पंजाब में हिंदुओं को मारा था, उन हिंदुओं के बलिदान को भी भुलाया नहीं जा सकता, क्योंकि खून उनका भी लाल ही था। ऐसे में यदि आज फिर वही लोग या उनके मानस पुत्र पंजाब में सक्रिय हो रहे हैं, तो सरकार को भविष्य के प्रति सावधान होकर सामूहिक ठोस कार्रवाई के लिए कटिबद्ध होना चाहिए।

राजनीति जब अपने धर्म से पथ भ्रष्ट या स्खलित होती है, तो वह शब्दों की गरिमा भूल जाती है। कभी हमने महाभारत के समय दुर्योधन जैसे राजनीतिक व्यक्ति की वाणी को देखा था, जो मर्यादा भूल चुकी थी।

पंजाब की वर्तमान स्थिति पूरे देश के लिए चिंतनीय है। इसलिए इस पर गंभीरता से विचार करने और एक्शन लेने की जरूरत है, ताकि एक और भिंडरांवाले सिर नहीं उठा सके।

सर! मेरी पीएम आवास की राशि वापस ले लीजिए घर बनाया तो वन विभाग वाले जेल भेज देंगे

वन विभाग की जमीन बता फारेस्ट वालों ने घर बनाने से रोका

हिमांशु रंजन

बसिया (आजाद सिपाही)। सर मेरी पीएम आवास की राशि वापस ले लीजिए। मैं घर नहीं बना सकता। घर बनाने पर फोरेस्ट वाले मुझे जेल भेज देंगे।

यह सुन कर कोई भी व्यक्ति सोच में पड़ जायेगा कि आखिर कोई पीएम आवास बनाने पर जेल कैसे जायेगा। दरअसल मामला यह है कि बसिया प्रखंड की बनई पंचायत के गागड़ा नवाटोली निवासी अनुसूचित जाति से आनेवाले राजेंद्र कुमार राम, पिता स्व फगुवा राम को सरकार की ओर से पीएम आवास मिला और आवास बनाने की प्रथम किस्त उसके खाते में आ भी गयी। राजेंद्र कुमार राम ने बहुत ही उत्साह से नींव खोदने की शुरुआत की। साथ ही बालू वगैरह भी मंगा लिया। लेकिन उसे क्या पता था कि उसकी खुशी में ग्रहण लगनेवाला है। राजेंद्र के द्वारा घर बनाने की जानकारी मिलते ही वन विभाग के कर्मी उंसके घर पहुंच कर उसे फॉरेस्ट की जमीन बताते हुए उसे घर बनाने से रोक दिया और घर बनवाने पर केस करने की बात कह डाली। अब इस बात से हैरान राजेंद्र ने ग्राम सभा कर एक ज्ञापन जिले से डीएफओ साहब को देकर घर बनाने देने की अनुमति मांगी

है, पर अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गयी है। राजेंद बताता है कि उक्त लगभग दस डिसमिल जमीन पर उसके बाप दादा के समय से लगभग 60 से 70 वर्षों से खेती किसानी और जोत कोड़ करते आ रहा है और लगभग 35 वर्ष पूर्व उसके पिता फगुवा राम ने उक्त मकान को बनवाया था। पिता द्वारा बनवाये कच्चे मकान में राजेंद्र सपरिवार रहता आ रहा है और सरकार द्वारा मिले पीएम आवास को अभी के वर्तमान मकान के बगल में ही अपने प्रांगण में बनवा रहा था। पर वन विभाग के कर्मियों द्वारा उसे मना कर दिया गया। इसके बाद राजेंद्र के कथानुसार मकान बनाने की अनुमति के लिए वह बीडीओ और डीएफओ गुमला से भी मिल चुका है और डीएफओ को लिखित में आवेदन दे चुका है। गरीबी में किसी प्रकार अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले राजेंद्र ने बताया कि वह सरकार द्वारा मिले पीएम आवास की राशि को वापस करने की बात बसिया बीडीओ और डीएफओ को बोल चुका है, लेकिन दोनों साहबो के द्वारा उसे पैसा वापस करने से तत्काल मना कर दिया गया। राजेंद्र बताता है कि वह अत्यंत गरीब इंसान है और पीएम आवास बना कर वह कोर्ट कचहरी का चक्कर नहीं लगा सकता। उससे अच्छा होगा कि वह आवास के पैसा को वापस ही कर दे।

इस संबंध में बसिया फोरेस्टर लिबनुस कहते हैं कि फारेस्ट जमीन में किसी को निर्माण कार्य करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। जो पहले बन चुका है, वह अलग बात है, पर अब अनुमति नहीं दी जा सकती।

बनई की मुखिया अमलेन कुल्लू ने परिवार वालों से मिल कर कहा कि यह परिवार वर्षों पूर्व से यहां रहते आ रहा है और उसके आधार पर राजेंद्र को घर बनवाने पर रोक लगाना उचित प्रतीत नहीं होता है। प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सह जेएमएम प्रखंड सचिव ने कहा कि जब कोई 35 वर्षों से अधिक समय से उक्त जमीन में रहते आ रहा है तो उसे पीएम आवास बनने से नहीं रोकना चाहिए, बल्कि विभाग को पहल कर राजेंद्र कुमार राम को वनाधिकार के तहत वन पट्टा देना चाहिए। वन विभाग कर्मियों का कार्य उचित नहीं है।

जेएमएम नेता सह वनाधिकार समेत सामाजिक विषयों पर मुखर आवाज उठाने वाले निकोलस मुंडा ने कहा कि एक गरीब इंसान दो डिसमिल जमीन में मकान बना रहा है, तो उसे वन विभाग द्वारा रोका जा रहा है, वही दूसरी ओर वन क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध पेड़ कटाई, बालू और पत्थर उत्खनन पर वन कर्मियों की नजर नहीं पड़ रही है। वन विभाग के ऐसे गैरजिम्मेदाराना कार्यों के कारण आज गरीब, आदिवासी, दबे कुचले वर्ग के लोग परेशान हैं।

विधायक प्रतिनिधि हत्याकांड, वीडियो वायरल

अंबा और योगेंद्र साव ने कहा-करप्शन कैंसर की तरह बढ़ गया है

कहा- पुलिस ने 60-40 के तहत अपराधियों से सांठगांठ कर ली है और अवैध वसूली में लगी हुई है

विजेंद्र कुमार

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बड़कागांव विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर बाउरी की हत्या मामले में विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने अपनी ही सरकार को लताड़ लगायी है।

सोशल मिडिया में वायरल वीडियो में दोनों ने कहा है कि राज्य सरकार की पुलिस ही इस हत्याकांड में शामिल है। वहीहत्या करा रही है। करप्शन कैंसर की तरह फैल गया है, सरकार भ्रष्ट

अधिकारियों को हर जगह बैठा कर दोहन कर रही है। करप्शन के मामले में पूर्व की रघुवर सरकार को भी पीछे छोड़ दिया गया है। ये राज्य सरकार की विफलता है। सीओ, डीएसपी और एसपी अपराधियों से मिलकर वसूली कर रहा है। आये दिन गोली चल रही है। व्यापारियों को टारगेट किया जा रहा है। क्राइम पर कोई कंट्रोल नहीं है। हमारा प्रतिनिधि मारा गया। सरकार की बदनामी हो रही है। करप्शन जिस तरह से फैला है, इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार कितनी संवेदनशील है।

विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी और भुरकुंडा थाना प्रभारी अमित कुमार पर बरसते हुए कहा कि पुलिस ने 60-40 के तहत अपराधियों से सांठगांठ कर ली है। पुलिस अवैध वसूली में लगी हुई है। अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि दिनदहाड़े गोली मारने की घटना को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस पूरी तरह से निरंकुश हो गयी है। विधायक ने घटनास्थल से ही डीजीपी को फोन कर घटना की जानकारी दी। कहा कि जब से एसडीपीओ और थाना प्रभारी आये हैं क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में बढोतरी हो गयी है।

17 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रांची। राजधानी रांची रेलवे स्टेशन पर होली त्योहार के मद्देनजर हर जगह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान जीआरपी को सूचना मिली थी कि कुछ लोग गांजा की तस्करी कर रहे हैं, जिसके बाद शनिवार को रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 से जीआरपी एवं आरपीएफ का संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान रांची से दिल्ली जानेवाली गाड़ी में जानेवाले दो गांजा तस्करों को कुल 17 केजी गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया, जिन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

धनवार राजा के बाथरूम में संदिग्ध हालत में मिला दरबान का शव

आजाद सिपाही संवाददाता

पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है

गिरिडीह। जिले के धनवार थाना इलाके के धनवार के राजा साहब के दो मंजिला घर के दरबान सीताराम यादव का शव घर के बाथरूम में संदेहास्पद स्थिति में पड़ा मिला। वह टुंकलवी गांव का रहनेवाला था और कई महीनों से राजा साहब के यहां दरबानी करता था। दरबान का मामला हत्या का है या आत्महत्या का, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है, क्योंकि, मृतक के मुंह से खून भी निकल रहा था। लिहाजा, मामला हत्या से जुड़ा बताया जा रहा है। मृतक के पिता भुनेश्वर यादव ने भी बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया और धनवार थाना पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। माले नेता विनय कुमार ने कहा कि पिछले कई महीनों से जिले में हर कुछ दिनों में हत्या की घटना हो रही है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.6 °C	14.5 °C
सूर्यास्त (आज)	:	17.51 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.14 बजे

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in

आइएमए और झासा ने राज्य के हेल्थ वर्करों से भी समर्थन मांगा

1 मार्च से हड़ताल पर रहेंगे राज्य के डॉक्टर

हड़ताल के दौरान हॉस्पिटलों में केवल इमरजेंसी सर्विस चालू रहेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के सभी सरकारी और प्राइवेट डॉक्टर 1 मार्च से हड़ताल पर रहेंगे। रविवार को आइएमए और झासा की हुई संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया। गढ़वा में डॉक्टरों के साथ मारपीट की घटना को लेकर आंदोलन तेज कर दिया गया है।

गढ़वा में डॉक्टर पहले से ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इमरजेंसी की सेवाओं को छोड़ कर अब पूरे राज्य में आंदोलन की तैयारी है। डॉक्टरों का कहना है कि जामताड़ा, धनबाद, हजारीबाग की घटना के बाद भी सरकार की ओर से आरोपियों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिये जाने से वे आक्रोशित हैं।

डॉक्टरों के प्रति सरकार का रवैया उदासीन है। इसलिए उन्हें ऐसा कदम उठाना पड़ रहा है। आइएमए ने हजारीबाग में डॉक्टर के साथ मिसबिहैव की घटना के आरोपी अधिकारी डीडीसी को पद से हटाने की मांग की है। सिविल सर्जन ऑफिस गढ़वा में पिछले दिनों जेएमएम समर्थकों द्वारा सिविल सर्जन, सदर हॉस्पिटल डीएस और डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर के साथ गाली गलौज के बाद मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इसके विरोध में 25 फरवरी को गढ़वा में डॉक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दी। साथ ही मांग की गयी कि अगर 72 घंटे में दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जाती है, तो राज्यभर में आंदोलन किया जायेगा। इसी के तहत डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान हॉस्पिटलों में केवल इमरजेंसी सर्विस चालू रहेगी। आइएमए और झासा ने राज्यभर के हेल्थ वर्करों से भी समर्थन मांगा है, ताकि उनका आंदोलन कमजोर न पड़े।

प्रधानमंत्री मोदी से मिले राज्यपाल

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नयी दिल्ली में भेंट कर झारखंड राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। यह शिष्टाचार मुलाकात बतायी गयी है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

वृष कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

मिथुन कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी।

कर्क शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

सिंह राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

कन्या प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवाभगत में व्यस्त रहेंगे।

तुला संपत्ति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

वृश्चिक नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

धनु आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे, नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

मकर अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

कुंभ सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख।

मीन लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकते है।

संजय सेठ की अनुशंसा पर नागरिकों को दो माह में इलाज के लिए मिले 21 लाख

सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री राहत कोष से रांची के 10 नागरिकों को असाध्य रोग से उपचार के लिए आठ लाख रुपये की राशि प्रदान की गयी है। इस कार्य के लिए सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया है।

उपरोक्त सभी 10 असाध्य रोगियों और उनके परिजनों को सांसद संजय सेठ ने रविवार को अपने केंद्रीय कार्यालय में बुला कर चेक प्रदान किया। इनमें छह लोगों को एक-एक लाख और चार लोगों को 50-50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री राहत कोष से उपचार के लिए जिन्हें राशि मिली है, उनमें आशा देवी को एक लाख, राजकुमार सिंह को एक लाख, किशोर महतो को एक लाख, निवेदिता सिंह को एक लाख, अजीत चौधरी को एक लाख, नमिता सिन्हा को एक लाख, मानमति देवी को 50 हजार, रूपेश्वर चौधरी को 50 हजार, अंशु प्रिया को 50 हजार और अमित कुमार को 50 हजार की राशि प्रदान की गयी है। इस दौरान सेठ ने चेक लेने आये नागरिकों से उनके परिजनों का हाल-चाल लिया। सांसद सेठ ने कहा कि मेरी अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ने मेरे लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों के उपचार के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से राशि प्रदान की है, यह उनकी सहृदयता का परिचायक है। वहीं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से जनवरी 2023 से अभी तक लगभग दो महीने में पांच लोगों को 13 लाख रुपये की राशि प्रदान की गयी है। इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति सांसद संजय सेठ ने आभार जताया है। सांसद ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की सहृदयता है कि वह देश के एक-एक नागरिक का ख्याल रख रहे हैं और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष को जनता के लिए अधिक से अधिक उपयोगी बना रहे हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से रांची लोकसभा क्षेत्र के जिन नागरिकों को उपचार के लिए राशि स्वीकृत की गयी है, उनमें सृष्टि प्रिया को 3 लाख रुपये, श्रुति प्रियांशु तिर्की को 3 लाख रुपये, अंजली श्रीवास्तव को 3 लाख रुपये, स्वस्तिका लाल को 3 लाख रुपये और शहनाज बानो को 1 लाख रुपये की राशि प्रदान की गयी है।

शिवरात्रि के बाद पहली बार खोला गया बैद्यनाथ मंदिर का दानपात्र

देवघर। देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में देश के कोने- कोने से श्रद्धालु पहुंचते हैं। पूजा अर्चना करने के बाद स्वेच्छा से मंदिर प्रांगण में स्थित दानपात्र में चढ़ावा भी चढ़ा जाते हैं। इस दानपात्र में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा भी डाले जाते हैं। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं में कोई डॉलर तो कोई नेपाली रुपये और कोई बांग्लादेशी टाका भी चढ़ाते हैं। महाशिवरात्रि के बाद शनिवार को मंदिर प्रांगण में स्थित 18 दान पात्रों को खोला गया। मंदिर दंडाधिकारी सह जिला उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री के द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार सभी दानपात्रों से करीब 14 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ का दर्शन करने देश-विदेश में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस दौरान भक्तों ने पूजा के साथ-साथ दिल खोल कर दान भी किये।

दीपक प्रकाश, बाबूलाल सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात, कहा

मन की बात कार्यक्रम आम आदमी के दिलों को छूता है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 98 वां संस्करण रविवार को प्रसारित हुआ।

भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने आम जनता के साथ प्रदेश के सभी जिलों, मंडलों में बूथों पर कार्यक्रम को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने रांची महानगर जिलांतर्गत हरमू मंडल के बूथ संख्या 192 पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम अब जन की बात कार्यक्रम बन चुका है। प्रधानमंत्री के संबोधन में पूरा भारत एक माला की तरह पिरोया रहता है। आज देश की जनता और भाजपा के कार्यकर्ता हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले कार्यक्रम मन की बात का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने खिजरी में कार्यक्रम सुना

गिरिडीह जिले के कोदाई बांक गांव के बूथ पर विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मन की बात सुनी। उन्होंने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम आम आदमी के दिलों को छूता है। प्रधानमंत्री के संबोधन में भारत की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक सरोकारों और सांस्कृतिक पहचान की झलक दिखाई पड़ती है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची ग्रामीण जिला अंतर्गत खिजरी विधान सभा क्षेत्र के 192 नंबर बूथ पर कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि नये भारत की पहचान भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा से तो है ही परंतु अब प्रधान मंत्री के नेतृत्व में नया भारत डिजिटल भारत के रूप में तेजी से उभर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अब ई-संजीवनी एप चिकित्सा जगत में नयी क्रांति लेकर आया है।

भाजपा कभी भी स्वीकार नहीं, आदिवासियों का हित केवल कांग्रेस के साथ : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने भाजपा और आरएसएस को निशाने पर लिया। रायपुर में आयोजित कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने केवल और केवल शब्दों के मायाजाल में आदिवासियों सहित सभी लोगों को फंसा रखा है। उन्हें आदिवासियों के हित का ध्यान नहीं है। न ही आदिवासियों के लिए उन्होंने कोई काम किया है। इस दौरान अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य नेताओं की भी उपस्थिति रही।

पेसा, वनाधिकार कानून कांग्रेस की देन

श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस ने ही आदिवासियों के हित में पेसा कानून, जनजातियों के लिए उप योजना (ट्राइबल सब प्लान), वनाधिकार कानून आदि के साथ ही संविधान की पांचवीं और छठी अनुसूची के प्रावधान सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये। लेकिन अपने आठ-नौ वर्षो के शासनकाल में भारतीय जनता पार्टी ने केवल और केवल शब्दों के भ्रमजाल में आदिवासियों के साथ ही सभी को भरमाया है।

झारखंड में गर्मी की दस्तक, फरवरी में ही होने लगा गर्मी का एहसास

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में मौसम का मिजाज बदल रहा है। धीरे- धीरे ठंड जा रही है और गर्मी दस्तक देने लगी है। फरवरी के महीने में ही लोगों को जून का अहसास होने लगा है। दोपहर में तेज धूप पसीने छुड़ाने लगी है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी समय से पहले गर्मी ने दस्तक दे दी है। उन्होंने कहा कि ठंड राज्य से चली गयी है, राज्य के कई जिलों में पारा सामान्य से ऊपर है। अभिषेक आनंद ने कहा कि वैश्विक स्तर पर क्लाइमेट चेंज, पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने और पहाड़ों पर कम बर्फबारी के अलावा अलनीनो का प्रभाव और बरसात के बाद झारखंड में लंबे ड्राई स्पेल ऐसी वजहें हैं, जिसके कारण गर्मी समय से पहले आ गयी है। उन्होंने कहा कि अब 20 वर्ष पहले वाली रांची नहीं रही है। राजधानी बनने के बाद शहर में तेजी से कंस्ट्रक्शन, प्रदूषण, जंगल की सघनता कम होने की वजह से यहां का भी तापमान बढ़ा है।

सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप

हरियाणा की टीम को परास्त कर झारखंड ने पाया कांस्य पदक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। काकीनाड़ा (आंध्रप्रदेश) में आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2023 में झारखंड को कांस्य पदक मिला है। रविवार को तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गये मैच में हॉकी झारखंड की महिला टीम ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी हॉकी हरियाणा को 2-1 गोल से पराजित कर लगातार दूसरे वर्ष कांस्य पदक हासिल किया। पिछले वर्ष भी झारखंड टीम ने हरियाणा को ही पराजित कर कांस्य पदक पाया था। झारखंड टीम की ओर से इस मैच में रोशनी डुंगडुंग ने 25वें मिनट में तथा रेशमा सोरेंग ने 59वें मिनट में एक-एक फील्ड गोल किये। हॉकी हरियाणा की ओर से मैच के अंतिम क्षण में देविका सेन ने फील्ड गोल कर अंतर 2-1 कर दिया। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने पर अलबेला रानी टोप्पो को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

ये थी झारखंड टीम में

झारखंड टीम में अंजली बिंझिया, सोनल मिंज, रोपनी कुमारी, रीमा बखला, रेशमा सोरेंग, कौशल्या कुमारी, सम्मी बाड़ा, स्मिता मिंज, दीप्ति कुल्लू, दीप्ति टोप्पो, नीतू कुमारी, सुभाषी हेमरोम, काजल बाड़ा, अलबेला रानी टोप्पो, वेतन डुंगडुंग, एलिन डुंगडुंग, रोशनी डुंगडुंग, अलका डुंगडुंग शामिल थीं। कोच के तौर पर बिगन सोय और मैनेजर दुलारी टोपनो टीम के साथ थीं।

खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

रविवार के मैच में काकीनाड़ा स्टेडियम पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह, भारतीय टीम की चयनकर्ता असुंता लकड़ा के अलावा हॉकी झारखंड के विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार, अरविंद सिंह, रणधीर कुमार भी उपस्थित हुए और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। झारखंड टीम के कांस्य पदक जीतने पर भोलानाथ सिंह समेत अन्य ने पूरी टीम को बधाई दी।

दावा : झारखंड में लास्ट स्टेज पर नक्सल समस्या, बिना भय के आम जनता की पहुंच थाने तक हो

डीजीपी अजय सिंह बोले- लॉ एंड ऑर्डर में सुधार मेरी प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में नक्सल समस्या से निपटने के लिए सुरक्षा जवान लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहे हैं। पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने रविवार को कहा कि झारखंड में नक्सल समस्या अपने अंतिम चरण में है, क्योंकि सुरक्षा बल इस खतरे का सफाया करने के लिए लगातार नक्सिलयों के ठिकानों पर हमला कर रहे हैं।

अजय कुमार सिंह ने कहा कि हाल ही में सुरक्षा बलों ने झारखंड में 'नक्सल हॉटबेड एंड ट्रेनिंग सेंटर' के रूप में चर्चित बुड़ा पहाड़ को अपने कब्जे में ले लिया है। इस बुड़ा पहाड़ पर तीन दशक से नक्सलियों का कब्जा था।

उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में नक्सली समस्या अपने अंतिम चरण में है। जो कुछ बचा है, उससे निपटने की जरूरत है। हमारे पास इसे करने के लिए पर्याप्त मैन पॉवर और कुशलता है। हम नक्सल समस्या और कम करने में सक्षम होंगे।

पुलिस थाने को लेकर ना हो डर, यही कोशिश

सिंह ने आगे कहा कि पुलिस स्टेशन तक आम जनता की पहुंच

पुलिस तक बिना किसी परेशानी के हो। मेरी कोशिश रहेगी कि पुलिस थाने को लेकर डर पैदा न हो, बल्कि इसे एक सपोर्ट सिस्टम के रूप में देखा जाये। इससे काम में सुधार होगा। अजय सिंह 1989 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) अधिकारी हैं। उन्होंने इस महीने यानी फरवरी की शुरूआत में झारखंड के नये पुलिस महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। डीजीपी ने सिटी पुलिसिंग, कम्युनिटी पुलिसिंग और मानवीय संवेदनाओं वाली पुलिसिंग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'ये मेरे प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं। हम कम्युनिटी पुलिसिंग शुरू कर सकते हैं और महिलाओं के खिलाफ अपराध की जांच, वृद्धों को सहायता पर ध्यान देना चाहिए। मेरा प्रयास कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से जनता में विश्वास पैदा करना होगा। सिंह ने बताया कि पिछले तीन साल में नक्सली रीजनल समिति के सदस्यों, जोनल, सब जोनल और एरिया कमांडरों सहित कुल 31 नक्सलियों को मार गिराया गया, जबकि पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के सदस्यों सहित 1,319 को गिरफ्तार किया गया। नक्सलवाद से प्रभावित मुख्य क्षेत्रों में 44 नए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस स्थापित किये गये।

कानून व्यवस्था में सुधार लाना प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता न केवल नक्सल समस्या, बल्कि राज्य में समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार करना है। साथ ही संगठित अपराध के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करके अपराध में कमी लाना है। झारखंड में मॉब लिंचिंग और महिलाओं को डायन बताने को लेकर सवाल पर डीजीपी ने कहा कि आपराधिक दृष्टिकोण के अलावा एक सामाजिक पहलू भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। अगर जागरूकता हो तो इस तरह की चीजों को कम किया जा सकता है। हम स्थानीय लोगों, गांव के बुजुर्गों और समुदाय के अन्य नेताओं को भी भरोसे में लेंगे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in
04

श्री महावीर मंडल रांची ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री महावीर मंडल रांची ने रविवार को बड़ा तालाब स्थित श्री दुर्गा मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, डैम वानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, समाजसेवी रमेश सिंह, नकुल तिर्की, हिंदू जागरण मंच के सुजीत सिंह, श्री महावीर मंडल रांची के कार्यकारी अध्यक्ष राज किशोर उपस्थित थे।

समारोह की अध्यक्षता श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित और संचालन मंत्री कैलाश केसरी ने किया। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री राहुल सिन्हा चंकी ने किया। समारोह में आये श्री महावीर मंडल के सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओं का स्वागत मंडल के पदाधिकारियों के द्वारा अबीर-गुलाल लगाकर किया। समारोह में श्री मिश्रा ने सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओं का अभिवादन किया एवं सभी से श्री रामनवमी मोहत्सव 2023 को ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया। श्री मिश्रा ने सभी से श्री रामनवमी मोहत्सव 2023 की तैयारी शरू करने का आह्वान किया एवं होली के बाद प्रथम मंगलवार को मंगलवारी जुलूस की तैयारी करने का आह्वान किया एवं अपने-अपने अखाड़ा में झंडा स्थापित करने को कहा। समारोह में डॉ जीवाधन प्रसाद, राम अनुज सिंह, प्रकाश साहू, बृंद साहू, प्रकाश चंद्र सिन्हा, अमरदीप साहू, पीयूष आनंद, सुनील शर्मा, राकेश सिंह, सोनू भारद्वाज, श्रवण कुमार, ओम प्रकाश, आशीष बर्णवाल, शुभम केसरी, मनीष सिन्हा, धनराज साहू सहित अन्य अखाड़ाधारी मौजूद थे।

सख्ती : नगर निगम की ओर से फरमान जारी

ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया है तो कैंपस होगा सील

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी में किसी भी तरह के मार्केट या भवन में कारोबार करने के लिए ट्रेड लाइसेंस (म्यूनिसिपल लाइसेंस) लेना जरूरी है। लेकिन नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किये जाने के बाद भी दुकानदार और भवन मालिक गंभीर नहीं हैं। ऐसे लोगों से निपटने को लेकर रांची नगर निगम सख्त हो गया है। अब जिन दुकानदारों के पास ट्रेड लाइसेंस नहीं होगा, उनके कैंपस को सील कर दिया जायेगा। इतना ही नहीं,

झारखंड म्यूनिसिपल एक्ट 2011 के तहत कार्रवाई के साथ फाइन भी वसूला जायेगा

झारखंड म्यूनिसिपल एक्ट 2011 के तहत उन पर कार्रवाई के साथ फाइन भी वसूला जायेगा।

भवन मालिक करें सुनिश्चित

नगर निगम की ओर से फरमान जारी किया गया है। इसमें साफ कहा गया है कि जिन भवनों में दुकान या प्रतिष्ठान का संचालन हो रहा है, उसका ट्रेड लाइसेंस है या नहीं यह भवन मालिक को सुनिश्चित करना है। अगर किसी ने लाइसेंस नहीं लिया है तो उसे लाइसेंस लेने के लिए जागरूक करें, जिससे कि वे निगम की कार्रवाई से बच सकेंगे। नगर निगम की ओर से जारी नोटिस में यह भी कहा गया है कि शहर में जितने भी प्रतिष्ठान या दुकान हैं, उन्हें ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। वहीं अब लाइसेंस को डिसप्ले में लगा कर रखना है, जिससे कि लोगों को भी जानकारी मिल सके कि दुकान रजिस्टर्ड है। वहीं निगम की टीम के इंस्पेक्शन के दौरान इसकी जानकारी मिल सके। कारोबार के लिए नगर निगम से ट्रेड लाइसेंस जागरूक व्यवसायी ले रहे हैं। इससे रांची नगर निगम को चालू वित्तीय वर्ष में 2.5 करोड़ की वसूली हुई है, जबकि एक बड़ा तबका अब भी इससे दूर है। ऐसे सभी दुकानदारों और व्यवसायियों को लाइसेंस देकर उनसे राजस्व की वसूली की जायेगी, जिसका इस्तेमाल शहर के विकास में रांची नगर निगम करेगा।

जी-20 की बैठक 2 मार्च को रांची में, मडुआ खायेंगे और डोकरा ले जायेंगे डेलिगेट्स

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड आनेवाले जी-20 देशों के डेलीगेट्स के स्वागत की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 20 देशों के लगभग 60 डेलीगेट्स 1 मार्च को ही रांची पहुंच जायेंगे। विदेशी मेहमान यहां पर मडुआ से बने पकवान के साथ ही पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखेंगे। साथ ही उन्हें यादगार के तौर पर झारखंड की पारंपरिक वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट की जायेंगी। इन उपहारों को तैयार करने की जिम्मेदारी झारक्राफ्ट को सौंपी गयी है। सरकार की ओर से झारक्राफ्ट को जिन उपहारों का

20 देशों के लगभग 60 डेलीगेट्स होंगे शामिल

ऑर्डर दिया गया है, उनमें लगभग 140 पीस बुकमार्क डायरी, 100 सिल्क के बने पारंपरिक जैकेट, लगभग 200 पीस ट्रेडिशनल डोकरा फ्रेमिंग सहित अन्य वस्तुएं शामिल हैं। झारखंड में स्थानिक आयुक्त को ओवरऑल को-ऑर्डिनेशन के लिए नोडल अफसर नामित किया गया है।

1 से 4 मार्च तक पूरा होटल बुक

जी-20 की बैठक रांची के पांच सितारा होटल रेडिशन ब्लू में होगी। होटल के सभी कमरे 1 मार्च से 4 मार्च तक के लिए बुक कर दिये गये हैं। इस दौरान बाहरी लोगों का प्रवेश होटल में वर्जित रहेगा। राज्य सरकार द्वारा रेडिशन ब्लू के अलावा कुछ कमरे होटल बीएनआर में भी बुक कराये गये हैं। कुल सौ कमरे बुक कराये जा चुके हैं। विभाग की ओर से होटल को पूरा मेन्यू उपलब्ध करा दिया गया है। इसमें पारंपरिक व्यंजनों को प्राथमिकता दी गयी है।

पतरातू लेक जायेंगे, लगेगी विशेष प्रदर्शनी : 3 मार्च को जी-20 देशों के डेलीगेट पतरातू लेक का भ्रमण करेंगे। डेलीगेट्स पतरातू भ्रमण के दौरान सिल्क वैली देखने जा सकते हैं। इस दौरान रेडिशन ब्लू होटल से लेकर कांके रोड होते हुए पतरातू लेक तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। वहीं, पतरातू रिसॉर्ट में झारखंड की मुख्य पारंपरिक वस्तुओं और कला से संबंधित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में जिन चीजों को डिस्प्ले किया जायेगा, उन्हें स्थानीय कलाकार तैयार करेंगे। इसमें पेंटिंग्स की बिक्री भी की जायेगी। विदेशी मेहमान अपनी पसंद के अनुसार पेंटिंग्स खरीद सकेंगे।

मेन रोड की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण उच्च स्तरीय जांच हो: डॉ. प्रणव कुमार

रांची रिवोल्ट- जनमंच की मीटिंग में सभी सदस्यों ने घटना पर जताया आक्रोश, निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच की एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक रविवार को हुई। इसमें रांची और झारखंड के 147 प्रबुद्ध लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये और गहरा रोष प्रकट किया। बता दें कि राजधानी के मेन रोड के अंजुमन प्लाजा के समीप हुई दुर्घटना के बाद भीड़ ने 22 वर्ष के शिवांश की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इस बैठक में कहा गया कि घटना का समय और परिस्थिति देख कर यह कहा जा सकता है कि यह संदेहास्पद मामला है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही मंच ने बैठक में घटना से पहले उसी कार से टकरा कर हुई कर्बला चौक निवासी मो शमशाद की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया। वहीं दो घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बैठक में बोलते हुए सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक, भाजपा नेता, अधिवक्ता एवं समाजसेवी डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि दुर्घटना के वक्त उक्त गाड़ी के चालक को भीड़ ने मार डाला है। यह सीधे-सीधे मॉब लिंचिंग है। ऐसी घटनाएं न केवल दुर्भाग्यपूर्ण हैं, बल्कि इसमें लोगों की जान तो जाती ही है, लेकिन उससे कहीं ज्यादा राज्य की देश-दुनिया में बदनामी होती है। इस वर्चुअल मीटिंग में एक स्वर से सरकार एवं प्रशासन से इस मामले पर गंभीरता से विचार करते हुए अविलंब उच्च स्तरीय जांच का आग्रह किया गया। बैठक में संयोजक डॉ प्रणव कुमार बब्बू, कुमकुम गौड़, अशोक गौड़, स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, विजय दत्त पिंटू, अनुपमा प्रसाद, सुजाता भगत, प्रभात सहाय, विनय कुमार श्रीवास्तव, नदीम अख्तर, आशीष, मधु सिंह, अंजु बरवा, सुजाता मोदी, आयुषी प्रसाद, पीएन राम, ऋषिता, विकास कुमार, रणजीत कुमार, संतोष दीपक, नीतू सिंह, अभि जैन, मनोज कुमार गुप्ता, विनोद गोप, सुनील टोप्पो, आशीष कुमार ठाकुर, सूरज कुमार सिन्हा, नरेंद्र कुमार सिन्हा सहित अनेक सदस्यों ने आक्रोश के साथ अपने विचार व्यक्त किये।

सरला बिरला विश्वविद्यालय में युवा संसद आयोजित

जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रविवार को इंडियाज जी-ट्वेंटी प्रेसिडेंसी के उपलक्ष्य में वसुधैव कुटुंबकम थीम पर नेहरू युवा केंद्र रांची- झारखंड, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन तथा सरला बिरला विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। इस अवसर पर 56 स्थानों पर 200 मीटिंग आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने मिलेट वर्ष की चर्चा करते हुए मोटे अनाज के संरक्षण, संवर्धन एवं उनके उपयोग को बढ़ावा देने के बारे में प्रेरित किया। मिशन लाइफ के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए सभी से आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने भारत के जी-20 की अध्यक्षता की चर्चा करते हुए कहा कि अब अपना भारत विश्व गुरु बनने की राह पर चल पड़ा है। सरला बिरला विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने भारत की जी-20 की अध्यक्षता पर गौरवान्वित महसूस करते हुए नेहरू युवा केंद्र एवं खेलकूद मंत्रालय भारत सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए छात्रों को मजबूत, संगठित भारत निर्माण की दिशा में प्रयत्नशील होते हुए सभी को सहभागी होने की अपील की। नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराया। इस अवसर पर दो तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने क्लाइमेट चेंज के कारण, प्रभाव और उसके निदान के बारे में विस्तृत व्याख्या की। प्रदान एनजीओ की ओर से इकरा खान ने मोटे अनाज को बढ़ावा दिये जाने से संबंधित अपने प्रेजेंटेशन दिये। अद्वितीय तकनीकी सत्र में क्लाइमेट चेंज एंड मिशन लाइफ बाय स्टूडेंट जी-20 रिप्रेजेंटेटिव के द्वारा पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया तथा जी-20 छात्र प्रतिनिधियों द्वारा युवा संसद पैनल डिस्कशन ऑन सोशल इश्यूज पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीतू सिंघी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता गौरव अग्रवाल के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची के विधायक सीपी सिंह, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रदेश समन्वक डॉ ब्रजेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ संदीप कुमार, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ सुबानी बाड़ा, आशुतोष द्विवेदी, डॉ राधा माधव झा, प्रो अमित गुप्ता, डॉ नीतू सिंघी, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ आरोही आनंद, डॉ भारद्वाज शुक्ल, डॉ जीवा चिदंबरम, डॉ विद्या झा, डॉ मेघना घोष, चंद्रशेखर महथा, ओम प्रकाश, अशीष, गौरव चुघ, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक, पदाधिकारियों की सराहनीय भूमिका रही।

350 से भी अधिक श्याम भक्तों ने ध्वजा निशान श्री श्याम प्रभु को अर्पित किया

लहराते देखे हैं हमने श्याम निशान हजारों हारे का साथी यही है प्रेम से इनको पुकारो ...

श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा का आयोजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति रांची के तत्वावधान में रांची नगर में राजस्थान के खाटू श्रीश्याम जी की परंपरा अनुसार ही श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा का आयोजन किया गया। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी (विकास विद्यालय) से शुरू होकर श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा समर्पण के साथ समाप्त हुई।

खाटू धाम में यह परंपरा है कि श्याम भक्त बाबा श्याम की ध्वजा निशान यात्रा रींग्स से उठा कर 17 किलोमीटर की पदयात्रा कर बाबा श्री श्याम को समर्पित करते हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त श्री श्याम प्रभु के निशान को अपनी मन की बात कहता है और उसे सच्चे विश्वास से श्री श्याम प्रभु को अर्पित करता है, तो बाबा उन भक्तों की सारी मुरादें पूरी करते हैं। इसी परंपरा के अनुसार रांची में श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति द्वारा सुबह 6:00 बजे नेवरी (विकास विद्यालय) श्री दुर्गा मंदिर से 350 से भी अधिक श्याम भक्तों ने सभी निशानों ध्वजा की श्रद्धा पूर्वक पूजन कर एवं आरती के पश्चात सभी श्याम भक्त श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन निशानों को कंधे पर उठा कर श्री श्याम मंदिर रांची के लिए चल पड़े। 17 किमी तक श्याम प्रभु की मस्ती में झूमते-नाचते, रंग-गुलाल तथा भजन मंडली द्वारा गाये श्याम प्रभु के मधुर भजनों का आनंद लेते हुए श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में निशान चढ़ाया एवं प्रसाद ग्रहण किया। ध्वजा पदयात्रा बूटी मोड, बरियातू रोड, कचहरी चौक, गांधी चौक, अपर बाजार होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंची। 17 किलोमीटर के पूरे मार्ग में मारवाड़ी सहायक समिति अग्रवाल सभा, गो सेवा समिति सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा श्याम भक्तों का पुष्प की वर्षा कर स्वागत किया गया तथा अल्पाहार, शरबत एवं विश्राम करने की व्यवस्था की गयी।

श्याम भक्त श्री श्याम दरबार पहुंच कर अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच श्याम प्रभु का निशान अर्पित कर सभी ने श्याम प्रभु के मनोहरी स्वरूप के दिव्य दर्शन कर मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना की। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के श्याम भक्त अशोक लड़ियां, हरी शंकर परसरामपुरिया, ललित कुमार पोद्दार, रवि चौधरी, राजेश ढाढनिया, मनोज खेतान, आनंद चौधरी, अरुण राजगढ़िया, प्रवीण सिंघानिया, विष्णु चौधरी, रोहित अग्रवाल, हेमंत जोशी, संजय सर्राफ, निकुंज पोद्दार, संकी केडिया, प्रवीण अग्रवाल, संजय परसरामपुरिया, प्रमोद परशुरामपुरिया, गोपाल मुरारका, पवन शर्मा, अंकित सर्राफ, अंशुल सर्राफ, नीरज भट्ट, अजय खेतान, विजय खोवाल के अलावे बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष शामिल हुए। उक्त जानकारी समिति के संयोजक गोपाल मुरारका एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

महत्वपूर्ण न्यूज

महावीर मंडल रांची महानगर का चुनाव 3 मार्च को

रांची (आजाद सिपाही)। महावीर मंडल रांची महानगर की ओर से 3 मार्च को चुनाव और होली मिलन समारोह आयोजित है। महानगर के अध्यक्ष कुणाल आजमानी और महामंत्री मुनचुन राय ने बताया कि रामनवमी की तैयारियां जोरों पर है। इसके लिए पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया जायेगा। झांकी प्रतियोगिता और शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और रांची के जाने-माने कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। रांची के लोगों के लिए यह आकर्षण का केंद्र रहेगा। शहर के तमाम अखाड़ा धारियों को आमंत्रित किया जायेगा। संस्था की ओर से जो अखाड़ाधारी आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनकी मदद की जायेगी, ताकि जुलूस भव्य रूप से निकले।

बाबा विद्यापति स्मारक समिति का होली मिलन समारोह 5 मार्च को

रांची (आजाद सिपाही)। बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में एक आवश्यक बैठक कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 5 मार्च 2023 को समिति के कार्यालय में होली मिलन समारोह सह परिवार मिलन समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा। होली मिलन समारोह में रांची की प्रसिद्ध कीर्तन मंडली निर्भय झा एवं मुकेश झा के मंडली के द्वारा फगुआ गीत गाया जायेगा साथ ही सभी होली प्रेमी के लिए ठंडाई, भांग, मालपुआ, फ्राई चुरा, एवं फ्राई मछली की ब्यबस्था की गयी है। साथ ही बैठक में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा, महासचिव निर्भय कांत झा, सम्मानित अध्यक्ष मित्युंजय झा, भावेश चंद्र मिश्रा, संतोष मिश्रा, डॉ पंकज राय, शिवराम मिश्रा, मुकेश झा, रोहित कुमार, प्रवीण मिश्रा, कामेश्वर गिरी, भानु कच्छप, रमेश भारती, कृतेश झा, विनोदानंद झा, सुनील सिन्हा, श्याम किशोर चौबे आदि ने भाग लेकर बैठक को संपन्न किया। उक्त जानकारी समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा ने दी।

राज अस्पताल ने डोमचांच में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

रांची (आजाद सिपाही)। राज अस्पताल रांची की ओर से रविवार को डोमचांच में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और उनकी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का समुचित और सटीक उपचार मुहैया कराना था। इस विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में राज अस्पताल की तरफ से वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा निशुल्क परामर्श दिय गया। जिसमें अस्पताल के वरिष्ठ लेप्रोस्कोपी और गैस्ट्रो सर्जन डॉ आशीष कुमार मोदी, कैंसर रोग सर्जन डॉ पी के रैना, मूत्र रोग विशेषज्ञ एवं रोबोटिक सर्जन डॉ सुनील कुमार, छाती और फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ सुप्रवा चक्रबर्ती, इंटेंसिविस्ट एवं जनरल फिजिशियन डॉ प्रमोद कुमार यादव के अलावा कोडरमा जिले के जाने-माने चिकित्सक मुख्य नेत्र सर्जन डॉ सुनील कुमार मोदी, स्त्री प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ डॉ वर्षा मोदी, हड्डी रोग सर्जन डॉ विशाल कुमार तथा डोमचांच के ही फैमिली फिजिशियन डॉ विपिन कुमार ने हिस्सा लिया। स्वास्थ्य शिविर में 500 से भी ज्यादा मरीजों ने शिरकत की और इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। स्वास्थ शिविर में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श के साथ-साथ नि:शुल्क जांच एवं दवाइयों का भी वितरण किया गया।

एकल युवा के रक्तदान शिविर में 58 यूनिट रक्त एकत्रित

रांची (आजाद सिपाही)। हरमू रोड स्थित दिगंबर जैन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को हुआ। शिविर एकल युवा रांची, जेसीआइ उड़ान, जेसीआइ रांची, एनएचआरसीसी, पुरुषश्री, ब्राह्मण समाज, तेरापंथ युवा, मारवाड़ी युवा मंच महिला साखा, जीतो रांची, टीम हेल्प, टीम ग्रीन और अन्य कई संगठन मिलकर लगाया। एकल अभियान की इस शिविर में 58 यूनिट रक्त एकत्रित किया किया गया। शिविर में एकत्रित रक्त, सदर अस्पताल रांची में थैलेसीमिया का इलाज करा रहे बच्चों को जायेगा। इस शिविर के आयोजन के संयोजक प्रिया पोद्दार, अर्पित रूंगटा, रथिन वर्मा, सागर अग्रवाल, पूजा बगाड़िया, कीर्ति मारू, राधा झोलिया, अमन जैन, निपुण जैन, अरिहंत जैन, देवेश जैन, प्रियंका जालान, पूजा सरावगी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। यह जानकारी वनबंधु परिषद् के मीडिया प्रभारी कृति मारू ने दी।

सीएनटी /एसपीटी एक्ट के उल्लंघन पर सरकार अविलंब गंभीरतापूर्वक रोक लगाने की दिशा में कार्य करे: विजय शंकर नायक

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में हो रहे जमीन लूट सीएनटी /एसपीटी एक्ट में हो रहे घोर उल्लंघन पर सरकार अविलंब गंभीरतापूर्वक रोक लगाने की दिशा में कार्य करे, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उक्त बातें रविवार को झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में राज्य निर्माण के बाद से ही खासकर छोटानागपुर-संथाल परगना क्षेत्रों में जो जमीन लूट का सिलसिला शुरू हुआ। आज बदस्तूर जारी है उस पर सरकार गंभीरता दिखाए और इस दिशा में आवश्यक कार्य करने का काम करें नहीं तो कभी भी इसके गंभीर दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और हिंसक घटनाएं भी सरकार इसको अनदेखी नहीं करें। श्री नायक ने कहा कि जल्द ही जमीन बचाओ अभियान के तहत रांची में एक विशाल कार्यक्रम करने पर विचार किया जा रहा है और तिथि की भी घोषणा की जा चुकी है सिर्फ स्थान का चुनाव होना बाकी है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सीएनटी एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर जो जमीन अब तक लूटी गयी है उसे वापस दिलाने की भी दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रही है इससे ऐसा लगता है कि सरकार भी इन भूमि-माफियाओं के साथ मिली हुई है।

विधायक अंबा प्रसाद के बयान से राजनीतिक पारा बढ़ा, आजसू हमलावर

विधायक अंबा प्रसाद में राजनीतिक नैतिकता खत्म : रोशनलाल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। अपराधिक घटनाओं पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के बयान को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बडकागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने हास्यास्पद बताते हुये कहा कि पतरातु प्रखंड सहित पूरे जिले में विधि व्यवस्था चौपट है। पिछले एक महीने में अपराधियों द्वारा कई गोलीबारी एवं हत्या की घटनाएं हुयी हैं। उन्होंने पिछले दिनों आदिवासी युवक दिवंगत

मनोज मुंडा की हत्या एवं बीती रात्रि कांग्रेस कार्यकर्ता दिवंगत बिदका बावरी की हत्या की घोर निन्दा किया। बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद एवं पूर्व विधायक योगेन्द्र साव का बयान हास्यास्पद है। विधायक हेमंत सरकार की सहयोगी हैं वे रामगढ़ उपचुनाव में चुनाव प्रचार कर आमजनता के बीच हेमंत सरकार की तारीफ करती हैं और वहीं फिर इस सरकार से एनडीए की सरकार को बेहतर बताते हैं। इनकी राजनीतिक सुचिता खत्म हो गई है। अगर विधायक के पास जरा भी नैतिकता है तो फिर वे इस सरकार का समर्थन क्यों कर रहे । सिर्फ बयानबाजी से कुछ नहीं होगा।

सरकार से समर्थन लेकर हिम्मत दिखायें विधायक

विधायक अंबा प्रसाद एवं कांग्रेस को सरकार से समर्थन वापस लेना चाहिए। ड्रामेबाजी कर जनता को बेवकूफ बनाने वाली कार्यप्रणाली नहीं चलेगी। कांग्रेस समर्थित हेमंत सरकार के कार्यकाल में विधि व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। आए दिन अपराधिक घटनाये घट रही हैं। पिछले दिनों आदिवासी युवक दिवंगत मनोज मुंडा की हत्या एवम विभिन्न व्यवसायियों पर गोलीबारी की घटना सहित विभिन्न अपराधिक घटनाओं पर विधायक चुप्पी समझ से परे है। ईश्वर ऊनके परिजनों को इस दुःख को सहने की क्षमता प्रदान करें। पूरा क्षेत्र अशांत है लेकिन विधायक की राजनीतिक नैतिकता समझ से परे है। विधायक क्षेत्र के प्रति गंभीर हैं तो उन्हें इस सरकार का साथ छोड़ देना चाहिये।

चंद्रवंशी महासम्मेलन मार्च महीने से शुरू होगा

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश होली मिलन समारोह और प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि चंद्रवंशी समाज को मजबूत करने के लिए झारखंड के हर प्रमंडल में चंद्रवंशी महासम्मेलन मार्च महीने से शुरू होगा। इसके साथ ही बिहार पश्चिम बंगाल दिल्ली उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों में समाज को संगठित कर विशाल रैली का आयोजन की जायेगी झारखंड में चंद्रवंशी समाज को सीएनटी से मुक्ति राजनीतिक अधिकार और समाज के हक के लिए उग्र आंदोलन किया जायेगा। आज जरूरत पड़ी तो राजनीतिक दल बनाकर चुनाव भी लड़ा जायेगा होली के पावन अवसर पर समाज को एकजुट होने की अपील चंद्रवंशी नेकी इस अवसर पर होटल पार्क स्ट्रीट रांची में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने कहा कि झारखंड के 24 जिलों मैं सघन दौरा कर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा हर जिले में कम से कम 4000 सक्रिय सदस्य बनाये जायेंगे चंद्रवंशी समाज झारखंड सरकार के गजट में पिछड़ा वर्ग में नंबर वन पर आता है उसको दूसरे नंबर में करने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा है इसका झारखंड में जोरदार आंदोलन किया जायेगा। मार्च महीने में पलामू में राज्य स्तरीय चंद्रवंशी महासम्मेलन किया जायेगा। जिस के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी होंगे इस कार्यक्रम में 25000 से अधिक चंद्रवंशी शिरकत करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से राजेंद्र सिंह भोला चंद्रवंशी रविंद्र वर्मा संजय चंद्रवंशी पूर्णिमा चंद्रवंशी दिवाकर, जितेंद्र चंद्रवंशी, अजय सिंह, मंटू वर्मा, अनिल वर्मा, पप्पू वर्मा, गणेश सिंह, सुरजीत नागवाला, लखपति सिंह, जुगल जी सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

सोसोकलां में कुआं में डूबने से एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। थाना क्षेत्र के सोसो खुर्द गांव के एक कुवें से पुलिस ने एक शव बरामद किया है। शव की पहचान सोसो खुर्द गांव निवासी दिनेश मुंडा 45 वर्ष के रूप में पहचान की गयी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुवें से निकाल कर कब्जे में कर लिया है। बताया गया कि दिनेश गांव में हो खेती गृहस्ती का काम करते थे। संभावना जताया जा रहा है कि वो फिसल कर कुआं में गिर गये होंगे, जिससे कारण उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर है।

आदिवासी अधिकार महारैली की बैठक में विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आदिवासी अधिकार महारैली की समीक्षा बैठक विधायक चमरा लिंडा के आवास टुंडुल डोरया टोली में संपन्न हुई। समीक्षा बैठक में झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिला के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिनिधि मंडल का गठन किया गया। इन प्रतिनिधियों के द्वारा आदिवासी हित के 26 मुद्दों पर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से प्रतिनिधिमंडल भेंट करेंगी ।जो निम्नलिखित है- गुमला जिला से मोहरलाल उरांव, सुशील केर-केट्टा, राजेश खड़िया, पलासिदुयूस टोप्पो, विजय विल्सन कच्छप ,जेंगा उरांव, संजय उरांव,जय राम उरांव, सतीश उरांव, दिलीप बडाईक,सिमडेगा से प्रदीप टोप्पो, आलोक बागे लोहरदगा से शामिल उरांव ,बिट्टू उरांव,सुखदेव उरांव ,राधा तिर्की, हजारीबाग से सुशील ओड़िया ,महेंद्र बेक, चतरा से माइकल मुंडा, रांची से झरिया उरांव, प्रदीप तिर्की, संजय कुजुर, जीतू लिंडा, सुरेश तिर्की,किशोर लोहार, खूंटी से महादेव मुंडा , ललितेश्वर मुंडा ,दुबराज मुंडा, तोरपा से रोहित सुरीन, प्रेम प्रकाश टोपनो, जुनूल होरो, बुंडू से एतवा उरांव , कुलपति मुंडा, दुबराज सिंह मुंडा, चाईबासा से डॉ दिनेश चंद्र बोईपाई,निरंजन बोयपाई, रामराय बोयपाई बाबूलाल कोड़ा, बुधलाल पूर्ति , रामगढ़ से प्रकाश करमाली ,संतोष मुंडा, सुनील मुंडा ,छोटे लाल करमाली, जगनारायण बेदिया, घाटशिला से सिदो मांडी, दुमका से राजीव बास्के, राजेंद्र मुर्मू श्याम देव हेमरोम, जामताड़ा से श्यामसुंदर मरांडी, गोडा से विकास मुर्मू, देवघर से देवनाथ टूडू, अनित सोरेन, बुढ़मू से विष्णु देवा उरांव, राजकुमार उरांव,सुरेश तिर्की, संजय तिर्की सुखदेव उरांव, संजय तिर्की सिल्ली से काशी नाथ लोहरा दुबराज सिंह मुंडा, कर्रा से पीटर मुंडा, सुनील होरो, सुमन मुंडा, कर्मा मुंडा, मांडर से जतरू उरांव,परमेश्वर भगत, सुखदेव उरांव, प्रदीप उरांव,चान्हो से शनी उरांव, जयपाल भगत,शिवा उरांव आदि। उपरोक्त प्रतिनिधियों के द्वारा राष्ट्रपति भारत, प्रधानमंत्री भारत सरकार, गृह मंत्री भारत सरकार, रजिस्टार जनरल ऑफ इंडिया, उच्चतम न्यायालय, कल्याण मंत्री भारत सरकार, राष्ट्रीय जनजाति आयोग भारत सरकार, सीबीआई डायरेक्टर, राज्यपाल झारखंड, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार ट्राईबल एडवाइजरी काउंसिल, जनजातीय शोध संस्थान झारखंड ,झारखंड सरकार के मुख्य सचिव एवं सचिव, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त, उपायुक्त रांची से मिलकर आदिवासी हित में निहित प्रावधानों को लागू करने एवं नियमावली बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्पूर्ण झारखंड प्रदेश के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, कोल्हान, संथाल परगना के छात्रों का महासम्मेलन कर आदिवासी छात्र संघ का गठन किया जायेगा।

मौके पर ये रहे उपस्थित

इस समीक्षा बैठक में शिवराम कच्छप, आलोक बागे, संजय कुजूर, जतरू उरांव, संतोष तिर्की, संतोष मुंडा, प्रकाश करमाली, सुनील मुंडा, देवेंद्र तिर्की, डॉ. राम कुमार तिर्की, शामिल उरांव, महादेव मुंडा, सुखदेव उरांव, राधा तिर्की,डॉ दिनेश चंद्र बोईपाइ, जेंगा उरांव, सुनील तिर्की, सुशील तिर्की,जीतू लिंडा, सुरेश तिर्की, किशोर लोहार आदि उपस्थित थे।

अन्वी अस्पताल एवं अन्वी डेवलपमेंटल इंस्टीट्यूट ने पहली वर्षगांठ मनायी

रांची (आजाद सिपाही)। अन्वी अस्पताल एवं अन्वी डेवलपमेंटल इंस्टीट्यूट के द्वारा पहली वर्षगांठ मनाई गई। जिसके तहत हैल्थी बेबी शो का आयोजन किया गया। जिसमे 0 से पांच वर्ष के बच्चों का मेडिकल चेक उप के साथ साथ न्यूट्रिशनल अससेमेंट एवं ग्रोथ डेवलपमेंट अससेमेंट किया गया , जिसके तहत 0 - 6 महीने , 6 - १२ महीने, 1 साल - 3 साल, और ३ साल - 5 साल के बच्चों के बिच में 1, 2, 3, एवं सभी बच्चों को कॉन्सोलेशन पाराईजेस प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के माननीय वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उराव एवं मुख्य अतिथि के रूप में एवं सीनियर शिशु रोग विशेषज्ञय डॉ एस कात्यान विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुई। पुरस्कार वितरण सामारोह डॉ रामेश्वर उराव, डॉ एस कात्यान, अन्वी अस्पताल के डायरेक्टर डॉ रवि शेखर सिंह एवं सी इ ओ डॉ अंजलि आर सिंह के हाथो हुआ। इस कार्यक्रम में हरेक काटोगेरी में बेस्ट मदर का अवार्ड भी दिया गया। मुख्या अतिथि डॉ. रामेश्वर उराव ने अपने आशीष वचनों से सभी को मांगदर्शित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अन्वी परिवार के सभी सदस्यगण , विशेष कर के डॉ. संगीता सोनी , बिनीता वर्मा , समरेश सिंह, आदित्य मिश्रा, रवि, उज्ज्वल , संतोष अल्का , दीपू और असित का प्रमुख योगदान दिया। अन्वी अस्पताल के सी इ ओ डॉ अंजलि आर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अन्वी अस्पताल भविष्य में इस तरह कार्यक्रम और अवेरनेस प्रोग्राम जारी रकने का संकल्प लिया।

खुलेंगे मर्जर में बंद हुए सरकारी स्कूल

विभाग ने सभी उपायुक्तों से मांगी सूची, 4096 विद्यालय हुए थे मर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के विभिन्न जिलों में मर्जर के दौरान बंद हुए सरकारी स्कूल खोले जायेंगे। इसकी सूची उपायुक्तों से मांगी गयी है। इस बाबत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी उपायुक्तों को पत्र लिखा है। परियोजना निदेशक ने पत्र में लिखा है कि वर्ष 2016-17 और उसके बाद विभिन्न जिलों में 4096 विद्यालयों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा द्वारा निर्धारित मानक एक किलोमीटर के दायरे में एक प्राथमिक विद्यालय के स्थान पर एक से अधिक प्राथमिक विद्यालय रहने अथवा एक ही परिसर में एक से अधिक विद्यालय संचालित रहने के कारण प्रशासनिक एवं भौगोलिक रूप से मर्ज कर दिये गये हैं। इसी तरह ऐसे मध्य विद्यालय, जो निर्धारित तीन किमी की परिधि में एक से अधिक विद्यालय रहने और छात्र संख्या जिन विद्यालयों में नगण्य थी, वैसे विभिन्न जिलों के 527 विद्यालयों को अवक्रमित कर प्राथमिक विद्यालय बनाया गया। ऐसे मध्य विद्यालय, जो निर्धारित तीन किलोमीटर की परिधि में एक से अधिक विद्यालय रहने और जिन विद्यालयों में छात्र संख्या नगण्य थी, वैसे विभिन्न जिलों के 527 विद्यालयों को अवक्रमित कर प्राथमिक विद्यालय बनाया गया। विभागीय मंत्री के समक्ष विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया है कि इन मर्जर होनेवाले विद्यालयों में से कई ऐसे विद्यालय मर्ज हो गये हैं, जो भौगोलिक दृष्टिकोण से कठिन क्षेत्र में हैं। ऐसे विद्यालयों में मर्जर हो गया है, जहां मर्ज किये गये विद्यालयों के बच्चों को जाने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मर्ज/अवक्रमित किये गये विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को दुर्गम क्षेत्रों अथवा राष्ट्रीय/राज्य मार्गों को पार कर विद्यालयों जाना पड़ता है, जिसके कारण विशेष कर छोटे बच्चों एवं छात्राओं की सुरक्षा प्रभावित होती है। सभी जिलों के उपायुक्त छात्रहित में अपने जिले के वर्ष 2016-17 एवं उसके बाद मर्ज किये गये विद्यालयों की समीक्षा अपने स्तर से एक माह के अंदर कराते हुए यह देख लें कि अगर ऐसा कोई विद्यालय, जो पूर्व में मर्ज अथवा अवक्रमित किया गया हो और इस मर्जर के कारण संबंधित विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही हो, ऐसे विद्यालयों को चिह्नित कर इसकी सूची कारणों सहित निदेशक प्राथमिक शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि इस पर सरकार के स्तर से इन्हें पुनः खोलने के संबंध में विचार किया जा सके।

बालू के अवैध उत्खनन के खिलाफ चला अभियान

चतरा (आजाद सिपाही)। बालू के अवैध उत्खनन और तस्करी के खिलाफ पुलिस ने छापामारी अभियान चलाया। जिले के पत्थलगड़ा बीडीओ सह सीओ मोनी कुमारी और सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में पत्थलगड़ा के कई नदियों में छापामारी अभियान चलाया गया। इसी क्रम में पत्थलगड़ा और सिमरिया प्रखंड के सीमांत गांव तपसा के भुराही नदी में बालू लोड कर रहे हैं दो ट्रैक्टरों को पुलिस ने पकड़ा। दोनों ट्रैक्टरों से बालू की तस्करी की जा रही थी। दोनों ट्रैक्टरों को पुलिस जब्त कर प्राथमिकी के लिए सिमरिया थाना को सुपुर्द किया है। ट्रैक्टर के चेचिस, इंजन व रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उसके मालिक और ड्राइवर की पहचान की जा रही है। बालू तस्करी के सूचना के बाद प्रखंड प्रशासन अभियान चलाकर दोनों ट्रैक्टरों को जब्त किया है।

72 घंटे में घटना का उद्भेदन करे पुलिस वरना हजारों श्रद्धालु शांतिपूर्वक आंदोलन करेंगे: प्रतुल

मां उग्रतारा के महादरबार की दानपेटी से लाखों रुपये की चोरी से श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बताया कि मां नगर भगवती के महादरबार की दानपेटी की चोरी से भक्तों में भारी रोष है। घटना के सामने आने के 48 घण्टे बीत जाने के बाद भी अभी तक चोर गिरफ्त से बाहर है। प्रतुल ने कहा कि यह महादरबार लाखों लोगों की श्रद्धा का मुख्य केंद्र है। अनेक श्रद्धालुओं ने उनसे संपर्क किया और अपना गुस्सा

इजहार किया। श्रद्धालुओं की इच्छा के अनुसार पुलिस को और 72 घंटे का समय दिया जाता है ताकि वह घटना का उद्भेदन कर सके। अगर पुलिस अगले 72 घंटे में घटना का उद्भेदन नहीं करेगी तो श्रद्धालु अपने प्रजातांत्रिक अधिकारों के तहत शांतिपूर्वक धरना और प्रदर्शन का कार्यक्रम शुरू करेंगे। 2 मार्च को चंदवा थाने के बाहर धरना प्रदर्शन, 3 मार्च को लातेहार एसपी के कार्यालय के समक्ष धरना, 4 मार्च को उपायुक्त, लातेहार के कार्यालय के समक्ष धरना होगा। धरना प्रदर्शनों में महिलाएं भी बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगी। प्रतुल ने कहा श्रद्धालुओं को इस चोरी की घटना से गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि अतिशीघ्र अपराधियों की शिनाख्त कर उनकी गिरफ्तारी की जाए ताकि श्रद्धालुओं का गुस्सा शांत हो।

चतरा में दर्जन भर से अधिक चल रहे हैं अवैध नर्सिंग होम

मरीजों की जान के साथ किया जा रहा है खिलवाड़

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। कहते हैं कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होता है परंतु जब वही भगवान लोगों को जान लेने लगे तो आप ही सोचिए कि तब क्या होगा जी हां यह नजारा चतरा जिले में इनदिनों देखने को मिल रहा है, जहां गांव-, देहात से लेकर प्रखंड एवं जिला मुख्यालय में अवैध नर्सिंग होम का इनदिनों जाल बिछ चुका है । जहां न सिर्फ मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी धनराशि वसूली जाती है बल्कि ऑपरेशन के नाम पर मरीजों को गुमराह भी किया जाता है। नर्सिंग होम के आड़ में कई झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम छोटा बड़ा ऑपरेशन धड़ल्ले से कर रहे हैं । इस प्रकार से यदि देखा जाए तो नर्सिंग होम एक प्रकार का अच्छा मुनाफा देने वाला व्यवसाय बन चुका है और यह कारोबार चतरा जिले की धरती पर फल- फूल रहा है । ऑक्सीजन तथा खून का व्यवस्था नहीं रहने के बावजूद डॉक्टर के द्वारा मरीजों का पेट फाड़ दिया जाता है, यही कारण है कि मरीजों का आए दिन मौत की खबर चर्चा में होता है । आश्चर्य तो तब होता है जब इसके जांच के लिए गठित किया गया टास्क फोर्स का टीम के द्वारा इनके विरुद्ध किसी भी प्रकार का कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। कभी-कभी जब किसी मरीज का जान इन नीम हकीम के चक्कर में चला आ जाता है तब रस्म अदायगी के तौर पर उस नर्सिंग होम को सील करने का ढोंग रचा जाता है ।

इस मामले में सूत्रों का कहना है कि वैसे नर्सिंग होम जिसका की वैधता की तिथि समाप्त हो चुका होता है या फिर जो अवैध ढंग से संचालित है उन्हें स्वास्थ्य विभाग के एक पदाधिकारी को प्रतिमाह चढ़ावा के तौर पर पैसा देना होता है। इस प्रकार से सेटिंग वेटिंग का यह खेल चल रहा है। वैसे तो अवैध ढंग से संचालित नर्सिंग होम कमोबेश सभी प्रखंडों में देखा जा रहा है फिर भी इटखोरी प्रखंड के पीतीज का जवाब नहीं है जहां आधा दर्जन से भी अधिक संख्या में चतरा-इटखोरी मुख्य मार्ग पर खुलेआम चिर-फाड का कार्य होता है और नर्सिंग होम का बोर्ड भी लगा हुआ है।

सवाल तो यह भी है कि पर्दे के पीछे से इन्हें किसका संरक्षण प्राप्त है जो ये निर्भीक होकर नर्सिंग होम का अवैध ढंग से संचालन कर रहे हैं। दूसरा प्रश्न यह उठता है कि आखिर सिर्फ दो नर्सिंग होम पर ही कार्यवाही क्यों हुआ जबकि वरदान मेडिकेयर, डॉ विजय, डॉ विक्रम साव का भी नर्सिंग होम यहां संचालित। सूत्रों के अनुसार इटखोरी प्रखंड के एक एएनएम के द्वारा प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर गर्भपात कराने का कार्य पर्दे की आड़ में चल रहा है और इससे वह काफी पैसा भी कमाने में लगी हुयी है।

बहरहाल आगे देखना यह है कि प्रशासन का चाबुक अन्य अवैध नर्सिंग होम के विरुद्ध आगे भी जारी रहता है या फिर मामला समाप्त हो जाता है। फिलहाल पीतीज में सील हुए दोनो नर्सिंग होम के संचालक अभी काफी परेशान दिख रहे हैं स्वास्थ्य विभाग तथा प्रशासन से खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं ताकि इनका यह कारोबार फिर से शुरू हो जाये।

सब कुछ जान सुनकर भी जिला स्वास्थ्य विभाग आखिर क्यों है मौन : पीतीज में संचालित दो नर्सिंग होम को प्रशासन द्वारा सील किए जाने से नर्सिंग होम संचालकों में मचा हड़कंप।

जेएसएसपीएस के छह प्रशिक्षुओं का राष्ट्रीय महिला अंडर-17 टीम में चयन

रांची (आजाद सिपाही)। जेएसएसपीएस ने एक बार फिर राष्ट्रीय खेल परिदृश्य में अपना नाम अंकित करते हुए झारखंड वासियों के लिए खुशखबरी दी है. जेएसएसपीएस के 6 नवोदित प्रशिक्षुओं का राष्ट्रीय महिला अंडर-17 फुटबॉल टीम के लिए चयन हुआ है। इनमें इनमें अनिषा उरांव , निशिमा कुमारी ,बबीता कुमारी, ललिता बोयपाई ,संजना उराव और संगीता कुमारी शामिल है। अब यह सभी खिलाड़ी भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की जर्सी में नजर आयेंगी तथा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) सीसीएल और झारखंड राज्य सरकार की संयुक्त पहल है. इसके अंतर्गत राज्य भर से प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन कर विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाता है. खेलगांव स्थित इस संस्था द्वारा निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।गौरतलब हो कि जेएसएसपीएस के खिलाड़ियों ने सैकड़ों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक जीत कर राज्य और देश को गौरवान्वित किया है। सीसीएल अपने निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सामाजिक उन्नयन के लिए अनेक कार्यक्रमों का संचालन करता है जिससे समाज का उत्थान एवं सर्वांगीण विकास हो।

झारखंड पुलिस के जवानों से भरी बस नागालैंड में दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत, कई जवान घायल

रांची (आजाद सिपाही)। नागालैंड में झारखंड पुलिस के जवानों से भरी एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है, जिसमें कई जवान घायल हो गए है, जबकि बस चला रहे ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गयी है। बताया गया कि ड्राइवर नागालैंड के लोकल बस का चालक था, जिसकी बस दुर्घटना में मौत हो गयी। बस के ब्रेक फेल होने की वजह से यह सड़क हादसा हुआ। घटना के तुरंत बाद नागालैंड में हुई सड़क दुर्घटना की जानकारी झारखंड पुलिस के अधिकारियों को दे दी गयी। मिली जानकारी के अनुसार, जैप और आइआरबी के जवान बस में सवार थे। वे सभी नागालैंड चुनाव कराने के लिए झारखंड से गये थे। हादसे में ड्राइवर की मौत हो गयी है, वहीं कई जवान गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड के सभी जैप और आइआरबी के जवान नागालैंड के लोकल मिनी बस में सवार थे। सभी अपनी ड्यूटी पर थे। इसी बीच चलती बस अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

महंगाई के खिलाफ लड़ाई खत्म नहीं हुई

भारत के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जनवरी महीने के लिए जारी किए गए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) पर आधारित मुद्रास्फीति के अनुमानों ने इस उम्मीद को खत्म कर दिया है कि महंगाई के खिलाफ हमारी लड़ाई खत्म हो गयी है। नवंबर और दिसंबर के लिए मुद्रास्फीति की संख्या में कमी अल्पकालिक थी। जनवरी में भारतीय रिजर्व बैंक की ऊपरी सीमा से ऊपर 6.52 प्रतिशत पर मुद्रास्फीति के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए उच्च मुद्रास्फीति 6.85 प्रतिशत थी। हालांकि समग्र मुद्रास्फीति से अधिक यह खाद्य मुद्रास्फीति थी, जिसने कई लोगों को चौंका दिया, जबकि समग्र उपभोक्ता खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति दिसंबर माह में 4.2 प्रतिशत से बढ़ कर जनवरी में 6 प्रतिशत हो गयी। अनाज मुद्रास्फीति की दर 16 प्रतिशत से अधिक थी, जो नयी शृंखला को अपनाने के बाद से सबसे अधिक थी। ग्रामीण अनाज मुद्रास्फीति 17.2 प्रतिशत दर्ज की गयी, जो शहरी क्षेत्रों की तुलना में काफी अधिक थी। जहां यह दर 13.8 प्रतिशत थी। भारत की जनवरी की मुद्रास्फीति की संख्या उम्मीदों के विपरीत थी लेकिन वास्तव में यह आश्चर्यजनक नहीं है। हाल के मुद्रास्फीति प्रकरण की दो विशेषताएं हैं जो विशेष रूप से चिंताजनक हैं। सबसे पहले अनाज की मुद्रास्फीति एक चुनौती बनी हुई है। जो मुख्य रूप से गेहूं की कीमत से प्रेरित है, लेकिन यह दबाव अब अन्य खाद्य पदार्थों में फैल गये हैं, जबकि गेहूं की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जोकि पिछले एक दशक में एक रिकार्ड है। यहां तक कि पिछले कई महीनों में बढ़ती प्रवृत्ति के बीच चावल की मुद्रास्फीति भी 10 प्रतिशत थी। भोजन के भीतर अंडे और दूध ने भी 9 प्रतिशत की मुद्रास्फीति और बढ़ती प्रवृत्ति की सूचना दी। अंडे की महंगाई दर पिछले वर्ष अक्टूबर तक नकारात्मक थी, लेकिन तब से इसमें तेजी से उछाल आया है। दूसरी बात यह है कि जबकि खाद्य मुद्रास्फीति एक चुनौती बनी हुई है, तो मुद्रास्फीति अब अन्य वस्तुओं और सेवाओं तक फैल गयी है, जिसमें यह और अधिक व्यापक हो गयी है। परिवहन और मनोरंजन लगभग 9 से 10 प्रतिशत के संयुक्त भार के साथ 6 प्रतिशत से कम की मुद्रास्फीति दर वाला एकमात्र समूह था। शेष गैर-खाद्य समूह के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से अधिक वजन के लिए लेखांकन मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत या अधिक थी। कपड़े और जूते 9.1 प्रतिशत, ईंधन और प्रकाश 10.8 प्रतिशत, घरेलू सामान और सेवाएं 7.3 प्रतिशत पर थीं जबकि स्वास्थ्य 6.4 प्रतिशत, व्यक्तिगत देखभाल 9.6 प्रतिशत और विविध समूह 6.2 प्रतिशत पर था। घटते कृषि लाभ और स्थिर मजदूरी के बीच ग्रामीण अर्थव्यवस्था अभी भी संकट में है।

अनाज मुद्रास्फीति की दर 16 प्रतिशत से अधिक थी, जो नयी शृंखला को अपनाने के बाद से सबसे अधिक थी। ग्रामीण अनाज मुद्रास्फीति 17.2 प्रतिशत दर्ज की गयी, जो शहरी क्षेत्रों की तुलना में काफी अधिक थी।

अभिमत आजाद सिपाही

यूएस ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने नवंबर 2022 में कहा था कि यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के परिणामस्वरूप मारे गये लड़ाकों की संख्या 2 लाख की सीमा में हो सकती है। 40 हजार से अधिक यूक्रेनी नागरिक या इससे भी अधिक संख्या में लोग मारे गये थे। आक्रमणकारियों द्वारा स्पष्ट रूप से बलात्कार, यातना और अन्य अत्याचार एक और भयानक तथ्य हैं जो सत्य को स्थापित करने और अपराधियों पर मुकद्दमा चलाने के लिए निष्पक्ष अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक जांच चलायी जायेगी।

रूस-यूक्रेन युद्ध : न कोई जीता न कोई हारा

मनीष तिवारी

यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का एक साल पूरा हो गया है। यूएस ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने नवंबर 2022 में कहा था कि यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के परिणामस्वरूप मारे गये लड़ाकों की संख्या 2 लाख की सीमा में हो सकती है। 40 हजार से अधिक यूक्रेनी नागरिक या इससे भी अधिक संख्या में लोग मारे गये थे। आक्रमणकारियों द्वारा स्पष्ट रूप से बलात्कार, यातना और अन्य अत्याचार एक और भयानक तथ्य हैं जो सत्य को स्थापित करने और अपराधियों पर मुकद्दमा चलाने के लिए निष्पक्ष अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक जांच चलायी जायेगी।

लगभग 5 लाख या शायद इससे भी अधिक संख्या में लोगों ने रूस को छोड़ दिया है। ऐसा उन्होंने या तो आक्रामकता के विरोध के कारण या लामबद्ध होने से बचने के लिए किया है। लोगों को युद्ध लड़ने के लिए भेजा गया था, जिसमें वे विश्वास नहीं करते थे। यह याद रखना शिक्षाप्रद होगा कि यूक्रेन कभी 30 दिसंबर 1922 से 24 अगस्त 1991 तक तत्कालीन सोवियत संघ का हिस्सा था, जब सोवियत गणराज्य का विघटन शुरू हुआ था।

लगभग 5 लाख या शायद इससे भी अधिक संख्या में लोगों ने रूस को छोड़ दिया है।

यूक्रेन की स्वतंत्रता दुर्भाग्य से सोवियत संघ के उत्तराधिकारी देश रूस के लिए पहले दिन से ही समस्या बन गयी थी। सबसे पहले 1994 में बुडापेस्ट मैमोरंडम द्वारा इसका खंडन किया गया था, जब इसके परमाणु शस्त्रागार को छीन लिया गया था। विडंबना यह है कि जब यूक्रेन की परमाणु अप्रसार संधि को स्वीकार किया गया, तो इसकी क्षेत्रीय संप्रभुता के गारंटर में से एक रूस था। बुडापेस्ट मैमोरंडम के तहत यूक्रेन के परिग्रहण के संबंध में नियमानुसार कहा गया है : 'संयुक्त राज्य अमेरिका, रूसी संघ, यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड सीएससीइ (यूरोप में सुरक्षा व सहयोग पर आयोग) अंतिम अधिनियम के सिद्धांतों के अनुसार सम्मान के लिए यूक्रेन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।'

दूसरा सत्यनिष्ठा से यह भी कहा गया, 'संयुक्त राज्य अमरीका, रूसी संघ, ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ खतरे या बल के उपयोग से बचने के अपने दायित्व की पुष्टि करते हैं। उनके किसी भी हथियार का इस्तेमाल कभी भी यूक्रेन के खिलाफ नहीं किया जाएगा सिवाय आत्मरक्षा के या अन्यथा संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुसार।'

दुर्भाग्य से यूक्रेन की संप्रभुता पर आघात 2014 के बाद से लगातार लग रहा है, जिसकी शुरुआत दोनेत्स्क, लुहांस्क और क्रीमिया पर अवैध कब्जे के साथ हुई थी। 2014 और 2015 में मिंस्क प्रोटोकोल और मिंस्क-2 के रूप में जाने जाने वाले समझौते के एक और सैट पर रूसी समर्थित अलगाववादी समूहों के बीच लड़ाई को समाप्त करने के लिए हस्ताक्षर किये गये थे।

मिंस्क-2 समझौते की प्रमुख शर्तों में से एक पूरे संघर्ष क्षेत्र में यूक्रेन की सरकार द्वारा यूक्रेन की राज्य सीमा पर पूर्ण नियंत्रण की बहाली थी। फरवरी-मार्च 2014 में क्रीमिया पर जबरन विलय के लिए रूस द्वारा कोई स्पष्टीकरण भी पेश नहीं किया गया था, जिसे अंतर्राष्ट्रीय न्याय शास्त्र या सार्वजनिक राय की अदालत में किसी भी तरह की वैधता के साथ देखा जा सकता है। वर्तमान स्थिति पर वापस आते हुए आक्रामकता ने वास्तव में रूस के खिलाफ शक्ति संतुलन को झुका दिया है।

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) पहले की तरह समेकित हो गया है। नाटो सदस्यों से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार मांग करने और उनके बकाया का भुगतान करने की मांग के बाद जो गहरी खाई उभरी थी, वह यूक्रेन पर रूसी कार्रवाई से भर गयी है। नाटो देशों से हथियार, वित्त, रसद समर्थन और अन्य आपूर्ति स्वतंत्र रूप से खुले तौर पर यूक्रेन में प्रवाहित हो रही है।

बुखारेस्ट-9 नौ देशों का एक समूह है, जो नाटो के पूर्वी भाग का निर्माण करता है, जिसमें रोमानिया, पोलैंड, बुल्गारिया, चैक गणराज्य, एस्टोनिया, हंगरी, लातविया, लिथुआनिया, मोंटेनेग्रो, उत्तरी मैसेडोनिया, स्लोवाकिया, शामिल हैं, सबसे अधिक प्रभावित हैं। यह देश यूक्रेन के आक्रमण के बारे में असुरक्षित हैं। नाटो सैनिकों की तैनाती और हथियार प्रणाली के उन्नयन के साथ वहां की सुरक्षा को मजबूत और समेकित किया जा रहा है। फिनलैंड और स्वीडन जो शीत युद्ध के दौरान तटस्थ थे, स्वीडन की स्पष्ट तटस्थता द्वितीय विश्व युद्ध तक और भी आगे बढ़ रही थी। दोनों ने नाटो में शामिल होने के लिए आवेदन किया है।

वस्तुतः पूरे शीत युद्ध के दौरान फिनलैंड की विदेश नीति मित्रता, सहयोग और पारस्परिक सहायता वाली रही है। सोवियत संघ के विघटन के बाद कम हुई स्थिति के बावजूद फिनलैंड अभी भी रूस की चिंताओं के प्रति सचेत था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की कीव की नवीनतम यात्रा और यहां तक कि अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ यूक्रेन के पीछे दृढ़ता से खड़े होने से ऐसा नहीं लगता कि यूरोपियन एकता जल्द ही टूट जायेगी। इस युद्ध में अभी तक न कोई जीत पाया है और न ही हारा है।

सोवियत संघ के विघटन के बाद कम हुई स्थिति के बावजूद फिनलैंड अभी भी रूस की चिंताओं के प्रति सचेत था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की कीव की नवीनतम यात्रा और यहां तक कि अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ यूक्रेन के पीछे दृढ़ता से खड़े होने से ऐसा नहीं लगता कि यूरोपियन एकता जल्द ही टूट जायेगी।

जमशेदपुर की खबरें

रामगढ़िया की 300वीं जयंती पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं रामगढ़िया सभा के संयुक्त तत्वाधान में योद्धा महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया की 300वीं जयंती पर एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को साकची विश्वकर्मा टेक्निकल इंस्टिट्यूट में आयोजित शिविर में एसएसपी प्रभात कुमार,पूर्व विधायक कुणाल सारंगी शामिल हुए। रामगढ़िया सभा के सदस्यों ने अतिथियों को बुके एवं महाराणा जस्सा सिंह जी की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर अतिथियों के द्वारा फीता काटकर व द्वीप प्रजलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.उमेश प्रसाद, इएनटी डॉक्टर प्रीति पांडेय, फोर्टिस अस्पताल के जनरल फिजिशियन डॉ. एसजे. सिंह, दंत चिकित्सक डॉ राजेश शुक्ला, आहार विशेषज्ञ डॉ संचिता गुहा, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ आर के साह, डॉ अफसाना, चक्षु विशेषज्ञ नजमुल हसन, लैब टेकिनिशियन मो. इमरान और विजय कुमार ने रोगियों की जांच की। पीड़ितों को दवा भी निःशुल्क मुहैया कराया गई। इस दौरान जिन-जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना था उनका नाम्या स्माइल फाउंडेशन के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी निःशुल्क की गई। स्वास्थ्य जांच शिविर में 343 से ज्यादा लोगों ने जांच करवाई। जांच शिविर में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सभी लोगों की निःशुल्क जांच की गई।

इनकी रही मौजूदगी

मौके पर रामगड़िया सभा के अध्यक्ष केपीएस बंसल, सचिव ताजवीर सिंह कलसी, पूर्व अध्यक्ष अमरदीप सिंह, सतनाम सिंह भामरा, गोपाल सिंह भामरा सतविंदर सिंह बाबू, इंदरपाल सिंह, एनजेएस ओहसान, मनदीप सिंह सहमी, नाम्या स्माइल फाउंडेशन से सतप्रित सिंह, धवल सेठ, पूर्णेदु आचार्य, सुखविंदर सग्गू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मगध विश्वविद्यालय को हरा कर कोल्हान विश्वविद्यालय पहुंचा सेमीफाइनल में

कुशाग्र और भानु आनंद की धमाकेदार पारी, कप्तान ने जमाया अर्द्धशतक

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भुवनेश्वर के किट्स मैदान में खेले जा रहे पूर्वी क्षेत्र इंटर क्रिकेट प्रतियोगिता में कोल्हान विश्वविद्यालय ने मगध विश्वविद्यालय को रोमांचक मुकाबले में 26 रन से पराजित कर सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया है और कोल्हान विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। कोल्हान का अगला मुकाबला हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से 1 मार्च को होगा। विदित हो कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय पिछले साल प्रतियोगिता का उपविजेता रहा। कोल्हान विश्वविद्यालय ने इस मैच को अपने खिलाड़ियों के संतुलित प्रदर्शन से जीता। एक

बार टॉस हारकर कोल्हान विश्वविद्यालय ने बल्लेबाजी करना शुरू किया। शुरूआत से ही कोल्हान विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने मंसूबे साफ कर दिए थे। कप्तान अमरजीत सिंह और कुमार करण ने शानदार बल्लेबाजी की और बिना कोई विकेट खोए 10 ओवर में टीम का स्कोर 80 के पार पहुंचाया। लेकिन 44 के निजी स्कोर पर करण अपना विकेट गंवा बैठे और मात्र 6 रन से वह अर्धशतक लगाने से चूक गए। कप्तान अमरजीत टीम के 96 के स्कोर पर अपना विकेट गवां बैठे। अमरजीत ने 51 रन की शानदार पारी खेली। इसके बाद भानु आनंद और कुमार कुशाग्र ने 150 रनों से अधिक की साझेदारी की. कुमार कुशाग्र ने 200 के स्ट्राइक रेट से मात्र 35 गेंदों पर 71 रनों की शानदार पारी खेली जिसमें 4 छक्के और 6 चौके शामिल थे। वही भानु आनंद ने 45 गेंदों पर 84 रन की पारी खेली, जिसमें 3 छक्के और 8 चौके शामिल थे। इसी के साथ कोल्हान निर्धारित 25 ओवर में 250 का आंकड़ा पार कर दिया और मगध विश्वविद्यालय को जीत के लिए 25 ओवर में 251 रनों का लक्ष्य दिया। मगध विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने रन रेट को बरकरार रखने का प्रयास किया लेकिन समय-समय पर लगे झटके से मगध विश्वविद्यालय ऊबरने का कोशिश करता रहा।

प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन

लगभग डेढ़ सौ पत्रकार हुए शामिल, मंत्री ने किया पुरस्कृत

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिले के प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष प्रशांत सिंह पुतुल के नेतृत्व में ग्रामीण व शहरी पत्रकारों के लिए पहली वार राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को बिष्टुपुर स्थित राइफल क्लब में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता विशिष्ट, अतिथि टाटा स्टील के मुकुल चौधरी, सम्मानित अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के मनोज कुमार सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर राइफल क्लब के स्टेट सेक्रेटरी उत्तम चंद्र,स्टेट व जमशेदपुर राइफल क्लब के अध्यक्ष दिवाकर सिंह,जमशेदपुर राइफल क्लब के सेक्रेटरी जैस अमीन उपस्थित रहे। मौके पर प्रेस क्लब जमशेदपुर के सदस्यों द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता एवं शॉल देकर सम्मानित किया। शूटिंग प्रतियोगिता में राइफल क्लब के पदाधिकारियों ने पत्रकारों को शूटिंग प्रतियोगिता में कई अहम जानकारी दी। इस अवसर पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लगभग डेढ़ सौ पत्रकार शामिल रहे। मौके पर प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष प्रशांत सिंह पुत्र ने बताया पत्रकारों के लिए बीते दिनों गोपाल मैदान में 10 दिवसीय मीडिया कप का अयोजन किया गया था। उसके बाद पहली बार पत्रकारों के लिए राइफल शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। मंत्री बन्ना गुप्ता भी पत्रकारो के साथ शूटिंग प्रतियोगिता का आनंद उठाये। वही पत्रकारों ने राइफल से निशाना साध कर शूटिंग के रोमांचित अनुभव का एहसास किया। उन्होंने बताया पत्रकार का जीवन हमेशा दौड़ भाग और तनाव में गुजरती है। ऐसे में उनकी एकाग्रता और तनावमुक्त के लिए शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया राइफल क्लब के सहयोग से इसका आयोजन संभव हो पाया।

लगभग डेढ़ सौ पत्रकार शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लिए। प्रतियोगिता में 25 अंक लेकर प्रथम स्थान पर ललित कुमार, 19 अंक प्राप्त कर विनय पूर्ति द्वितीय स्थान पर, वही तृतीय स्थान पर सुमन कुमार ने 18 अंक प्राप्त की। सभी प्रतिभागियों को मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा पुरस्कृत किया गया। वही 10 पत्रकारों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पहुचे मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर का जमकर सराहना की। साथ ही राइफल क्लब के द्वारा सहयोग के लिए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। पत्रकारों के द्वारा पूछे गए सवाल पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने हस कर बोले 2024 के चुनाव मैदान में निशाना साधने कोई बात नहीं है। मामले में जनता ही तय करेगी। उन्होंने बताया एक जनप्रतिनिधि के लिए क्षेत्र की जनता ही सर्वोपरि है। जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में जनता के लिए जनता की सुविधा अनुसार कार्य किया जा रहा है। ताकि क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर मनोज सिंह, मोहम्मद अकबर, ऋषभ, इन्तु, पिंटू सिंह, रोहित कुमार, राजेश सिंह, आनंद राव, महेंद्र साह, पीयूष मिश्रा, चाणक्य, नवीन कुमार, जयेश कुमार सहित सैकड़ों पत्रकार शामिल रहे।

भाजपा कदमा मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

कार्यकर्ता बूथों को करें मजबूतः परमा सिंह

जमशेदपुरः कदमा रामजनम नगर सामुदायिक भवन में भाजपा कदमा मंडल की एक बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य परमा सिंह व महानगर महामंत्री अनिल मोदी उपस्थित थे। इस दौरान संगठनात्मक पहलुओं पर विशेष चर्चा की गयी। परमा सिंह ने कहा कि बूथ को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी बूथों पर 50 लोगों की टीम बनाने का कहा। साथ ही बूथों पर

कार्यकर्ताओं के बीच आपसी तालमेल होना जरुरी है। इसके अभाव में हम कमजोर पड़ सकते है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रम्हदेव शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष ललन चौहान, महामंत्री अजय झा, अमरेंद्र मल्लिक, रमेश बास्के, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश सोनकर, शेखर कुमार, प्रेम कुमार, भोला शर्मा, सुरेंद्र राय, कमल कुमार, कार्तिक गोप, शोभा श्रीवास्तव, निर्दोष वर्मा, कृष्णा देवी, केएन ओझा, डीएन सिंह, विक्की यादव, राजाराम, गणेश भूमिज, बिनोद रजक, रेणु झा, निर्मला देवी, खुशी ओझा, अमित मंडल, तापस सरकार, संजय शर्मा, संजय सिंह, राजेश सिंह, अभिषेक सिंहा, मनोज सिंह, यशवंत सिंह, प्रमोद कुमार, मोहन दूबे, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन राजेश सिंह एवं संचालन अजय झा ने किया।

महत्वपूर्ण न्यूज

थाना प्रभारी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की अपराध नियंत्रण एवं लंबित कांडो की समीक्षा

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने रविवार को अपने कार्यालय में थाना के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध पर नियंत्रण एवं लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने कर्मियों की समस्याओं को जानने का प्रयास किया। तदोपरांत उन्होंने अपराध रोकने को लेकर कई निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिये। उन्होंने थाना में पूर्व से लंबित सभी मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। क्षेत्र में होने वाली छोटी-बड़ी हर घटना पर ध्यान देते हुए समुदाय के सहयोग से त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों ने भी पूर्व से लंबित सभी कांडों का जल्द ही निष्पादन करने की प्रतिबद्धता दुहराई। इस मौके पर एएसआई फिलीप टोपनो, अभिमन्यु सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक में बंशीधर नगर प्रखंड कमेटी का किया गया विस्तार

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक रविवार को अनुमंडल अध्यक्ष इंदल सिंह के आवास पर आयोजित की गयी। जिसमें बंशीधर नगर प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में शैलेंद्र प्रताप देव, सचिव के रूप में देवेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष के रूप में विपिन सिंह, उपाध्यक्ष नीलू सिंह, विकास प्रताप देव, जितेंद्र सिंह, वहीं मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह को बनाया गया है। मौके पर संरक्षक चंद्रशेखर सिंह, ललन प्रताप देव, अनुमंडल उपाध्यक्ष चंचल प्रताप देव, सचिव बंगाली, चंदन सिंह, निरंजन सिंह, रिशु सिंह, रूपेश सिंह, विकास सिंह, हिमांशु प्रताप देव, राकेश सिंह, आशुतोष सरन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

इम्तेयाज इलेवन, सादिल मोटर्स और स्मार्ट लुक्स ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रीमियर लीग के अंतर्गत शनिवार को खेले गए पहले मैच में इम्तेयाज इलेवन की टीम ने नवादा को 26 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इम्तेयाज इलेवन ने निर्धारित 12 ओवरों में 148 रन बनाए जिसमें टीम के कप्तान इम्तेयाज ने शानदार 60 रनो का योगदान दिया जबकि वसीम ने ताबरतोड़ 8 गेंदों में ही 32 रन बना डाले। जवाबी पारी खेलने उतरी नवादा की टीम 122 रनो पे ही सिमट गई। दीपक ने 40 रन बनाए। उज्जवल ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट प्राप्त किए। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए उज्जवल को डॉक्टर इरफान आलम द्वारा मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरे मैच में सादिल मोटर्स की टीम ने 150 रनो का पहाड़ सा स्कोर खड़ा कर डाला। इस लक्ष्य को गढ़वा पुलिस लाइन हासिल करने में नाकामयाब रही। सोनु ने 37 और विष्णु ने 32 रन बनाए जबकि भरत ने 3 विकेट लिए। पुलिस लाइन की टीम निर्धारित ओवरों में 125 रन ही बना पाई। राकेश ने 35 रन बनाए वही सहबाज को 3 सफलता प्राप्त हुई। अच्छी गेंदबाजी के लिए सहबाज को मैन ऑफ द मैच चुना गया।दिन के आखरी मैच में स्मार्ट लुक्स की टीम ने मिंशू इलेवेन की टीम को 19 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मार्ट लुक्स ने 12 ओवरों में सिर्फ 79 रन ही जोड़ पाए। लेकिन इस आसन से लक्ष्य को स्मार्ट लुक्स के गेंदबाजों ने अपनी शानदार गेंदबाजी के बल पे पहाड़ सा बना दिया और मिंशु इलेवन इसे हासिल करने में असफल रही। मिंशु इलेवन के 6 बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल पाए। और पूरी टीम महज 60 रनो पे ही ऑल आउट हो गई। मंगल और तिवारी ने 3-3 विकेट लिए। मंगल को बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

उपलब्धि : क्लिनिक ऑन स्क्रीन में तीन सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों ने किया इलाज का आगाज

गढ़वा में अब एक ही छत के नीचे होगा कई जटिल रोगों का इलाज

क्लनिक ऑन स्क्रीन में आकर अपना बहुमूल्य समय देने वाले चिकित्सकों को डॉ पंकज प्रभात एवं डॉ कुमार निशांत सिंह ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा का क्लीनिक ऑन स्क्रीन जटिल रोगों के इलाज का हब बनता जा रहा है। रविवार को नये तीन सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों ने क्लीनिक ऑन स्क्रीन में कई रोगों के इलाज का आगाज किया।

डायबिटीज, थायराइड रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर अंगद कुमार ने कई मरीजों का इलाज किया। उन्होंने कहा कि इंसुलिन की कमी से लोग डायबिटीज का शिकार बन रहे हैं। इस रोग से बचने के लिए लोगों को अपने खानपान में सुधार लाना होगा। उन्होंने कहा कि शरीर से इंसुलिन बनना बंद हो जाता है तो उसके लिए जीवन भर दवा खानी पड़ती है। मोटापा, रहन-सहन और अनियमित खानपान इस रोग के प्रमुख कारण बनते हैं। लोगों को इस पर काबू पाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जैसे पिछड़े क्षेत्र में इलाज का बड़ा सेटअप खड़ा कर क्लिनिक ऑन स्क्रीन ने बड़ी लकीर खींची है। बेशक यह चिकित्सा संस्थान विभिन्न जटिल रोगों के इलाज के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

वहीं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेश मोहन शुक्ल ने भी कई रोगियों का इलाज किया। उन्होंने किडनी, प्रोस्टेट, पथरी रोग को जटिल बताते हुए इसके प्रति सचेत रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि क्लिनिक ऑन स्क्रीन में इलाज की समुचित व्यवस्था है। इस क्षेत्र के लोगों के इलाज के लिए यहां किये जा रहे प्रयास दूसरों को जीवन बचाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि प्रोस्टेट की रोगियों की संख्या उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती रहती है। ध्यान नहीं देने पर प्रोस्टेट की बीमारी कैंसर में बदल जाती है। जो जीवन को तबाह करने पर उतारू हो जाती है। उनका प्रयास लोगों को उस स्टेज तक जाने से रोकना है। साथ ही मरीजों को प्रोस्टेट सहित अन्य रोगों से मुक्त करना है।

चर्म रोग की सुपर स्पेशलिस्ट डॉ मीनूश्री भी आज क्लिनिक ऑन स्क्रीन पहुंची। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आकर मरीजों की सेवा करना मैं सौभाग्य की बात समझूंगी। अब वह प्रति माह यहां आकर मरीजों का इलाज करेंगी।

क्लनिक ऑन स्क्रीन में आकर अपना बहुमूल्य समय देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित करने के लिए गढ़वा जिले में चोटी के दो चिकित्सक हृदय रोग के इलाज में डीएम की उपाधिधारक, कार्डियो विशेषज्ञ एवं प्रभात मेडिकल सेंटर के निदेशक डॉ पंकज प्रभात और सुप्रसिद्ध लेप्रोस्कोपिक सर्जन सह परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के निदेशक सह संचालक डॉ कुमार निशांत सिंह क्लिनिक ऑन स्क्रीन पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों का गढ़वा में आगमन से यहां के लोगों की चिकित्सा सुलभ हो रही है।

मौके पर क्लिनिक ऑन स्क्रीन के संचालक प्रदीप सिंह, गुड्डू पांडेय, रामशंकर सिंह, प्रियम सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रकाश तिवारी, अंकित सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

गढ़वा सदर अस्पताल में चिकित्सकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरायी, मरीजों को करना पड़ रहा है इलाज में कठिनाई का सामना

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। सदर अस्पताल में लगातार तीसरे दिन भी स्वास्थ्य सुविधा पूरी तरह से बंद रही। सभी डॉक्टर धरने पर बैठे हुए हैं। वहीं सिविल सर्जन के द्वारा बताया गया कि लगातार तीसरे दिन भी हम सभी मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं, तो वहीं इस पर वातालांप हो रही है। जिला प्रशासन की ओर अभी तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला है और हम अभी धरना पर बैठे हुए हैं। दोनों तरफ से एफआईआर के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हुई है और ना ही किसी पर कोई कार्रवाई हुई है, किंतु हम सभी चिकित्सकों के द्वारा लगातार इमरजेंसी सेवा दी जा रही है। अगर आगे चलकर बात नहीं बनती है तो हम सदर अस्पताल कैंपस में टेंट लगाकर ओपीडी सेवा सभी डॉक्टरों के साथ चालू कर करेंगे, ताकि दूरदराज से आये मरीजों का इलाज संभव हो सके और लोग वापस बिना इलाज कराये पैसा खर्च कर घर नहीं जायें।

मौके पर डॉ निशांत कुमार सिंह, डॉ पंकज प्रभात, डॉ टी पीयूष, डॉ अमित कुमार और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक में सभी उपजाति के अध्यक्षों ने अपनी-अपनी बातों को रखा

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के द्वारा गढ़वा जिला की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर की अध्यक्षता में ज्योति श्री पिक्चर प्लेस गढ़वा में हुई। जिसमें गढ़वा वैश्य समाज के 25 उपजातियों के अध्यक्ष एवं महामंत्री शामिल हुए। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय चौधरी के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित सभी उपजातियों के अध्यक्षों ने अपनी-अपनी बातों रखा। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा कि सभी समाज को एकजुट होना बहुत जरूरी है। वैश्य समाज के हर समस्या के लिए मैं 24 घंटे खड़ा रहूंगा। महासभा की टीम को पंचायत से लेकर प्रदेश तक संगठित करने की जरूरत है। हम सभी लोगों को अपने हक और अधिकार के लिए आगे आने की जरूरत है। आज हम सभी को अपनी संख्या के अनुसार अधिकार नहीं मिल रहा है। जब तक हम सभी एकता का परिचय नहीं देंगे, संगठित होकर नहीं रहेंगे हमें अपने अधिकार लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। आये दिन लूट, हत्या, रंगदारी, कमजोर वर्गों की जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा, ऐसी समस्या से समाज ग्रसित है। समाज के निचले स्तर के व्यक्ति को लाभ पहुंचाकर समाज को अग्रणी शिखर पर पहुंचाने का काम करेंगे। मौके पर सुरेंद्र जायसवाल, रविंद्र जयसवाल, उमेश कश्यप, राजकुमार मद्धेशिया, विनोद जयसवाल, दौलत सोनी, उमेश अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, जितेंद्र कमलापुरी, पूनमचंद कांस्यकार, चन्दन केसरी, उमेश अग्रवाल, बबलू जायसवाल, कंचन साहू, सत्येंद्र कुमार उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर युगल किशोर प्रसाद ने किया।

विद्युत विभाग ने 600 फर्जी मीटर एवं 2700 मी. वायर के साथ दो को पकड़ा

पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी : जेई गुणवंत कुमार

आदाग सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। विद्युत विभाग ने विद्युत मीटर के काले कारोबार पर सर्जिकल स्ट्राईक की है। विभाग ने यहां पुरैनी निवासी ओमप्रकाश प्रसाद के मकान से 600 विद्युत मीटर एवं 2700 मीटर केबल जब्त किया है। साथ ही दो कर्मियों को भी पकड़ा है। जब्त किये गये विद्युत मीटर एवं केबल का बाजार मूल्य लगभग तीन लाख रुपये आंका गया है। जेई गुणवंत कुमार ने बताया कि गढ़वा जिले में इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाने का कार्य एचपीएल इलेक्ट्रिक एण्ड पावर लिमिटेड गुरुग्राम हरियाणा को मिला है। उन्होंने बताया कि एचपीएल के द्वारा केटकी को पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर काम दे दिया गया है। उक्त कंपनी के द्वारा गांव-गांव में मीटर लगाया जा रहा है।

जेई ने बताया कि एचपीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर नीरज कोटियाल एवं शुभम कुमार के द्वारा सूचना दी गई कि क्षेत्र में फर्जी तरीके से एक कंपनी के द्वारा मीटर लगाये उन्होंने बताया कि कर्मियों से जब्त किये गये मीटर से संबंधित कागजात की मांग की गई तो कर्मियों के द्वारा मीटर से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि जब्त किये गये विद्युत मीटर एवं केबल को विद्युत कार्यालय में रखा गया है। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

उधर फर्जी मीटर के साथ पकड़े गये कर्मियों ने बताया कि वे लोग विद्युत संवेदक राजेश सिंह जो रांची के रहने वाले हैं उनके कर्मी हैं। उन्हें यहां मीटर लगाने का काम मिला है। इसलिये पांच दिन पूर्व वे लोग मीटर लाकर यहां रखे हैं।

रेड क्रॉस सोसाइटी के शिविर में 17 लोगों ने किया रक्तदान

मेराल थाना प्रभारी, थाना इंचार्ज सहित पांच जवानों ने किया रक्त महादान

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। प्रखंड मुख्यालय के डंडई रोड स्थित किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में रविवार को रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों के साथ 17 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, सचिव डॉ जेपी सिंह, डॉ पतंजलि केसरी, सह सचिव नंद कुमार गुप्ता, मेराल थाना के प्रभारी इंचार्ज अजीत कुमार, सीएचसी मेराल के प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ अनिल कुमार साव, अब्दुल मन्नान आदि ने संयुक्त रुप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सतरह यूनिट रक्तदान हुआ। उस मौके पर अतिथियों तथा पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार ने नव युवकों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमें बिना किसी डर के दूसरों के जीवन को बचाने के लिए रक्तदान करना चाहिए।

शिविर में मेराल थाना के प्रभारी इंचार्ज अजीत कुमार, हवलदार वीरेंद्र राम, सिपाही अरविंद कुमार दुबे, आशुतोष महतो, राजू कुमार दुबे, कॉलेज के डायरेक्टर लव कुमार सिंह, मुकेश कुमार रवि, संदीप कुमार सुमन, मोहम्मद साजिद अंसारी, ऋषिकेश विश्वकर्मा, सुंदर दास, रामजी सोनी, पंकज कुमार जायसवाल, राहुल कुमार, मनीष केसरी, राकेश कुमार एवं डॉ लाल बहादुर साह शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन नंद कुमार गुप्ता तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनिल साह के द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में मेराल व्यवसाई संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन कुमार सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं तथा गणमान्य लोग शामिल थे।

शिविर को सफल बनाने में कॉलेज के प्रधान सहायक रामाकांत प्रसाद, प्रिंस कुमार, लव कुमार विश्वकर्मा, दिलीप कुमार, अवधेश शर्मा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

धोखाधड़ी मामले में छह साल से फरार मो फैजान अंसारी के घर में रामगढ़ पुलिस ने की कुर्की-जब्ती

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के विशुनपुरा अपर बाजार निवासी मो. फैजान अंसारी पिता उस्मान अंसारी के घर की कुर्की जब्ती रामगढ़ पुलिस ने शनिवार को की। मालूम हो कि रामगढ़ थाना कांड संख्या 149/2016 के तहत मो. फैजान पर धारा 420, 406, 467, 468, 471, 504 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। इसके पूर्व रामगढ़ पुलिस ने विशुनपुरा अपर बाजार पहुंच कर उसके घर पर इस्तेहार चिपकाया था। लेकिन आरोपी के कोर्ट में सरेंडर नहीं करने के कारण आरोपी के घर की कुर्की जब्ती की गयी। कुर्की जब्ती रामगढ़ थाना के पुअनि सुरेंद्र सिंह ने की। कुर्की करने आयी रामगढ़ पुलिस को पूरे घर में पड़े सामान में एक पलंग, दो प्लास्टिक कुर्सी, एक प्लास्टिक टेबल, एक प्लास्टिक बाल्टी, एक पत्थर का सिलवट, छह स्टील का कटोरा, एक कड़ाही, एक स्टील ग्लास, एक कलछुल, एक देकची, एक गैस चूल्हा, एक लेदरा, एक बेडसीट, एक चादर, एक सिलिंग फैन मात्र ही कुर्की कर पायी। साथ ही रामगढ़ पुलिस ने मो. फैजान अंसारी के घर में ही एक रूम में सारा जब्त सामान को बंद कर चाभी गांव के दो लोगों के बीच जिम्मा दे दिया है। प्रशासन द्वारा बताया गया है कि घर पर इस्तेहार चिपकाये जाने के साथ ही घर में रखे सामान को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है।

कार्यक्रम : अखिल भारतीय यादव महासभा ने किया शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन

सरकार जातियों की संख्या के आधार पर आरक्षण तय करे : रमेश पायलट

जब तक अहीर रेजिमेंट और जातिगत जनगणना सरकार शुरू नहीं कराती है, तब तक हमारा आंदोलन चलता रहेगा : प्रदेश अध्यक्ष पितांबर दास

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की ओर से नवादा मोड़ स्थित आशीर्वाद मैरिज हॉल में शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ की गयी। समारोह से पूर्व रंका मोड़ पर डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभा यात्रा की शुरुआत की गयी। जिसके बाद मुख्य अतिथि के साथ पैदल पदयात्रा कर कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अखिल भारतीय यादव महासभा हरियाणा के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पायलट ने कहा कि आज यादव महासभा का सौ वर्ष पूरा हो गया यह सबसे बड़ा और सबसे पुराना संगठन है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के माध्यम से सरकार के समक्ष हमारी दो मांगे हैं जिसमें अहीर रेजिमेंट का गठन करना और जातिगत जनगणना शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार जातिगत जनगणना कराकर जातियों की संख्या के आधार पर आरक्षण तय करे। उन्होंने कहा कि आज यादव समाज के युवाओं को नेतृत्व करने की क्षमता और शिक्षा के प्रति गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में यादव महासभा का नेतृत्व मजबूत है लेकिन कई राज्यों में अभी भी यादव समाज को संगठित कर एक कुशल नेतृत्व क्षमता बढ़ाने की जरूरत है।

युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप बेहेरा ने कहा कि आज यादव समाज के युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ राजनीति में भी आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूरज तभी बना जा सकता है जब तक सूरज के जैसा तपना नहीं सीख सकते। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय यादव महासभा शुरू से ही अहीर रेजिमेंट की मांग कर रही है। जिसे केंद्र और सभी राज्य की सरकार को गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए अहीर रेजिमेंट का गठन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक अहीर रेजिमेंट का गठन नहीं हो जाता है, तब तक हमारे समाज की आंदोलन चलता रहेगा।

प्रदेश अध्यक्ष पितांबर दास ने कहा कि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की ओर से शताब्दी समारोह की शुरुआत झारखंड के देवनगरी देवघर से की गई है और आज गढ़वा में शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें राज्य सरकार से मांग है कि वह जातिगत जनगणना शुरू कराये और जातिगत जनगणना के बाद जाति के संख्या के आधार पर आरक्षण तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक अहीर रेजिमेंट और जातिगत जनगणना सरकार शुरू नहीं कराती है, तब तक अखिल भारतीय यादव महासभा का आंदोलन इसी तरह चलता रहेगा। मौके पर क्रांति यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग कुमार मंडल, मिशन अहीर रेजिमेंट के प्रदेश संयोजक हृदयानंद यादव, प्रदेश महासचिव, अनीता सिंह यादव, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सुधाकर कुलवंत, अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव मनोज यादव, केपी यादव, गोरे लाल यादव, संजय प्रसाद यादव, प्रांतीय यादव महासभा के प्रदेश महासचिव अजय प्रसाद यादव, गढ़वा जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्य नारायण यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव, कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद यादव, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सोनू कुमार यादव, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रिंकी यादव, यादव रेजिमेंट के अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, महासचिव बालमुकुंद यादव, राजकिशोर यादव, सचिव सत्येंद्र कुमार यादव, कन्हाई यादव, सत्येंद्र प्रसाद यादव, जिला कोषाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामजी यादव, मिंटू यादव, विजय यादव, सतवंत कुमार यादव, हरेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी संजय यादव, जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव, युवा जिला अध्यक्ष सोनू यादव, प्रदेश सचिव अजय, कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद, केदार यादव के विधायक प्रत्याशी श्याम दास सिंह यादव रंजन, उपाध्यक्ष सत्यनारायण, सुनील, गणेश प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष राज किशोर यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम नागेंद्र, माखन यादव, अरविंद ऋषभ, जितेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

ट्रेन से कट कर प्रेमी-प्रेमिका ने की आत्महत्या

कांडी (आजाद सिपाही)। कांडी थाना क्षेत्र के रामबांध गांव के युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रामबांध गांव निवासी ललन बैठा का 22 वर्षीय पुत्र नन्दलाल बैठा प्रेम प्रसंग में पड़कर अपनी प्रेमिका के साथ करकट्टा से उंटारी रोड रेलवे स्टेशन के बीच मालगाडी से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर उटारी रोड पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच चुकी है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही लड़का व लड़की के परिवार वाले मौके पर पहुंच चुके हैं।

अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर केतार मुख्य पथ स्थित असनाबांध के समीप अवैध रूप से बालू लेकर आ रहे दो ट्रैक्टरों को पुलिस ने जब्त किया। भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने अपने योगदान के अहले सुबह अवैध रूप से बालू कारोबारियों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। रविवार की सुबह केतार की तरफ से आ रहे अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया। उन्होंने बताया कि अंचलाधिकारी और भवनाथपुर पुलिस की संयुक्त छापामारी में दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। जिसमें 80-80 सीएफटी बालू लदा हुआ है। इसका चालान नहीं था जो पूरी तरह से अवैध था। अंचलाधिकारी के आवेदन के आलोक में दोनों गाड़ियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। हालांकि मालिक और चालक भागने में सफल रहे। गाड़ी किनकी है इसकी पहचान की जा रही है।

लोगों से अपील : बोरीबांध निर्माण में डीसी-एसपी सहित कई अधिकारियों ने किया श्रमदान

बोरी बांध बनाकर बचाया जा सकता है नदियों का अस्तित्व: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जनशक्ति से जलशक्ति के तहत नदी बचाओ अभियान में जुड़कर जिले के डीसी शशि रंजन, एसपी अमन कुमार, डीडीसी नीतीश कुमार सिंह, बीडीओ मिथिलेश कुमार ने श्रमदान कर बनई नदी पर बोरीबांध का निर्माण किया। इस अभियान से रविवार को जिले के अधिकारी , झारखंड के 13 जिलों के पीपीआइए (पब्लिक पॉलिसी इन एक्शन) फेलो समेत कई पंचायत प्रतिनिधियों, सेवा वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों और गानालोया गांव के ग्रामीणों ने भी श्रमदान किया। बोरीबांध बनाने का मुख्य उद्देश्य नदी बचाने सहित जलापूर्ति योजना के तहत मुरहू, डुडरी, कोड़ाकेल, गुरमी, करंजटोली को निर्बाध रूप से पानी देना है। इसके साथ ही बोरीबांध के पानी से आसपास के खेतों की सिंचाई भी हो सकेगी। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन, सेवा वेलफेयर सोसायटी और स्थानीय ग्रामीणों के माध्यम से इस वर्ष नदी बचाओ अभियान शुरू किया गया है। नदियों पर श्रृंखलाबद्ध बोरीबांध बनाए जाएगा। इसके अलावा गांवों में जगह-जगह पर 200 से ज्यादा बोरीबांध बनाए जाएंगे, जिसमें लगभग 10 हजार ग्रामीण श्रमदान करेंगे। ये बोरीबांध जल संचयन के क्षेत्र में बड़ा गेम चेंजर साबित होगे। डीसी ने कहा कि नदियों का बहाव फरवरी महीने में ही काफी घट गया है, जो चिंतनीय है। मई-जून तक स्थिति और बिगड़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि नदियों पर बोरीबांध बनाकर नदियों को बचाया जाएगा। डीसी ने गानालोया में बनई नदी पर बने बांध के संबंध में कहा कि इसके बनने से मुरहू समेत कई गांवों को प्रचंड गर्मी के मौसम में भी निर्बाध रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। गनालोया में बने बोरीबांध में प्रमुख एलिस ओड़ेया, उप प्रमुख अरूण कुमार साबू, गनालोया के मुखिया दानियल डुंगडुंग, मुरहू की मुखिया ज्योति ढ़ोढ़राय, पंचायत समिति सदस्य रोशन गंझू, सेवा वेलफेयर सोसायटी के देवा हस्सा, उमेश कुमार, सुशील सोय, महेश कुमार, राजद के जिलाध्यक्ष शहजादा खां, सरोज महतो, दिलीप गौंझू, आदित्य गौंझू, सोनू महतो, चितरंजन महतो ,अभिषेक महतो, नवीन गौंझू पीयूष महतो, विवेक कुमार, एवीवीपी के अमित महतो आदि ने योगदान दिया।

बोरी बांध बनाने के लिए श्रमदान करते डीसी-एसपी व अन्य।

महत्वपूर्ण न्यूज

सीआइएसएफ जवान पर लिफ्टर से दुर्व्यवहार का आरोप, विरोध में रोड सेल बंद कर प्रदर्शन

खलारी (आजाद सिपाही)। रोहिणी परियोजना कांटा घर में लिफ्टर के साथ सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने के विरोध में रविवार को काम बंद रहा। इस विवाद के कारण दो घंटे तक रोड सेल कांटा घर का कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। घटना के बाद आक्रोशित कोयला लिफ्टर, ट्रक चालक ने आरोपी सीआईएसएफ इंस्पेक्टर को तत्काल वहां से हटाने की मांग को लेकर कामकाज को बंद कर प्रदर्शन किया। इस संबंध में भुक्तभोगी लिफ्टर ने बताया कि वह गाड़ी लगाने कांटा घर पहुंचे थे, तभी कांटा बाबू की ओर से उन्हें रजिस्टर पर साइन करने के लिए अंदर बुलाया गया था। वह कांटा घर के अंदर रजिस्टर पर साइन करने पहुंचे ही थे कि इसी दौरान सीआइएसएफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह अंदर घुसे और उनका कॉलर पकड़ कर खींच कर बाहर निकाल दिया और गाली गलौज करने लगे। यह देख वहां मौजूद अन्य लिफ्टरो ने इसका विरोध किया और कामकाज को बंद करा दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद सीसीएल के अधिकारी और सीआईएसएफ के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। वार्ता में आगे से इस तरह के व्यवहार नहीं करने, कांटा घरों के पास लिफ्टरो को सुविधा उपलब्ध कराने, कांटा घर के पास ठेला खोमचा लगाने वाले को अनुमति देने समेत कई बिंदुओं पर आश्वासन दिया गया। जिसके बाद कामकाज शुरू हो सका।

बिहार कोलियरी कामगार यूनियन व चूरी के ग्रामीणों की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

खलारी (आजाद सिपाही)। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन एवं चूरी के ग्रामीणों ने रविवार को धवाईयाटांड़ स्कूल में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता मंगरू मुंडा ने की। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि सीसीएल चूरी परियोजना द्वारा 1985 में हमारी जमीन को अधिग्रहण किया गया था। लेकिन नौकरी के लिए 2018 से लगातार प्रबंधन से वार्ता एवं आंदोलन करने के बाद अभी तक मात्र पांच लोगों को ही नौकरी दिया गया है। वहीं बाकी जो फाइल है उसमें सीसीएल प्रबंधन सिर्फ गोल मटोल जवाब दे रही है। कहा गया कि प्रबंधन द्वारा कभी बोला जाता है कि फाइल एरिया में है एरिया से पूछने पर बोला जाता है कि पेपर मुख्यालय चला गया है। जब हम लोग विगत 22 फरवरी को रांची मुख्यालय में डिस्पैच नंबर से पता किए तो बोला गया की यहां फाइल नहीं आया है। इस लिए हम लोगों ने सीसीएल प्रबंधन के टालमटोल के रवियै से परेशान होकर आंदोलन करने का निर्णय लिया हैं। बैठक में बीसीकेयू के जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू, एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान, राजेश कुमार महतो, फुलेशर महतो, नागो महतो, बिलेदर कुमार, महेश महतो, लालेसर महतो, लोकनाथ महतो, राकेश कुमार महतो, महेश महतो, सहाय महतो, मिंटू महतो, रूपेश कुमार महतो, राजेश महतो, विजय पाहन, सुनील कुमार, वीरू महतो, अजय महतो आदि ग्रामीण मौजूद थे।

राय बाजार व्यवसायिक कमेटी का हुआ गठन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के राय बाजार व्यवसायिक संघ की बैठक रविवार को संपन्न हुई। जहां व्यवसायिक संघ कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजू गुप्ता, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद महतो, सचिव मोहम्मद हुसैन अंसारी,उप सचिव राजेंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार प्रजापति को बनाया गया। साथ ही अशोक प्रजापति, रवि सोनी, आशीष केसरी, रूपेश महतो, पारस कुमार महतो को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर राय पंचायत मुखिया शीला देवी, आजसु नेता नागेश्वर महतो, विजय पहान, सरोज देवी, शंकर सिंह, उदय प्रताप सिंह, राहुल कुमार, राजेश महतो, पारस चौहान, मनोज कुमार महतो, गणेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

मकान में लगी आग में झुलसकर बच्चे की मौत, चार अन्य गंभीर

रसोई गैस सिलेंडर में रिसाव होने से हुआ हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। शहर के घनी आबादी वाले महादेव टोली में रविवार की शाम एक पक्के मकान में आग लगने से झुलस कर एक बच्चे की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि इसी हादसे में परिवार के चार अन्य सदस्य भी बुरी तरह झुलस गए हैं। मृतक की पहचान शुभम (4) के रूप में हुई है, जो सिकंदर लाल का बेटा है। जबकि आग से सिकंदर लाल के अलावा मां नीलू देवी, सुमित लाल (6) और नाना सुरेश लाल भी बुरी तहह झुलग हए हैं। सभी को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सिकंदर लाल रनिया का मूल निवासी है। वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ पिछले कुछ वर्षों से महादेव टोली में उमेश गौंझू के पक्के मकान में किराए पर रह रहा था। ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। पता चला है कि शनिवार को वह अपने आवास को बंद कर सपरिवार अपने गांव रनिया गया था। रविवार शाम 5.30 बजे वह अपने परिवार व अन्य रिश्तेदारों के साथ खूंटी स्थित आवास पहुंचा। जैसे ही उसकी पत्नी नीलू देवी अपने आवास का दरवाजा खोला और रशोई घर में चाय बनाने की मंशा से माचिस जलाया, वैसे ही तेज आवाज के साथ आग लग गई। अचानक लगी आग की चपेट में नीलम और उसके दोनों बच्चे आ गए। यह देख सिकंदर और उसके ससुर सुरेश लाल तुरंत बचाने दौड़े, लेकिन वे भी आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। इधर तेज आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े-दौड़े वहां पहुंचे और आग की तेज लपट में फंसे परिवार को वहां से निकाला। बाद में मोहल्ले वालों ने अथक प्रयास से आग को बुझाया। उधर, आग लगने की सूचना पाकर अग्निशमन विभाग की टीम दमकल के एक इंजन के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुए, लेकिन संकरी सड़क के कारण दमकल वहां तक नहीं पहुंच पाई। बताया जा रहा है कि किचन में एलपीजी गैस लीकेज होकर भरा हुआ था। माचिस की तिल्ली जलते ही कमरे में भरी गैस अचानक भभक कर जल उठी। घटना के तत्काल बाद आग से जले लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, जहां पहुंचते ही शुभम की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से चारो घायालों को रिम्स भेजा गया। इस घटना में सिकंदर के साथ आए उसके कुछ रिश्तेदार भी झुलस गए।

सिल्ली के 10 तीरंदाज राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

सिल्ली (आजाद सिपाही)। 10 तीरंदाजों का चयन 42वीं एनटीपीसी सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ये प्रतियोगिता आगामी 8 से 18 मार्च तक गुजरात के एकता नगर में आयोजित होगा। चयनित तीरंदाजों में बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी की मधुमिता कुमारी, दीप्ति कुमारी, सिम्पी कुमारी, अनिता कुमारी, भावना कुमारी, रोहित कुमार, साझा तीरंदाजी केंद्र से अघनी कुमारी, वर्षा खालको कृष्चंद्र देव, डे बोडिंग जोन्हा से लक्ष्मी कुमारी शामिल हैं। इनके चयन पर बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो और झारखंड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष सह रांची जिला तीरंदाजी संघ सह बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी की अध्यक्ष नेहा महतो के अलावा खेल निदेशक सोरोजनी लकड़ा समेत तीरंदाजी संघ के अधिकारी एवं पदाधिकारीयों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

वरिष्ठ भाजपाई रिझा पाहन का निधन, विधायक सहित कई लोगों ने दी श्रद्धांजलि

खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रिझा पाहन का शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उन्हें रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। रिझा पाहन तोरपा प्रखंड के किंशुटोली के रहने वाले थे। लंबे समय से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही तोरपा विधायक कोचे मुंडा सहित कई कार्यकर्ता रिझा पाहन के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। कोचे मुंडा ने कहा कि रिझा पाहन के निधन से भाजपा ने एक सच्चा और समर्पित कार्यकर्ता खो दिया। भाजपा नेत्री गंदौरी गुड़िया, पूनम भेंगेरा, घासीराय धान मुंडा, बोधो भेंगरा, छोटन भेंगरा, दंबिया भेंगरा, प्रमोद भेंगरा,रेड़ा मुंडा, राली भेंगरा सहित कई लोग स्व रिझा पाहन के परिवार से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया।

अड़की के उलीहातू में सरना प्रार्थना सभा का आयोजन

अड़की (आजाद सिपाही)। प्रखंड के उलीहातू के गेरने में 11वां स्थापना दिवस समारोह सह सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें धर्म गुरु सोमा कंडीर, बागराय मुंडा, बुधराम मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, मधु बारला, सलीम मुंडा, सुखराम मुंडा, अविनाश हेमरोम, सोमा हेमरोम, जेठा मुंडा, ग्राम प्रधान उदय नारायन मुंडा के साथ विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल भी शामिल हुए।

तमाड़ एसएसबी ने आठ एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट की



तमाड़ (आजाद सिपाही)। एसएसबी के सहयोग से जामटाड के आसपास के जंगल क्षेत्र में करीब 8 एकड़ में लगे अफीम के फसल को अभियान चलाकर नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के दामोदर एवं गहरी नदी के संगम स्थल में रविवार को कुर्मी विकास मंच पिपरवार का वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागेश्वर महतो और संचालन अर्जुन कुमार ने किया। समारोह में सामाजिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। समाज मे फैले दहेज प्रथा और बाल विवाह पर रोक लगाने, नशापन दूर करने, समाज को शिक्षित बनाने सहित कई समस्याओ पर चर्चा की गई। समाज के लोगों को अधिकार दिलाने के लिए सभी से जागरूक होने की अपील की गई। समाज से जुड़े गरीब और असहाय लोगों की मदद कर उनकी सहायता करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा समाज के उत्थान को लेकर भी चर्चा की गई। समारोह के दौरान कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया,जिसमें समाज की महिलाएं और बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अंत में सभी ने एक साथ सामूहिक भोजन का आनंद उठाया। समारोह में आसपास के 50 गांव के ग्रामीण उपस्थित थे। इस मौके पर नागेश्वर महतो, बसंत नारायण महतो, टिकेश्वर महतो, अर्जुन कुमार, विकास महतो, मनोज महतो, विजय महतो आदि थे।

मथुरा प्रसाद साहू अध्यक्ष व अरूण कश्यप बने सचिव

पिछड़ा वैश्य मोर्चा के केंद्रीय समिति का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

तमाड़। पिछड़ा वैश्य मोर्चा केंद्रीय समिति की ओर से रविवार को तमाड़ वन विश्रामागर मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही एक कमेटी भी गठित की गई। जिसके अध्यक्ष मथुरा प्रसाद साहू चुने गए। जबकि महासचिव अरुण कश्यप को बनाया गया है। कमेटी का विस्तार बाद में किया जाएगा। पूरे झारखंड में इसका विस्तार होगा। होली के बाद संगठन के पांच प्रतिनिधि दल झारखंड के मुख्यमंत्री से मिलेगा और अपनी समस्या से अवगत कराएगा। वक्ताओं ने कहा कि मोर्चा की अगली बैठक बुंडू में होगी। इस अवसर पर रांची से दिलीप सोनी पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा व महेश सोनी विक्रांत विश्वकर्मा उपस्थित हुए। मौके पर अनिल साहू, सत्यनारायण गुप्ता, मनोज गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, सुरेश गुप्ता, राजेंद्र साहू, उदय कुमार साहू, दीपक साहू, प्रदीप साहू, सचिता गुप्ता, प्रेम गुप्ता, आशीष गुप्ता, राजू साहू, बंटी गुप्ता, प्रीतम गुप्ता, निक्कू साहू, प्रकाश साहू, रमेश भगत, मनोज भगत, सुमित उर्फ गोलू, चितरंजन जायसवाल आदि उपस्थित थे।

सरहुल पूजा की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बैठक

तमाड़ (आजाद सिपाही)। सामूहिक सरहुल पूजा समिति की दूसरी बैठक तमाड़ हाई स्कूल मैदान में हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार मुंडा ने की। बैठक में आगामी 24 मार्च को आयोजित होने वाली बा पूजा, तमाड़ सरहुल महोत्सव 2023 के तैयारियां की समीक्षा की गई। समिति द्वारा हर वर्ष बा पूजा एवं भव्य शोभायात्रा हाई स्कूल मैदान से गिडिबा स्थल तमाड़ बाजार तक आदिवासी पारंपरिक वाद्य, नृत्य, संगीत के साथ निकाली जाती है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आदिवासी पारंपरिक नृत्य दल शामिल होते हैं। इस वर्ष भी 24 मार्च को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में रतन सिंह मुंडा, ललित कृष्णा मुंडा, दमयंती मुंडा, श्रवण मुंडा, सुखलाल सिंह मुंडा, भगीरथ मुंडा,संजय सिंह मुंडा, गोविंद सिंह मुंडा, सुदर्शन मुंडा, उदय मुंडा, अर्जुन मुंडा, बुधनलाल मुंडा, वृन्दावन मुंडा, सुनील उरांव, कृष्णा मुंडा, सत्य नारायण मुंडा, भोला मुंडा, धीरेन्द्र नाथ मुंडा,बुधराम मुंडा, प्रधान सिंह मुंडा एवं विमल मुंडा आदि उपस्थित थे।

लोहरदगा एफसी को हरा ओरमांझी एफसी बना चैंपियन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र का एतिहासिक फुटबाल मैदान रूंग काड़ी में एकदिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से नामी गिरामी महिला फुटबाल टीमों ने भाग लिया। जिसमें एफ सी ओरमांझी और एफ सी लोहरदगा के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। कड़े मुकवला के बीच एफसी अरमांझी ने पेनाल्टी शूट आउट में 3-2 से लोहरदगा एफसी को हरा कर चैंपियन का खिताब हालिस किया। विजेता टीम को खेल के उद्घाटन कर्ता हीरालाल दास के हाथो एवं उप विजेता टीम लोहरदगा को मेला संरक्षक सह मुखिया लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा, निशा नाग सुधीर दास और अशोक दास के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया। खेल में आकर्षण का केंद्र छऊ नृत्य ऑर महिनी ग्रुप का डांस रहा।खेल का संचालन धनु नाग ने किया। इस दौरान मौके पर प्रतिनिधि भोला सिंह और पन्केश गांगुली उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला कमेटी अध्क्षय अजय स्वान्सी, संजय स्वान्सी, संदीप मुंडा, माहेश्वर मुंडा, संजू मुंडा, सुभाष स्वान्सी त्रिलोचन मुंडा, विमल मुंडा,कालीचरण मुंडा, राहुल कुंडू भी भूमिका सराहनीय रही।

सरस्वती शिशु मंदिर के स्थापना दिवस पर मातृ सम्मेलन का आयोजन

राष्ट्र निर्माण में युवा और मातृ शक्ति की सबसे अहम भूमिका : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक कोचे मुंडा व अन्य।

खूंटी। तोरपा प्रखंड के डोड़मा स्थित बिरसा सरस्वती शिशु मंदिर के 30वें स्थापना दिवस के मौके पर रविवार को विद्यालय परिसर में मातृ सम्मेलन सह पुरातन छात्र समागम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक कोचे मुंडा के अलावा श्रीहरि वनवासी विकास समिति के प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष दुबे, उपप्रमुख संतोष कुमार कर, मुखिया अगाथा भेंगरा, निरीक्षक जगमोहन बडाईक और आचार्य बजरंग साहू ने संयुक्त रूप से भारत माता, मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प चढाकर किया। विद्यालय के भैया बहनों ने वंदना, स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अतिथियों ने मेधावी छात्रों को मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक कोचे मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत आध्यात्म राष्ट्र की ओर आगे बढ रहा है। आध्यात्म की शक्ति से भारत फिर से विश्व गुरु बनेगा। ऋषि मुनियों का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवा व मातृ शक्ति की सबसे अहम भूमिका होगी। शिशु मंदिर के बच्चे आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष दूबे ने कहा कि भारत शुरू से ही ज्ञानवान देश रहा है। दूसरे देशों को शिक्षा देने का काम किया है। भारत की उस महान संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास अंग्रेजों व मुगल शासकों ने किया है। उन्होने कहा संस्कार से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। शिशु मंदिर में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार दिया जाता है। संचालन आर्चाय बजरंग साहू और आदर्श मिश्रा ने किया। इस मौके पर ब्रजमोहन कर, अनंत मांझी, हरखू मांझी, राजीव महतो, रामनारायण मांझी, शीतल मांझी, सोमरा मुंडा आदि उपस्थित थे।

खूंटी ऑटो संघ का गठन, अरूण संगा बने अध्यक्ष

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला युवा कांग्रेस की अगुवाई में रविवार को ऑटो चालाकों की बैठक कर खूंटी ऑटो संघ का गठन किया। सर्वसम्मति से अरुण संगा को अध्यक्ष, मोहम्मद उस्मान खान को उपाध्यक्ष, आनंद महतो को कोषाध्यक्ष, नामजन लोंगा को सचिव, सहबू खान को महासचिव चुना गया। अध्यक्ष पद ग्रहण करने के बाद अरुण संगा ने कहा कि कोई भी चालक नशापान कर ऑटो न चलाएं। ऑटो में 10 सवारी से अधिक न बैठाए। उन्होंने कहा कि सभी चालक यातायात निमयों का कड़ाई से पालन करें। मौके पर युवा कांग्रेस के मुरहू प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद खान, प्रमोद कुमार, शब्बीर खान, राजू, शाहनवाज, विष्णु आदि उपस्थित थे।

श्री 1008 शनि महाराज का विशाल भंडारा आयोजित, महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

नामकुम (आजाद सिपाही)। नामकुम पुराना थाना के समीप शनि मंदिर का पांचवां वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, इस अवसर पर 1001 महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्र पहन कर लोक गीतों के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में महिलाएं डीजे की धून पर सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची सांसद संजय सेठ, रांची विधायक सीपी सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य झारखंड मुनचुन राय, रांची उपमहापौर संजीव विजवर्गीय, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, स्वर्णरेखा जन जागृति मंच के अध्यक्ष दीपक राणा, समाजसेवी प्रभाष झा, पिंटू सिंह, शंकर महतो, शिव नाथ प्रसाद, शंकर पंडित, विकास कुमार, अशोक गोप, मंटू लाला, मनोज कुमार, राहुल कुमार के साथ बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

नामकुम बाजार में गौरी सर्कस का शुभारंभ

नामकुम (आजाद सिपाही)। नामकुम बाजार में रविवार दोपहर गौरी सर्कस का शुभारंभ भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह ने फीता काटकर एवं बरगावां मुखिया अनीता तिर्की ने नारियल फोड़कर संयुक्त रूप से किया। मौके पर मनोज सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सर्कस जैसा कार्यक्रम गांव में लगने से स्थानीय लोगों में उमंग का महौल बना रहता है। गौरी सर्कस के ऑनर संतोष कुमार विश्वाल ने बताया कि रांची की जनता की मांग पर हमलोग उड़ीसा के कटक जिला से यहां आये हैं। बताया कि भारत सरकार वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के आने से सर्कस से जानवरों को हटा दिया गया है। जिस कारण सर्कस में लोगों का रुझान घटा है। गौरी सर्कस में असम, बंगाल, उड़ीसा, मणिपुर, नागालैंड, नेपाल एवं वेस्ट बंगाल से आये जिमनास्टींक के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक करतब दिखाया जायेगा। जो बच्चों और बूढ़ों के लिये आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावा जोकर दर्शकों को हंसा के लोटपोट कर देंगे। बताया कि यह सर्कस तीन शो में पहला 1 बजे, दूसरा 4 और तीसरा शो संध्या 7 बजे चलेगा। रोजाना तीन शो के साथ चलेगा। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी बिक्कू सिंह राजा साहब, गोल्डी सिन्हा, शारदा देवी, राकेश वर्मा, कृष्ण कुमार के साथ सर्कस के कलाकार मौजूद थे।

टाटीपूर्वी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान संघ का गठन, उमेश बड़ाइक बने अध्यक्ष

नामकुम (आजाद सिपाही)। प्रखंड के टाटीसिलवे के टाटीपूर्वी ग्राम पंचायत में रविवार को रांची जिला के विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधानों ने बैठक कर ग्राम प्रधान संघ का गठन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टाटीपूर्वी के ग्राम प्रधान अर्जुन पहान ने की। इस बैठक में को अध्यक्ष उमेश बड़ाईक, सचिव मनीष कुमार महली, संरक्षक मुंडा श्रीकृष्ण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष शावन सिंह मुंडा, कानूनी सलाहकार ठाकुर मनमोहर सिंह, रितु सिंह मुंडा मीडिया प्रभारी एवं अर्जुन पहान को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। इसके अलावे शेष सभी ग्राम प्रधान को अन्य पदों पर चुना गया। बैठक में संगठन की मजबूती के साथ हक और अधिकारों पर चर्चा करते हुए पंचायती राज व्यवस्था के तहत ग्राम सभा को मजबूत करने की बात कही गयी। इस दौरान विभिन्न प्रखंड के गांवों से आये ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

मांडर विधायक ने बेड़ो में दो तालाबों के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मुरतो पंचायत के सेमर टोली व तुतलो पंचायत के मसियातू गांव में रविवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने दोनों तालाब का विधिवत नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि यह दोनों पंचायत कृषि प्रधान हैं। यहां के किसान बहुत ही मेहनती हैं। इनके आर्थिक विकास के लिए यह तालाब निश्चित रूप से वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा पूरे विधान सभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को दुरूस्त करने में लगी हूं। बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा व सिंचाई के साथ रोजगार के साधनों का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार किसानों को लेकर गंभीर हैं। किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर प्रयासरक्त है। मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, मो. फहीम सहित कई लोग मौजूद थे।

रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के तत्वावधान में रविवार को चुटिया स्थित नन्हे बचपन प्ले स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कार्तिक केशरी ने की। कार्यक्रम में आगामी अप्रैल महीने में समाज द्वारा आयोजित होने वाले केशरवानी वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह मिलन समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर उपस्थित समाज के सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी। मौके पर उमेश कुमार केशरी, तपेश्वर केशरी, प्रेमसागर केशरी, रूपेश केशरी, स्वाति केशरी, नेहा केशरी, अनिल केशरी, तपेश्वर केशरी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

प्रदर्शन : झामुमो विधायक चमरा लिंडा के खिलाफ भड़के घटवार समाज के लोग

राजाडेरा में विधायक का पुतला फूंक कर जताया आक्रोश

विधायक ने अपना बयान वापस नहीं लिया तो पूरे जिला में चक्का जाम आंदोलन शुरू किया जायेगा : मुरलीधर सिंह घटवार

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। झामुमो विधायक चमरा लिंडा द्वारा विगत दिनों सार्वजनिक मंच से घटवार समाज के खिलाफ गलत बयानबाजी किये जाने से घटवार समाज के लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। रविवार को घटवार/घटवाल आदिवासी महासभा जिला रांची के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित समाज के लोगों ने महासभा के जिलाध्यक्ष मुरलीधर सिंह घटवार एवं मुनेश्वर सिंह घटवार के नेतृत्व में राजाडेरा चमघटी में विधायक चमरा लिंडा का पुतला दहन किया। इससे पहले रांची-मुरी मार्ग पर पुतले के साथ शवयात्रा निकाली गयी। इस दौरान विधायक के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की गई।

मौके पर मुरलीधर सिंह घटवार ने कहा कि विधायक चमरा लिंडा ने सार्वजनिक मंच से घटवार समाज के खिलाफ गलत बयानबाजी कर पूरे समाज को अपमानित करने का काम किया है। इससे समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने विधायक से अपने बयान को वापस लेते हुए समाज के लोगों से माफी मांगने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विधायक ने अपना बयान वापस नहीं लिया तो फिर पूरे जिला में चक्का जाम आंदोलन शुरू किया जायेगा। मुनेश्वर सिंह घटवार ने कहा कि विधायक ने समाज के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी की है जो असहनीय है।

कार्यक्रम में रंजीत सिंह, सुफल सिंह, महाबीर सिंह, महेश सिंह, नंदलाल सिंह, दिनबंधु सिंह, देवनारायण सिंह, लास देवी, सुनिता, संगीता, रेखा कुमारी, बालेश्वर सिंह, नीलम कुमारी, सोनाराम सिंह, लखन सिंह, शंकर सिंह, कालीचरण सिंह, नैतन सिंह, जतरू सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के महिला-पुरूष शामिल थे।

अनगड़ा में नमो किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम का आयोजन

पीएम किसान सम्मान निधि के सफलतम चार वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सफलता पूर्वक चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा किसान मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को महिला महाविद्यालय बेड़वारी के प्रांगण में नमो किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिंह थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रदेश मंत्री अजय मुण्डा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिशंकर तिवारी, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू, किसान मोर्चा के दुर्गा महतो, डॉ विनोद ठाकुर, लाल पशुपति नाथ शाहदेव, विंदु शाहदेव, विजय मुण्डा आदि उपस्थित हुए। मौके पर राकेश सिंह ने कहा कि हमेशा से भारत की अर्थव्यवस्था में किसानों का अहम योगदान रहा है। इस दिवस का उद्देश्य किसानों के महत्व और देश के समग्र सामाजिक और आर्थिक विकास में उनके मुल्यवान योगदान के बारे मे जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्नदाता किसानों के हित और सम्मान के लिए इस योजना को शुरू किया था। आज सफलतम 4 वर्ष पूरे हो चुके हैं, आज हम इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए किसान सम्मान निधि को आरंभ किया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता रामनाथ महतो ने की। कार्यक्रम में सोनू महतो, संजय महतो, राजेन्द्र महतो, तुलसी महतो, विजय मुण्डा, परन महतो, रामकुमार महतो, निरंजन महतो आदि मौजूद थे।

इटकी में बिजली चोरी के खिलाफ आठ उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज

इटकी (आजाद सिपाही)। बिजली विभाग द्वारा बकाया राशि की वसूली व बिजली चोरी के विरुद्ध इटकी के कुंदी, पतरा टोली व बारीडीह गांव में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान आठ उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपभोग करते पाया गया। इन सबों के विरुद्ध अर्थदंड के साथ थाना में मामला दर्ज कराया गया। इसमें कुंदी के बंधन गोप 19279 रुपये, सज्जाद अंसारी 26470 रु. व सरफुल अंसारी 21756 रु., पतरा टोली के तुलसी केरकेट्टा 30763 रु., फिरोज अंसारी 13208 रु. व अजमुल अंसारी 16346 रु. व बारीडीह के सज्जाद अंसारी 10500 रु., महमूद अंसारी 14892 रु. के नाम शामिल हैं। छापामारी अभियान में जेई राजेंद्र प्रसाद चौधरी, सुखनाथ सिंह, खुर्शीद आलम व शिवराज सहित अन्य शामिल थे।

पंचमुखी श्री गणेश एवं महाकाल मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एक मार्च से

बैठक कर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर किया गया गहन विचार-विमर्श

आजाद सिपाही संवाददाता

चान्हो। पंचमुखी श्री गणेश एवं महाकाल मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को गुटवा में एक बैठक की गयी। इसमें आगामी 1 मार्च से लेकर 5 मार्च तक होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। पंचमुखी श्री गणेश मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तीन मार्च को की जाएगी। यहां पर एक मार्च से यज्ञ भी किया जायेगा। 1 मार्च को कलश जल यात्रा और बेदी का निर्माण किया जाएगा। 2 मार्च को वेदी पूजन और द व जलाधिवास, वस्त्राधिवास, अन्नाधिवास का कार्यक्रम किया जाएगा। 3 मार्च को भागवत प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। वहीं 4 मार्च को अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ और भोग का कार्यक्रम है।

अंतिम दिन 5 मार्च को अखंड हरिकीर्तन का विसर्जन किया जाएगा। इसमें आसपास से हजारों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इसकी तैयारी काफी जोर शोर से चल रही है।

समिति के अध्यक्ष बिंदु भूषण दुबे ने बताया कि यह अद्भुत मंदिर है। उत्तर भारत में अपने ढंग के इस पहले विभूति पंचमुखी गणेश जी की स्थापना से इस क्षेत्र और संपूर्ण झारखंड को धर्म आध्यात्मिक क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान प्रतिष्ठा और प्रसिद्धि मिलेगी। उन्होंने इस महोत्सव में सभी जाति धर्म के लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने की अपील की।

मौके पर सचिव आशुतोष तिवारी, संरक्षक जय नाथ राम तिवारी, रवि भूषण दुब पुरुषोत्तम दुबे, मनोहर साहू, डॉ अनिल साहू, रामदयाल साहू, पंडित अरविंद मिश्रा मुन्ना पांडे, विष्णु साहू , मनोहर साहू, जितेंद्र उरांव , जावेद खान, नारायण साहू, रमेश सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, चन्दन दुबे समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

मनमानी : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके का हाल

कनीय चिकित्सा पदाधिकारी को वरीय बता बना दिया प्रभारी

इस संबंध में डॉ धनुर्जय सुबरई ने सिविल सर्जन रांची को 17 जनवरी को पत्र लिखकर अपनी वरीयता का प्रमाण भी सौंपा है

आजाद सिपाही संवाददाता

कांके। राजधानी में स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव की नाक के नीचे स्वास्थ्य विभाग में जमकर मनमानी चल रही है। सिविल सर्जन रांची डॉ विनोद कुमार ने 3 जनवरी 2023 को प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापित हुए चिकित्सक डॉ अजीत कुमार को कांके सीएचसी में प्रभारी बनाकर इसका महिमामंडन कर दिया। सिविल सर्जन रांची के ज्ञापांक संख्या 44 दिनांक 3 जनवरी 2023 को डॉ. अजीत कुमार को प्रतिनियुक्त और पदस्थापित चिकित्सकों में वरीय बताते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का प्रभार देने का आदेश जारी कर दिया गया है। पूर्व से प्रभारी का कार्य देख रहे डॉ. धनुर्जय सुंबरई को पद से हटा दिया गया है। जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई चिकित्सकों की वरीयता सूची में डॉ धनुर्जय 132वें नंबर पर हैं तथा उनका योगदान की तिथि 13 नवंबर 1990 है। वहीं प्रभारी बनाये गए डॉ अजीत कुमार का क्रम संख्या 276 तथा योगदान की तिथि 27 अप्रैल 1991 है। इसके बावजूद सिविल सर्जन ने मनमाने ढंग से कनीय को वरीय बताते हुए प्रभारी के पद से हटा दिया है। बताते चलें डॉ धनुर्जय को 17 अगस्त 2022 को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से स्थानांतरित कर कांके सीएचसी का प्रभारी बनाया गया था। 17 नवंबर 2022 को उनको प्रभारी के पद से हटाकर पुनः बिरसा मुंडा एयरपोर्ट वापस प्रतिनियुक्त कर दिया गया। चिकित्सकों और कर्मियों के जोरदार विरोध के बाद नवंबर में ही पुनः उनको वापस कांके सीएचसी लाकर प्रभारी बनाया गया। सवाल यह है कि अधिकारियों को पद पर उनकी वरीयता के आधार पर रखा जाएगा या व्यक्तिगत पसंद और नापसंद के आधार पर। ऐसा लगता है कि ऐसी मनमानियों पर लगाम लगाने में स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह नाकाम है। इस संबंध में डॉ धनुर्जय सुबरई ने सिविल सर्जन रांची को 17 जनवरी को पत्र लिखकर अपनी वरीयता का प्रमाण भी सौंपा है। उन्होंने आवेदन में अपने को वरीय बनाते हुए अपना योगदान प्रभारी पद पर देने की मांग की है। लेकिन इस आवेदन पर अभी तक कोई कार्रवाई सिविल सर्जन स्तर पर नहीं की गई है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार के मोबाइल पर बात की गई तो उन्होंने कहा ऑफिस में आकर बात कीजिए। फोन पर बातें नहीं हो सकती हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने फोन ही नहीं उठाया।

महत्वपूर्ण न्यूज

जी-20 बैठक को लेकर कांके-पतरातू रोड में अतिक्रमण हटाया गया

कांके (आजाद सिपाही)। जी-20 बैठक को लेकर पूरे शहर में साफ-सफाई का अभियान लगातार अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसी के तहत कांके-पतरातू रोड पर रविवार को सीओ दिवाकर सी द्विवेदी और इंस्पेक्टर संजीव कुमार के द्वारा कांके में अतिक्रमण हटवाया गया। जेसीबी के द्वारा अतिक्रमित दुकानों को ध्वस्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ठेला गुमटी सड़क किनारे दुकान लगाने वालों को बार-बार सूचना देकर दुकान हटा लेने को कहा जा रहा था। लेकिन इन लोगों द्वारा दुकान नहीं हटाया जा रहा था। जिसके बाद यह कार्रवाई अतिक्रमण हटाने को लेकर की गई।

प्रखंड किसान भवन में दिव्यांगता जांच शिविर 28 को

कांके (आजाद सिपाही)। प्रखंड परिसर कांके के किसान भवन में 28 फरवरी को दिव्यांगता जांच शिविर व दिव्यांगता प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड बनाए जाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। उपायुक्त के निर्देश पर आहुत इस शिविर में पांच वर्ष से अधिक आयु के सभी दिव्यांगजनों का जांचोंपरांत दिव्यांगता प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड बनाया जाएगा। जिससे सभी दिव्यांगजनों को सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ा जा सके और इन्हें पेंशन योजना का लाभ मिल सके। बीडीओ शीलवंत भट्ट ने बताया कि इस शिविर में डॉ अरुण कुमार बाखला, डॉ वत्सल लाल, डॉ केबी अग्रवाल, डॉ राजेश सिंह, डॉ कन्हैया कुमार दिव्यांगजनों की जांच करेंगे। शिविर में हड्डी, नेत्र, ईएनटी, ऑडियो से संबंधित जांच होगी। इसके लिए सभी दिव्यांगजनों को आधार कार्ड व फोटो लेकर शिविर में आना अनिवार्य है। वहीं स्थानीय प्रज्ञा केंद्रों एवं प्रखंड कार्यालय के सामाजिक सुरक्षा विभाग में रजिस्ट्रेशन भी कराना अनिवार्य है। बीडीओ श्री भट्ट ने इसके लिए पूरे प्रखंड के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका सहित अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में दिव्यांगजनों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश जारी किया है।

राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य साहू ने मंदिर जीर्णोद्धार की रखी आधारशिला

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। ओरमांझी स्थित महावीर टोला में रविवार को भाजपा झारखंड प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने स्थानीय जनप्रतिनिधि वा गणमान्य जनों के साथ विधिवत पूजन कर प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार की आधारशिला रखी। लंबे काल से बना यह हनुमान मंदिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। हनुमान मंदिर को भव्य बनाने के लिए महावीर पूजा समिति एवं स्थानीय ग्राम वासियों ने मंदिर के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की पहल की। ज्ञात हो कि प्राचीन हनुमान मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, ओरमांझी प्रमुख अनुपमा देवी, मुखिया दीपक बड़ाईक, पंचायत समिति सदस्य ललिता मेहता, उप मुखिया संतोष गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, संतोष कुशवाहा, नीरज नायक, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री आनंद महतो, राम कुमार महतो, सतीश बड़ाईक, प्रयाग महतो, सत्यमराज कुशवाहा, शिवकुमार मेहता, शंकर महतो, युवा नेता शशि मेहता, किरण देवी, मनी देवी, ईश्वर महतो, नागेन्द्र महतो, अजित महतो, प्रेम महतो, पंडित नीरज पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

बेड़ो-ककरिया रोड सरसा जंगल में एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी

लापुंग (आजाद सिपाही)। बेड़ो ककरिया रोड सरसा जंगल में एक पिक अप गाड़ी नं. जेएच 01 ईयू 5034 कई गाड़ियों को टक्कर मारते हुए सरसा जंगल मोड़ में गणतंत्र न्यूज के रिपोर्टर संजय कुमार की ऑल्टो कार के ऊपर ही पलटते पलटते बची व ऑल्टो के आगे पलट गयी। रिपोर्टर की ऑल्टो कार को कोई नुकसान नहीं हुआ और पिक अप के ड्राइवर और खलासी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ। मौके पर ककरिया पिकेट प्रभारी सरवर अंसारी अपने दल बल के साथ पहुंचकर घटना का मुआयना किया और पिकअप गाड़ी के मालिक के आने पर सुरक्षित गाड़ी सौंप दिया।

सिरका में शिव-हनुमान मंदिर प्राणप्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा में शामिल हुईं 1111 महिलाएं

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। सिरका स्थित नवनिर्मित शिव-हनुमान मंदिर का रविवार से तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुआ। सुबह में कलश यात्रा निकाली गई। इसमें 1111 महिलाएं शामिल हुई। स्वर्णरेखा नदी गेतलसूद से जल का उठाव कर महिलाएं 16 किमी की दूरी तक कर वापस मंदिर पहुंची। आज मंडप पूजा, नगर भ्रमण व अधिवास पूजा की गयी। मुख्य अतिथि जेटीयू के कुलसचिव डा. अमर कुमार चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, सुरेन्द्र महतो, थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार, पूर्व जिपस रंथा महली, मनोज चौधरी, मुकेश महतो, संजय नायक थे। धार्मिक अनुष्ठान मुख्य आचार्य सूर्यनारायण पाठक, कृष्ण चैतन्य ब्रहमचारी व जयशंकर मुण्डा संपन्न करा रहे हैं। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि सनातन संस्कृति में महायज्ञ अनुष्ठान का अपना एक महत्व है। इससे गांव में समरसता व एकजुटता होती है। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक सह मुखिया रौशनलाल मुण्डा, साहेबराम महतो, बलराम महतो, अध्यक्ष सीताराम पाहन, सचिव अजीत कुमार महतो, कोषाध्यक्ष राजीव महतो, प्रणव कुमार महतो, दुर्गा महतो, सुरेश महतो, जगेश्वर महतो, राजेश महतो आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

सरकार की गलत नीतियों के चलते शिक्षक गृह जिले से इतर नौकरी करने को मजबूर : आनंद

झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के एक दिवसीय प्रमंडलीय अधिवेशन का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एक दिवसीय प्रमंडलीय अधिवेशन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी मनोज मेहता और संचालन संघ के राज्य अध्यक्ष आनंद किशोर साहू की अध्यक्षता में महासचिव बलजीत सिंह द्वारा किया गया। मंच संचालन संघ के मुख्य सलाहकार डॉ दिनेश कुमार शुक्ला के साथ ब्रजेश कुमार सिंह व दिव्या सिंह द्वारा किया गया। संघ द्वारा राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का निर्णय लेने को राज्य कर्मियों के जीवन का सर्वाधिक प्रिय क्षण बताया गया। साथ ही विद्यालय और शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया। वहीं, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आनंदकीशोर साहू ने शिक्षकों को अपने गृह ज़िला में स्थानांतरण का एक सामूहिक अवसर प्रदान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीति की वजह है शिक्षकों को गृह ज़िला से इतर नौकरी करने को बाध्य होना पड़ा है। सरकार को इसका समाधान करना ही होगा। इसके साथ ही अध्यक्ष ने शिक्षकों के लिए एमएसीपी और चिकित्सा बीमा योजना की मांग करते हुए कहा कि शिक्षक जिस वेतनमान में योगदान दे रहे हैं उसी में रिटायर हो जा रहे हैं। शिक्षकों को भी एमएसीपी का लाभ दिया जाए। प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह ने सेवा संपुष्टि का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य भर में कई जिलों में शिक्षकों की सेवा संपुष्टि पूरी नहीं की गई है। गढ़वा ज़िला में तो प्रमाण पत्रों के सत्यापन की फाइल गायब कर दोबारा सत्यापन के नाम पर दोहन किया जा है। शिक्षकों की सेवा संपुष्टि गलत तरीके से रोक कर रखी गई है।

उन्होने विद्यालयों में प्रधानध्यापक पद पर ग्रेड 4 शिक्षकों की प्रोन्नति और नई नियुक्ति में वेतनमान ना घटा कर अभी दिए जा रहे वेतनमान पर ही नियुक्ति की मांग की। इस मौके पर मिथिलेश ठाकुर, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री, झारखन्ड सरकार को पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने शिक्षकों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप शिक्षा हित में कार्य करें, आपकी हर उचित मांग, हर समस्या के प्रति सरकार गंभीर है और इसका समाधान किया जाएगा।

कलश यात्रा के साथ पांकी के कोनवाई में शुरू हुआ यज्ञ

यज्ञ से मानव जीवन का होता है कल्याण : विधायक शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी/पलामू। पलामू जिले के पांकी प्रखंड के कोनवाई में सात दिनों तक चलने वाले श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को गाजे बाजे के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई। पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता समेत कई दिग्गज कलश यात्रा में शामिल हुए। विधायक डॉ शशिभूषण ने श्रदालुओं के बीच कलश का वितरण किया। कलश यात्रा कोनवाई बाजार यज्ञ मंडप से

कलश यात्रा में शामिल हुए पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

शुरू हुआ जो अमानत नदी तट पर पहुंचा। जहां श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर वापस यज्ञ मंडप पहुंचकर कलश की स्थापना की। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि यज्ञ से मानव जीवन का कल्याण होता है। साथ ही इससे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बनता है। इससे लोगों में धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है। विधायक डॉ मेहता ने यज्ञ कमेटी को 51 हजार सहयोग राशि प्रदान की। साथ ही चारदीवारी निर्माण कराने की घोषणा की। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल यज्ञ कमेटी अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव रामसरेख पांडेय, कोषाध्यक्ष कौलेश्वर राम, मुखिया पति बृजदेव सिंह, पूर्व मुखिया प्रमोद सिंह, बाबूलाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, बचू मौआर लक्ष्मण सिंह के अलावा हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

आम जन की सेवा ही मेरा कर्तव्य: सूर्या सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सह युवा नेता सूर्या सिंह एक सप्ताह से लगातार गांवों का दौरा कर कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ राजनीतिक व विकास पर चर्चा कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर गांव में विधायक कोटा की योजनाओं का चयन सर्वसम्मति से किया। दौरे के क्रम में सूर्या सिंह ने कहा कि गांव कि योजना गांव के लोगों द्वारा चयन

करने का काम 2019 से लगातार हो रहा है। इस दौरान वे गांव के खिलाड़ियों से भी मिले और उनका हाल जाना। खिलाड़ियों ने टीम सूर्या के बैनर तले चल रहे टूर्नामेंट की सराहना की। सूर्या ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली के क्षेत्र में सुधार हुआ है। इसे और बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। जनता ने जो ताकत दी है, उसका उपयोग कर एक-एक कर समस्याओं के समाधान में विधायक कमलेश कुमार सिंह जुटे हैं। उन्होंने जिन गांव का भ्रमण किया उसमें इमालियाबांध, झरहा, चिरैयाखांड, बड़ेपुर, सजवन, बुधुआ, नावाडीह, झरि, पटखौलिया, बरवाडीह, पांति, नवाडीह, नौडीहा, तिवारीबीघा, पतरा कला, पथरा, बंधुबीघा, झुंझार सिकनी , देवरी सुकन बीघा, मिरहियाडीह आदि शामिल है। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, एनसीपी के युवा नेता अभिषेक सिंह और हरि आदि मौजूद थे।

पलामू प्रमंडल में 2.32 लाख से अधिक नागरिकों को मिल रहा सवर्जन पेंशन योजना का लाभ

जीने का सहारा

प्रत्येक माह की पांच तारीख तक लाभुक के खाते में क्रेडिट हो जाती है सम्मान राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। सरकार की सवर्जन पेंशन योजना से लोगों को बड़ा सहारा मिला है। विगत वर्ष में लक्ष्य आधारित योजनाओं के कारण अनेक योग्य लाभुक पेंशन योजनाओं से अच्छादित नहीं हो पाते थे, इसे ध्यान में रखते हुए सरकार की ओर से सवर्जन पेंशन योजना की शुरूआत की गयी। इस योजना में लक्ष्य की बाध्यता को समाप्त किया गया एवं अनिवार्य शर्तों को भी आसान बनाया गया। **आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार** कायर्क्रम में इसका सुखद लाभ देखने को मिला। पलामू प्रमंडल में हजारों आवेदन स्वीकृत किए गये एवं योग्य लाभुकों को पेंशन योजना का लाभ दिया गया। सवर्जन पेंशन योजना राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। जिसे नवंबर 2021 से पूरे राज्य में लागू की गई है। इसके प्रभावी होने से राज्य के लाखों योग्य नागरिकों को जीने का सहारा मिला है। अकेले

पलामू प्रमंडल में 2 लाख 32 हजार से अधिक योग्य नागरिकों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। सवर्जन पेंशन योजना के तहत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से एक ओर जहां वृद्धजनों को बुढ़ापे में सहारा मिला है, तो दूसरी ओर स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना दिव्यांग भाई-बहनों को आर्थिक मजबूती प्रदान की है। इस योजना की राशि से दिव्यांगजन पढ़ाई के लिए कॉपी-किताब की खरीददारी से लेकर अन्य आवश्यक कार्य करने में सक्षम हो पा रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना से महिलाओं को सम्मान मिला है। साथ ही एचआईवी/एड्स व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना से एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति को सवर्जन पेंशन योजना का लाभ उनकी गोपनियता को बरकरार रखते हुए ससम्मान देने का कार्य हो रहा है।

योग्य लाभुकों को किया जा रहा शत-प्रतिशत अच्छादित

स्थानीय प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी योग्य लाभुक सवर्जन पेंशन योजना के लाभ से वंचित न रहने पाये। इसके लिए स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा वृहद प्रचार-प्रसार एवं समय-समय पर पेंशन शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। लोगों को जागरूक करने से लेकर शिविर लगाकर सभी छूटे हुए योग्य व्यक्तियों को सवर्जन पेंशन योजना से अच्छादित किया जा रहा है।

पलामू जिले में 1.40 लाख से अधिक हो रहे लाभावित

सवर्जन पेंशन योजना के तहत पलामू जिले में 1,40,416 लाभुकों को सम्मान राशि का भुगतान किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के 1,13,733 लाभुक, स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत 12,115 लाभुक, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना के तहत 14,213 लाभुक एवं एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना के तहत 355 लाभार्थी शामिल हैं।

योजना के प्रभावी होने से गढ़वा में 36,733 को मिला लाभ : सवर्जन पेंशन योजना के प्रभावी होने के बाद गढ़वा जिले में 36,733 लाभुकों को इस योजना से अच्छादित किया गया है। मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना की आंकड़ों को समाहित करते हुए देखें, तो वतर्मान में राज्य पेंशन योजना अंतगर्त लाभुकों की संख्या 86,663 है। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन वर्ष में गढ़वा जिले में 53,985 राष्ट्रीय व राजयस्तरीय पेंशन योजना से जोड़े गये हैं। इसमें से 36,733 लाभुक सवर्जन पेंशन योजना प्रभावी होने के बाद पेंशन योजना से अच्छादित किये गये हैं। इसमें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत एक वर्ष में लाभुकों की संख्या में 28,807 की वृद्धि हुई है। वहीं मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना में 4,049, स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना में 2,279 एवं एचआईवी/एड्स व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना में 120 संख्या की वृद्धि हुई है। दूसरी ओर, लातेहार जिले में 13,536 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। इसमें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 60 से अधिक आयुवर्ग के 10,868 आवेदन स्वीकृत कर, उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत दिव्यांगजनों के 960, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना के तहत 1950 एवं एचआईवी/एड्स व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना के तहत 28 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं और सवर्जन पेंशन योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।

पंडवा प्रखंड के बटसारा निवासी फागु राम (78) मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभुक हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें एवं उनकी पत्नी को इस योजना का लाभ मिलता है। पेंशन की राशि दोनों के बुढ़ापे में जीने का बड़ा सहारा है। इसके लिए उन्होंने सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद किया है।

पाटन प्रखंड के नावाजयपुर निवासी मुकेश कुमार स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना से अच्छादित हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना से उन्हें एक हजार रुपए प्रतिमाह मिलता है। इस राशि से उन्हें पढ़ाई करने में सहयोग होता है।

चैनपुर के चांदो ग्राम निवासी रामपुकार सिंह ने बताया कि वे शिक्षक नियुक्ति की तैयारी करते हैं। उन्हें सरकार की स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना का लाभ मिलता है। इस आर्थिक सहयोग की राशि का इस्तेमाल वे तैयारी के लिए करते हैं। पलामू जिले के सदर प्रखंड के सुआ ग्राम निवासी रामजीत सिंह स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना से अच्छादित हैं। योजना की एक हजार राशि उनके खाते में प्रत्येक माह मिलता है। यह राशि उनके जीविकोपार्जन में सहयोग करता है।

महत्वपूर्ण न्यूज

डायन बिसाही का आरोप लगाकर विधवा महिला से हुई मारपीट, थाने में मामला दर्ज

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कुशा नारायणपुर गांव में डायन बताकर एक विधवा महिला से मारपीट और प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों ने भुक्तभोगी का बाल पकड़कर खींचा और फिर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने हुसैनाबाद थाने में अपने ही गांव के भिखारी राम, विनय राम, अवधेश राम, योगेंद्र कुमार, विवेक कुमार व रामजी राम के खिलाफ गाली-गलौज, डायन का झूठा आरोप लगाने, बाल पकड़कर खींचने व मारपीट करने की शिकायत की है। वहीं, हुसैनाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने भारतीय दंड संहित की विभिन्न धाराओं के अलावा डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सब-इंस्पेक्टर सुचित राना को अनुसंधान पदाधिकारी बनाया गया है। भुक्तभोगी विधवा ने आवेदन में कहा कि आरोपियों की शिकायत है कि उसके चलते ही उनके परिवार के सदस्यों को परेशानी हो रही है। वह डायन है और आरोपियों के घर में भूत लगाकर उनके बेटे को खा गई है। महिला ने आरोप से इनकार की तब आरोपी गाली देते हुए उसका बाल पकड़ कर खींचने लगे और मारपीट कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर पीड़िता के घर के कई सदस्य मदद को आगे आए। पर उनके साथ भी मारपीट की गई, जिसमें पीड़िता का पुत्र, ससुर व भसुर भी घायल हो गये।

दिव्यांग पारा शिक्षक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत महुदंड पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सलैयाटिकर में कार्यरत दिव्यांग पारा शिक्षक भरदुल ठाकुर से विद्यालय परिसर में घुसकर एक व्यक्ति द्वारा मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हाथ-पैर से निःशक्त शिक्षक भरदुल ठाकुर ने हुसैनाबाद थाने में आवेदन देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया है कि 24 फरवरी को अपने विद्यालय में छात्रों को पढ़ा रहे थे, तभी गांव के ही रामकिशुन यादव गाली-गलौज करते हुए विद्यालय परिसर में घुस गया। ठीक से पढ़ाई करवाने और उसके नाती के साथ मारपीट करने का झूठा आरोप लगाते हुए लात-घूसों, लाठी-डंडों से पिटाई कर घायल कर दिया। विद्यालय में उपस्थित रसोइया ने किसी तरह उसकी जान बचायी। इधर सहायक अध्यापक संघर्षमोर्चा हुसैनाबाद ने शिक्षक भरदुल ठाकुर के साथ की गई मारपीट की घटना की निंदा की है। हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पटेल ने कहा कि विद्यालय में शिक्षक अध्ययनरत छात्रों के अभिभावक की तरह होते हैं। यदि छात्र स्कूल में किसी भी तरह का अनुशासन भंग करते हैं तो आवश्यकता पड़ने पर शिक्षक छात्र को डांट-फटकार भी लगाते हैं। इसका मतलब शिक्षक छात्र के दुश्मन नहीं होते। दिव्यांग शिक्षक भरदुल ठाकुर के साथ गांव के व्यक्ति द्वारा मारपीट की घटना से शिक्षक समाज मर्माहत है। दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन शिक्षक के हितों की सुरक्षा के लिए आंदोलन को बाध्य होगा।

पलामू एसपी ने टीबी मरीजों के बीच वितरण किया पोषण किट

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। रामगढ़ थाना परिसर में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत यक्ष्मा के 7 मरीजों के बीच पोषण किट वितरित किया। सभी छह मरीज महिलाएं व एक पुरुष मरीज रामगढ़ थाना क्षेत्र के हैं। इनमें कम उम्र की चार लड़कियां भी शामिल हैं। एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि यह उक्त सभी मरीजों को प्रतिमाह पोषण किट दिया जाएगा। एसपी ने मरीजों को पदाधिकारी के बजाय एक अभिभावक की तरह यक्ष्मा रोग से लड़ने का उपाय बताया। कहा कि डाक्टर की सलाह के अनुसार लगातार 6 महीना तक दवा खानी होगी। बताया कि स्थानीय शाक-सब्जी में सभी तरह के पोषक तत्व शामिल है। इसके उपयोग से स्वस्थ्य बना जा सकता है। उन्होंने यक्षा को समूल नष्ट करने के लिए लोगों को जागरूक बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में स्थानीय चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

राशि सीड्स विक्रेता सम्मेलन सह फसल प्रदर्शनी का आयोजन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। डाल्टनगंज के खनवा गांव में राशि सीड्स द्वरा विक्रेता सम्मेलन का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कंपनी के रिजनल मैनेजर अरविंद कुमार, ट्रेटरी मैनेजर राहुल कुमार सिंह और देवगम राम ने संयुक्त रूप से प्रज्वलित कर किया। राशि कंपनी के हाइब्रिड सरसों बीज आर एम एक्स 9906 और अरबिन्द कुमार ने हाइब्रिड धान के बारे में बताया कि राशि सीड्स की धान का उपज एक एकड़ में 32 से 35 किविंटल होता है और खाने में भी स्वादिष्ट होता है। राशि सीड्स का धान खाने और बेचने दोनों में उपयुक्त है। आप लोग इसे किसान तक पहुंचाने जरूर पहुंचाएं। ट्रेटरी मैनेजर राहुल कुमार सिंह ने कहा कि आप लोगों को राशि धान बेचने में तीन तरह का फायदा पहुंचेगा एक तो आपको मोनाफा है दूसरा में किसान को सही चीज उपलब्ध कराया जा सकता है तीसरा जिससे किसान को साल भर खुस रहेगा। हाइब्रिड धान का वेराइटी नेम यह धान तीन नंबर जमीन पर आर आर एक्स 5067 यह धान दो नंबर में लगाया जा सकता है। आर आर एक्स 3350 यह धान एक दो नंबर में लगया जा सकता है। आर आर एक्स 113 जानकरी दी गई। और थोक विक्रेता विक्रेताओं में साहू इंटरप्राइजेज लोहरदगा से आनंद कुमार साहू, नियु सेठी स्टोर डाल्टनगंज, विकाश कुमार सिंह मनिका, रिटेलर उमेश कुमार,रंजीत कुमार, सुप्रवेश यादव, वीनू यादव, प्रवीण कुमार, परमेश अग्रवाल,अरविंद यादव आदि उपस्थिति थे।

मदरसा अजीमीया कलामिया में हुआ पैगाम -ए-इस्लाम कान्फ्रेंस का आयोजन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। शहर के नावाटोली स्थित मदरसा अजीमीया कलामिया प्रांगण में रविवार को दस्तार बंदी कार्यक्रम पैगाम -ए-इस्लाम कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसकी सदारत अलजामियत-उल-अशरफिया, मुबारकपुर, यूपी के सरबराह-ए-आला अजीज मिल्लत हजरत अब्दुल हफीज ने किया। उन्होंने कहा कि हमारी जिंदगी में शिक्षा बेहद जरूरी है। इस्लाम में सबसे पहला फरमान इल्म हासिल करने के लिए ही था। आज इस स्थानीय मदरसा से जो छात्र कुरआन व हदीस की तालीम पूरी कर हाफि ज बने हैं, वो समाज में कुरआन की रोशनी फैलाएंगे एवं सही रास्ते पर चलते हुए कौमी एकता का परचम लहराएंगे। उन्होंने सभी छह हाफि ज-ए-कुरआन छात्रों हाफिज शम्स आलम, इस्माइल रजा, अब्दुल मजीद, परवेज आलम, नौशाद आलम एवं फैजान रजा की दस्तार बंदी की। मदरसा कमेटी द्वारा सभी हाफि ज को फूलमाला एवं तोहफा देकर सम्मानित किया गया।

स्पोर्ट्स

टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि वे कभी भी भारत में खेले गए सीरीज में उप कप्तार बनाए जाने के पक्ष में नहीं रहे हैं। कहा कि भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस मौका देने की जरूरत है

शुभमन के समर्थन में आए टीम इंडिया के पूर्व कोच, कहा घरेलू टेस्ट में उप कप्तान की जरूरत नहीं

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बचे दो टेस्ट में गिल को मिलना चाहिए मौका : रवि शास्त्री

एजेंसी

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बचे हुए आखिरी दो टेस्ट मैचों में रोहित शर्मा के पाटर्नर के रूप में केएल राहुल की जगह शुभमन गिल को उतारने की वकालत की है। आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए घोषित टीम में केएल राहुल को तो टीम में जगह दी गई है, परंतु उन्हें उप कप्तान नहीं बनाया गया। रवि शास्त्री ने कहा कि घरेलू टेस्ट में उप कप्तान की आवश्यकता नहीं है। किसी खिलाड़ी के उप

कप्तान बनाए जाने पर अगर वह प्रदर्शन नहीं करता है तो उसको टीम से बाहर करने में दिक्कत



आती है। मैं कभी भी भारत में खेले गए सीरीज में उप कप्तान बनाए जाने के पक्ष में नहीं हूं।

गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में बनाया था शतक

गिल ने पिछले साल के आखिरी महीने में बांग्लादेश दौरे पर पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 110 रन की पारी खेली थी। वहीं उन्होंने पहली पारी में 20 रन बनाए थे। वहीं दूसरे टेस्ट में 20 और 7 रन बनाए।

अगर किसी कारण से कप्तान मैच में नहीं खेल पाता है तो टीम में मौजूद किसी खिलाड़ी को मैच के लिए जिम्मेदारी दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। केएल राहुल प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं तो शुभमन गिल को मौका मिलना चाहिए। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि केएल राहुल अच्छे बल्लेबाज नहीं है, लेकिन आपको मैच में प्रदर्शन करना होगा। राहुल को पता है कि गिल ने मिले मौके का हमेशा फायदा उठाया है और वह वेट कर रहे हैं। ऐसे में राहुल को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए था। अभी भारत को बॉर्डर-ग्वास्कर में रोहित के साथ गिल जैसे बल्लेबाज की जरूरत है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट में रहे फ्लॉप

केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए पहले दो टेस्ट में फ्लॉप साबित हुए। उनके बल्ले से रन नहीं निकले। नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट में उन्होंने 20 रन बनाए। जबकि दिल्ली में खेले गए मैच में पहली पारी में 17 और दूसरी पारी में 1 रन बनाए। राहुल का पिछले साल भी टेस्ट में प्रदर्शन खराब रहा था और उनके बल्ले से रन नहीं निकले थे।

शरारती तत्वों पर रहेगी विशेष नजर : स्वेता कुमारी

बाघमारा (आजाद सिपाही)। होली पर्व को लेकर रविवार को सोनारडीह ओपी में थाना प्रभारी स्वेता कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति कि बैठक हुई। ओपी प्रभारी ने आम लोगों से सहयोग की अपील की। कहा कि पुलिस किसी भी अप्रिय घटना से निपटने को पूरी तरह तैयार है। शराबियों और हुड़दंगियों पर विशेष नजर रहेगी। शराब पीकर वाहन न चलाएं। ऐसा करते पकड़े जाने पर मामला भी दर्ज किया जाएगा। ओपी प्रभारी ने आमजनों से अपील की कि शरारती तत्वों को चिन्हित कर थाने को सूचित करें. ताकि उनपर जरूरी कानूनी कारवाई की जाएगी। मौके पर एरिया- 3 जीएम गणेश चंद्र साहा, मुखिया प्रतिनिधि सदानंद पासी, पूर्व प्रखंड प्रमुख मीनाक्षी रानी गुड़िया आदि मौजूद थीं।

शिक्षा मंत्री ने किया 15 करोड़ की लागत से बनने वाले पिछड़ा आवासीय विद्यालय कार्य का शिलान्यास

संवरेगा 480 बच्चों का भविष्य: जगरनाथ महतो

शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में दर्जनों लोगों ने थामा झामुमो का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

आवासीय विद्यालय कार्य का शिलान्यास करने पहुंचे शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो व अन्य।

कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

नावाडीह/बेरमो। प्रखंड अंतर्गत लहिया में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए बनने वाले आवासीय प्लस 2 उच्च विद्यालय कार्य का शिलान्यास सूबे के शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो ने किया। उनके साथ प्रमुख पुनम देवी, बीससूत्री अध्यक्ष बृजलाल हांसदा ने संयुक्त रूप से शिलापट का अनावरण किया। अपने संबोधन में शिक्षामंत्री ने कहा कि 480 बच्चे इस छात्रावास में रहकर सुविधापूर्ण तरीके से पढाई कर अपना भविष्य गढ़ सकेंगें। उक्त भवन का निर्माण 15 करोड़ की लागत से होगा। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने डोमन महतो व सचिन महतो को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 1-1 लाख रुपये का चेक भी सौंपा। वहीं, शिक्षामंत्री की उपस्थिति में बसारत अंसारी, क्यूम अंसारी, नशीम अंसारी, युसूफ अंसारी, सदरुल अंसारी सहित 40 लोगों ने झामुमो का दामन थामा। विद्यालय शिलायांस कार्यक्रम के पूर्व बच्चों ने स्वागत गीत पेश किया। इस मौके पर डीइओ जगरनाथ लोहरा, डीएसी नुरु आलम खान, बेरमो एसडीओ अनंत कुमार झां, नावाडीह प्रमुख पुनम देवी, उप प्रमुख हरिलाल महतो, सीओ अशोक कुमार सिन्हा, बीडीओ संजय सांडिल्य, बीस सूत्री अध्यक्ष बृजलाल हांसदा, उपाध्यक्ष गणेश महतो, झामुमो जिला सचिव जयनारायण महतो, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष गणेश महतो, सचिव सोनाराम हेम्ब्रम, तपेश्वर महतो, नारायणपुर मुखिया जयंती देवी, पंसस कोलेश्वर महतो, पूर्व मुखिया भेखलाल महतो, बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शलैस कुमार चौहान, स्पेशल ब्रांच इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, नावाडीह थाना प्रभारी मनीष कुमार और पेंक नारायनपुर थाना प्रभारी सुमन कुमार आदि उपस्थित थे।

बोकारो पहुंचे सांसद हरीश द्विवेदी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी से स्वागत

बोकारो (आजाद सिपाही)। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री, उत्तर प्रदेश के सांसद सह भवन निर्माण समिति के पूर्वी क्षेत्र प्रभारी हरीश द्विवेदी के रविवार को बोकारो आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तेलमच्चो ब्रिज के पास गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया। वे धनबाद से रांची जाने के क्रम में बोकारो पहुंचे थे, जहां विधायक बिरंची नारायण के नेतृव में स्वागत किया गया। बोकारो विधायक आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्होंने उनका कुशल छेम जाना। बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव ने गुलदस्ता देकर सांसद का स्वागत किया। सांसद ने धनबाद से रांची जाने के क्रम में बोकारो, रामगढ़ और हजारीबाग में बन रहे भाजपा जिला मुख्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर मुकुल ओझा, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, संजय त्यागी, माथुर मंडल महेन्द्रराय, धीरज कुमार, विनय किशोर, हरीश सिंह, पन्नालाल कान्दू, मनोज ठाकुर, टिंकू तापड़िया, अनिल सिंह, सुजीत चक्रवर्ती, मन्तोष ठाकुर, प्रकाश चटर्जी, सुभाष सिंह, राजीव मालाकार, सतेंद्र, प्रकाश प्रामाणिक, अविनाश झा, मनजीत सिंह, गोलू उपाध्याय, झंतु दे, निमाई महथा, प्रकाश नायक, दीपक सिंह, मनजीत सिंह और संदीप टुन्ना आदि मौजूद थे।

बुढ़ापे में माता-पिता साथ नही, तो व्यर्थ है सारी काबिलियत : सुभाष

महुदा (आजाद सिपाही)। पश्चिमी सभ्यता हमारे देश में तेजी से हावी हो रही है, जो चिंता का विषय है। इसे हर हाल में रोकना होगा। आप खुब काबील बने, लेकिन यदि बुढ़ापे में माता-पिता साथ नहीं हैं तो आपकी काबलियत व्यर्थ है। उक्त बातें प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुभाष प्रसाद ने कही। वे रविवार को महुदा बाजार स्थित रॉयल रुट्स प्ले स्कूल में आयोजित मातृ पितृ पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यालय परिवार को साधुवाद देते हुए कहा कि सिर्फ एक कार्यक्रम करके संस्कृति को बचाया नहीं जा सकता। इसके लिए लगातार सामूहिक प्रयास करते रहना होगा। इससे पूर्व समारोह की शुरूआत माता पिता के चरण वंदना से हुई। उपस्थित छात्रों ने अपने माता-पिता के चरण धोकर कपड़ा से पोछ व पुष्प वर्षा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के संरक्षक निर्मल कुमार रवानी की अध्यक्षता में हुई। यहां के मार्शल आर्ट्स शिक्षक अपने छात्रों का कार्यक्रम स्टेज के ऊपर दिखाने में सफल रहे।

ऐसे कार्यक्रम समाज के लिए जरूरी

महुदा थाना प्रभारी गंगा सागर ओझा और जिप सदस्य आशा देवी ने इस तरह के कार्यक्रम का संपूर्ण समर्थन देते हुए इसे समाज के लिए जरूरी बताया। कहा की अंग्रेजी मीडियम स्कूल मे पढ़ने वाले बच्चे यदि अंग्रेजी नहीं बोल पाते हैं तो शिक्षक को चिंतन करने की जरूरत है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की ओर से कार्यक्रम में 365 दिन लर्निंग की बात कही गई। मौके पर बीआरपी समीम अख्तर, साक्षरता वाहिनी के प्रखण्ड समन्वयक भागीरथ सिंह, सुधांसु पाण्डे, लक्ष्मी देवी, भागीरथ रवानी आदि उपास्थित थे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में को-ऑर्डिनेटर चीफ अमित सिंह के साथ शिक्षक रमेश महतो, एसके राय, सोमनाथ चटर्जी, सतीश सिंह, संजय शर्मा, समीर मुंशिफ, सुनिता सिंह, शबनम रेहाना, आरती, अंखि चटर्जी, निरंजन सिंह, शोभा देवी, सुचित रवानी, निरंजन सिंह आदि भी भूमिका सराहनीय रही।

बच्चों के विकास में मदद के लिए हमेशा तत्पर हूं : प्रकाश सिंह

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के निदेशक ने भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

गोमिया। विश्व प्रसिद्ध सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के निदेशक व समाजसेवी प्रकाश कुमार सिंह रविवार को भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी पहुंचे। एके-डमी के सभी बच्चों से मुलाकात की और शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंने वादा किया कि बच्चों के विकास के लिए जिस किसी चीज की भी आवश्यकता होगी, वह उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आने वाले त्योहार होली की सभी को शुभकामनाएं भी दी। साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को ट्रैक सूट देने की घोषणा की। कहा कि बहुत जल्द इन बच्चों तक ट्रैक सूट पहुंच जाएगा। पूरे एकेडमी का जायजा लेने के बाद बेहद प्रसन्न दिखे। कहा कि इतनी छोटी सी जगह पर ऐसा माहौल बनाना यह अपने में बहुत बड़ी बात है। उन्होंने भाटिया एथलेटिक्स एके-डमी के निदेशक आशु भाटिया को सफल संचालन के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि आप जो इतनी मेहनत बच्चों के पीछे कर रहे हैं ईश्वर इसका फल जरूर देगा। हमें खुशी है कि यहां के बच्चों को नौकरी भी मिल रही है। सुनने में आया है कि फ्लोरेंस बारला जिसे छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में रेलवे में टीसी पद पर नौकरी मिली है यह बहुत हर्ष की बात है। आशा करता हूं कि इसी तरह आप अपने राज्य और देश के लिए खेलते रहें। इस मौके पर जनशक्ति परिषद् बोकारो के अध्यक्ष पिंटू सिंह राठौड़, बिकास सिंह, सजय प्रसाद, गौतम पाल आदि मौजूद थे।

तिरंगा कार यात्रा निकाल कर सैल्यूट तिरंगा ने की केंद्र सरकार से जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग

धनबाद (आजाद सिपाही)। जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर रविवार को सामाजिक संगठन सैल्यूट तिरंगा ने झरिया-कतरास मोड़ से तिरंगा यात्रा निकाली। जिसका नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड प्रदेश प्रभारी सह भाजपा नेता रमेश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष रंजन चौधरी ने किया। उक्त यात्रा झरिया, बस्ताकोला, धनसार, बैंक मोड़, सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंची। रमेश पांडेय ने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा के निर्देशानुसार पूरे भारत में रविवार को 1000 स्थानों पर तिरंगा कार रैली निकालकर केंद्र की भाजपा सरकार से जनसंख्या नियंत्रण कानून को लागू करने की मांग की गई है। कहा की भारत की जनसंख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस कारण देश के विकास में अवरोध हो रहा है। उस पर तत्काल अंकुश लगाकर हम दो हमारे दो का फार्मूला लागू किया जाए। तिरंगा कार यात्रा में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रंजन चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता बॉबी पांडेय, सोनी झा, मनीष चौधरी, बिजय सहाय, जितेंद्र मालाकार, मुस्कान सिंह, सिमा पाठक, रोशनी पांडेय, फूल जोशी राकेश सिंह, विजय शर्मा, नागेंद्र सिंह, मनु सिंह, बिट्टू पांडे, विवेक पांडेय, विशाल पांडे, पंकज कुमार आदि शामिल थे।

शिक्षक संघ बोकारो इकाई का वनभोज सह होली मिलन समारोह आयोजित

पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)। पेटरवार प्रखंड के पिछरी स्थित हथिया पत्थर फुसरो में उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश की बोकारो इकाई का वनभोज सह होली मिलन समारोह आयोजन हुआ। इसमें शिक्षकों ने ग्रेड 7 वेतनमान प्राप्त करने को लेकर अपनाई जाने वाली रणनीति पर चर्चा की। साथ ही अनावश्यक विभागीय दबाव पर भी चर्चा हुई। विद्यालय में बच्चों की शिक्षा को बेहतर करने, हरेक प्रखंड के शिक्षकों की समस्याओं को लेकर भी चर्चा हुई। इसमें राज्य कमेटी की ओर से चंद्र देव राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात कुमार, बोकारो जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, बोकारो जिला सचिव सुरेंद्र प्रसाद, कामदेव विश्वकर्मा, प्रदीप माजी, सुशील कुमार, ललन कुमार, राजेश रंजन पाण्डे, मनोहर कुमार, नीरज कुमार, आशुतोष कुमार, गंगाधर विश्वकर्मा, बिरेन पटेल, पंकज कुशवाहा, लोकनाथ, विनोद विश्वकर्मा, शुभंकर कुमार, गुलमोहम्मद, राकेश गुप्ता, सौरभ कुमार सिन्हा, विजय दास, परिणीता कुमारी, किरण कुमारी मूर्मू, प्रियंका कुमारी, सायरा बानो, अशोक पांडेय, चंदन साव, पंकज शर्मा, रहबर सफी आदि थे।

राजेंद्र सरोवर पार्क में दोल उत्सव का आयोजन, गुलाल उड़ा बंगाली समुदाय ने मनाया जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद के राजेंद्र सरोवर पार्क में रविवार को बंगाली समुदाय के प्राचीन, पारंपरिक और सांस्कृतिक दोल उत्सव का आयोजन किया गया। इस साल भी चंदन स्टूडियो की ओर से पंचम वर्ष पश्चिम बंगाल के शांति निकेतन की तर्ज पर राजेंद्र सरोवर पार्क में दोल उत्सव आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य उत्सव की संस्कृति को बचाए रखना एवं इसका प्रचार प्रसार करना है। होली के अवसर पर चंदन स्टूडियो के फेसबुक और यूट्यूब पेज पर बंगाली समाज की होली यानी दोल उत्सव के वीडियो को रिलीज किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुखदेव भोई, उनकी पत्नी मनोरमा दास, बीसीसीएल के निदेशक पर्सनल एमके रमैया, धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल एवं उनकी पत्नी विणा अग्रवाल भी उपस्थित थी। सभी अतिथियों का स्वागत पलाश फूल देकर किया गया। इस दौरान दोल के गाने पर महिलाएं एवं बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में लगभग 400 से ज्यादा महिलाएं, पुरुष व बच्चे शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान महिलाएं व बच्चे पीली साड़ी में पलाश, गेंदाफूल और हर्बल गुलाल की होली खेलते नजर आए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सदस्यों के बीच लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया। ड्रॉ जीतने वाले प्रतिभागियों को नित्य विद्यालय के शिक्षिकाओं एवं चंदन स्टूडियो के सदस्यों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में धनबाद के प्रतिष्ठित नृत्य विद्यालय, सांस्कृतिक शिक्षण केंद्र-सरायढेला, शोम्पा मुखर्जी डांस एकेडमी, गुरु सूर नृत्य संगम, श्रीजन्य डांस क्लास, सास्वती सेन डांस अकैडमी-झरिया, नूपुर डांस अकैडमी जामाडोबा के बच्चों ने भाग लिया। मंच संचालन पंपा पाल ने किया। अंत में कुशन सेनगुप्ता ने दोल के गीत ने सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर आरती साव, संपा सरकार, संजय सेनगुप्ता, रान्नाघर से कंचन दे, तथ्यम से अभिजीत राय, नूपुर, दीपा, संतोष सील, गौरव मोदक, दिलीप, संतोष दास, चंदन स्टूडियो के प्रोडक्शन टीम में राजकुमार सिंह, बृजेंद्र पांडे, राजा, सुभोजित घोषाल, हेमंत, छोटू साव, नीलकमल, सुभम व रमेश गांधी की भूमिका सराहनीय रही।

झरिया में भाजपा किसान मोर्चा की बैठक में सुनी गयी प्रधानमंत्री के मन की बात

झरिया (आजाद सिपाही)। भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में रविवार को कतरास मोड स्थित भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर रविवार को बैठक हुई। जहां उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। वहीं आगामी पांच मार्च से टुंडी में आयोजित किसान मोर्चा के तीन दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, तेज बहादुर, अनिल खेमका, स्वरूप भट्टाचार्य, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष दिलीप भारती, जिला संयोजक दिलीप आडवाणी, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह, झरिया नगर अध्यक्ष अशोक प्रसाद वर्णवाल, जिला महामंत्री अजय निषाद, अखिलेश सिंह, रघु राम आदि मौजूद थे।

सिंदरी में आयोजित हुआ जननायक कर्पूरी ठाकुर का 99वां जयंती समारोह

सिंदरी (आजाद सिपाही)। जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक उत्थान स्मृति सेवा समिति की ओर से रविवार को सिंदरी रंगामाटी दुर्गा मंदिर मैदान में जननायक कर्पूरी ठाकुर की 99वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने की। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोजपा के जिला अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक न्याय के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को स्वर दिया। उन्हें अपने मौलिक अधिकार का बोध कराया। वे देश के क्रांतिवीरों में एक थे। दीनानाथ ठाकुर ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। पत्रकार गणेश दीवान वर्मा ने कहा कि कपूर्री ठाकुर व्यक्ति नहीं विचार थे। उनका विचार आज भी प्रसांगिक है। राजद के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामबाबू यादव ने नौजवानों से कपूर्री ठाकुर के पद चिन्हों पर चलने की अपील की। कहा कि सामाजिक न्याय की राह पर चलकर ही कपूर्री ठाकुर को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। इस मौके पर राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री सह गरीब उत्थान के केंद्रीय अध्यक्ष उदय शर्मा, केंद्रीय सचिव प्रवीण कुमार, राजद प्रदेश महासचिव गुलशन खातून, जिलाध्यक्ष अनवरी खातून, चानू कुमारी और राजीव ठाकुर आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

भूली में राजपूत एकता मंच का द्वितीय वार्षिक अधिवेशन सह मिलन समारोह संपन्न

समाज के दुश्मनों से सावधान रहने की जरूरत : रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

राजपूत एकता मंच के द्वितीय वार्षिक अधिवेशन में मौजूद रागिनी सिंह व अन्य।

धनबाद। भूली स्थित एमपीआई हॉल में रविवार को राजपूत एकता मंच का द्वितीय वार्षिक अधिवेशन सह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह भी उपस्थित रहे। मंच के पदाधिकारियों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर व अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर रागिनी सिंह ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि एक बार फिर से राजपूत की सरकार बनेगी। राजपूत समाज के लोग बहन बेटियों के सम्मान में हमेशा तत्पर है। आज हम सभी को एकजुट होकर रहने की जरूरत है। समाज के कई दुश्मन हमारे युवाओं को बरगलाने का प्रयास करते है। वैसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। लगे हाथ राज्य की वर्तमान महागठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिले में कानून व्यवस्था लगातार गिरती जा रही है। कहीं बम तो कही गोली चलना आम बात हो गई है। आज पूरा धनबाद अपराधियों के निशाने पर है और जिला प्रशासन मौन है। रागिनी सिंह ने इस अवसर पर सभी को होली की अग्रिम बधाई दी।

राजपूतों का रहा है स्वर्णिम इतिहास : चंद्रशेखर सिंह

भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि आज राजपूत एकता मंच का द्वितीय अधिवेशन है। राजपूत एक ऐसा नाम है जिससे समाज में बहुत अपेक्षाएं रहती है। राजपूतों का स्वर्णिम इतिहास रहा है। जिसे दोहराने की आवश्यकता है। समाज के युवा समाज में समानता फैलाने के साथ कुछ अलग तरह के काम करने की सोच रखते है।

पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में लोयाबाद का फैजान बना चैंपियन, करेगा देश का प्रतिनिधित्व

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। लोयाबाद के कपड़ा व्यवसायी मकबूल हसन का पुत्र फैजान रेजा वेट लिफ्टिंग बेंच प्रेस में इस बार ऑल इंडिया चैंपियन बना है। इसके साथ ही फैजान का चयन अंतराष्ट्रीय स्तर पर हो गया है। अब फैजान भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। लगातार फैजान की कामयाबी से परिवार और लोयाबाद के लोग काफी उत्साहित है। गुरु काशी यूनिवर्सिटी भटिंडा द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में देशभर से कुल 77 विश्वविद्यालय के 850 छात्रों ने हिस्सा लिया था। इस खेल में फैजान 93 केजी वर्ग में करीब 787.5 केजी का भार उठाकर चैंपियन बना। इसके साथ ही फैजान इंटरनेशनल में भी

क्वालीफाई कर गया है। फैजान के पिता मकबूल हसन ने कहा कि बहुत खुशी है। अब बेटा देश के लिए खेलेगा। फैजान भरत देश के प्रतिनिधित्व करने के लिए बेचैन था। उसका सपना है कि बेटा देश का नाम रोशन करे। वहीं, कांग्रेस नेता असलम मंसूरी, राजकुमार महतो, चेंबर के सचिव सुनील पांडेय सहित अन्य लोगों ने उसकी जीत पर बधाई दी है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in
12

अरुणांचल से गुजरात तक भारत जोड़ो यात्रा निकालेगी कांग्रेस, राहुल गांधी बोले

52 साल से हमारे पास अपना घर नहीं है, भावुक हुई सोनिया

एजेंसी

रायपुर। राहुल ने कहा- मैं 1977 में 6 साल का था। मुझे चुनाव के बारे में नहीं पता था। मैंने मां से पूछा कि क्या हुआ? मां ने कहा कि हम घर छोड़ रहे। तब तक मुझे लगता था कि वह हमारा घर है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस के 85वें अधिवेशन के तीसरे और आखिरी दिन कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा-पार्टी अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक भारत जोड़ो यात्रा निकालने का विचार कर रहे हैं। वहीं, राहुल गांधी ने 32 मिनट की स्पीच दी। राहुल ने भाषण में भारत जोड़ो यात्रा, अडाणी हिंडनबर्ग केस, चीन पर जयशंकर के बयान और 2024 लोकसभा चुनाव समेत कई मुद्दों पर बात की। राहुल ने अपने भाषण में 1977 का किस्सा भी सुनाया, जिसमें उन्हें पहली बार अहसास हुआ था कि

उनके पास अपना घर नहीं है। उन्होंने कहा- 52 साल हो गये, मेरे पास आज भी अपना घर नहीं है। उनकी बातें सुनकर सोनिया गांधी भावुक नजर आईं।

जब गले लगता था तो ट्रांसमिशन सा होता था

राहुल गांधी ने कहा, '4 महीने कन्याकुमारी से श्रीनगर तक भारत जोड़ो यात्रा हमने की। वीडियो में आपने मेरा चेहरा देखा, लेकिन हमारे साथ लाखों लोग चले। बारिश, गर्मी और बर्फ में हम सब एक साथ चले। बहुत कुछ सीखने को मिला। आपने देखा हो कि पंजाब में एक मैकेनिक आकर मुझसे मिला। मैंने उसके हाथ पकड़े और सालों की उसकी तपस्या, उसका दर्द और दुख मैंने पहचान लिया। लाखों किसानों के साथ जैसे ही हाथ मिलाता था, गले लगता था एक ट्रांसमिशन सा हो जाता था। शुरूआत में बोलने की जरूरत होती थी कि क्या करते हो, कितने बच्चे हैं, क्या मुश्किलें हैं। एक-डेढ़ महीना ये चला और उसके बाद बोलने की जरूरत नहीं पड़ती थी। जैसे ही हाथ पकड़ा, गले लगे उनका दर्द एक सेकेंड में समझ आ जाता था। जो मैं उनसे कहना चाहता था, बिना कुछ बोले वो समझ जाते थे।

10-15 दिन में अहंकार और घमंड गायब हो गया

राहुल गांधी ने कहा- सुबह उठकर सोचता था कैसे चला जाये। उसके बाद सोचता था कि 25 किलोमीटर नहीं 3 हजार 500 किलोमीटर चलना है, कैसे चलूंगा। फिर कंटेनर से उतरता था चल देता था। लोगों से मिलता था। पहले 10-15 दिन में अहंकार और घमंड गायब हो गया।

गुजरात में भूकंप से कांपी धरती

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। गुजरात के अमरेली जिले में दो वर्ष के दौरान एक के बाद एक भूकंप के झटकों की झड़ी लग गई और यहां करीब 400 बार हल्के झटके दर्ज किये गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूकंप विज्ञानी इस स्थिति को 'भूकंप स्वार्म' कहते हैं। ह्यस्वार्म' अधिकतर छोटे स्तर के भूकंपों का क्रम होता है जो अक्सर कम समय के लिए आते हैं, लेकिन ये कई दिनों तक जारी रह सकते हैं।

प्रदीप जेना ओड़िशा के नये मुख्य सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। प्रदीप जेना को रविवार को ओड़िशा का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। प्रदीप जेना सुरेश चंद्र महापात्र की जगह लेंगी, जो 28 फरवरी को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। जेना 1 मार्च को कार्यभार संभालेंगे। ओड़िशा कैडर के 1989 बैच के आइएएस अधिकारी, प्रदीप जेना डीसी-सह-एएससी, विशेष राहत आयुक्त और एमडी, ओड़िशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ओएसडीएमए) के रूप में कार्यरत हैं। अनु गर्ग प्रदीप जेना की जगह विकास आयुक्त और अतिरिक्त मुख्य सचिव और सचिव, योजना और अभिसरण का पद संभालेंगी। वह अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन ओड़िशा सरकार के रूप में बनी रहेंगी।

दिल्ली शराब घोटाला: मनीष सिसोदिया को सीबीआइ ने किया गिरफ्तार, आज कोर्ट में किया जायेगा पेश

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दिल्ली शराब घोटाले मामले में सीबीआइ ने करीब आठ घंटे की लंबी पूछताछ के बाद रविवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। सीबीआइ ने एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआइ सोमवार को सुबह सीबीआइ कोर्ट में पेश किया जायेगा। आम आदमी पार्टी ने मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी तानाशाही की पराकाष्ठा है। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई

की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारियों ने आबकारी नीति के विभिन्न पहलुओं, दिनेश अरोड़ा और अन्य आरोपियों के साथ उनके कथित संबंधों और कई फोन से संदेशों के आदान-प्रदान के विवरण सहित अन्य मुद्दों पर मंत्री से पूछताछ की।

सीबीआइ जांचकर्ता सिसोदिया के जवाब से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने आरोप लगाया कि सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे जिसके परिणामस्वरूप उन्हें गिरफ्तार किया गया। सीबीआइ कार्यालय रवाना होने से पहले सिसोदिया ने आशंका जताई थी कि उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। सिसोदिया ने रविवार सुबह कहा, जब मैंने एक पत्रकार के रूप में अपनी नौकरी छोड़ी थी, तब मेरी पत्नी ने मेरा साथ दिया और आज भी, मेरा परिवार मेरे साथ खड़ा है। अगर मुझे गिरफ्तार किया जाता है तो मेरे कार्यकर्ता मेरे परिवार की देखभाल करेंगे।

सिसोदिया ने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा, मेरे साथ लाखों बच्चों का प्यार है और करोड़ों देशवासी मेरे साथ हैं। यदि मुझे कुछ महीनों के लिए जेल भी जाना पड़ा तो मुझे परवाह नहीं है। हम भगत सिंह के अनुयायी हैं।

वरिष्ठ पत्रकार अजीत महांती का इलाज के दौरान निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। वरिष्ठ पत्रकार अजीत महांती का निधन एम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गया। उनकी मृत्यु के समय, वह 73 वर्ष के थे। उन्होंने 'धरित्री' और 'समय' जैसे अखबारों में लंबे समय तक काम किया। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन की खबर सुनकर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काम करने

वाले कई पत्रकारों ने दुख व्यक्त किया।

मूसेवाला मर्डर केस के दो आरोपियों की जेल में हत्या

एजेंसी

लुधियाना। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में शामिल 2 बदमाश जेल में हुई गैंगवार में मारे गए। पंजाब में तरनतारन जिले की गोइंदवाल जेल में रविवार को बदमाशों के बीच हिंसक झड़प हुई। इसमें बदमाश मनदीप सिंह तूफान और मनमोहन सिंह मोहना की मौत हो गई। एक अन्य बदमाश केशव की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि तीनों के सिर पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था। तरनतारन के इमरजेंसी मेडिकल अफसर डॉ. जगजीत सिंह ने कहा कि दोपहर में जेल से लाये गये तीन घायलों में से दो की अस्पताल लाने से पहले ही मौत हो चुकी थी, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मारा गया गैंगस्टर मनदीप सिंह तूफान सिंगर मूसेवाला की हत्या की दौरान स्टैंडबाय शूटर के तौर पर मौजूद था। वह जग्गू भगवानपुरिया गैंग का मेंबर था।

कैदियों से कहासुनी हुई, फिर हिंसा में दोनों की जान गई

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, गैंगस्टर मनदीप सिंह तूफान की जेल में कैदियों के साथ किसी बात को लेकर झड़प हुई थी। इसके बाद कैदियों ने उसे पीट-पीटकर कर मौत के घाट उतार दिया। संघर्ष में तीन से चार दूसरे कैदियों के घायल होने की भी सूचना मिली है। सूत्रों के मुताबिक जेल में मूसेवाला मर्डर में शामिल बदमाशों के 2 गुट बन गये थे। यह भी पता चला है कि लॉरेंस और जग्गू गैंग से जुड़े बदमाश आमने-सामने हुए। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के दिन मनदीप तूफान भी घटनास्थल के आसपास ही मौजूद था। गोल्डी बराड़ ने जग्गू भगवानपुरिया के खास मंदीप तूफान के अलावा मनी रइया को स्टैंडबाय पर रखा था। इन्हें जगरूप उर्फ रूपा और मनप्रीत मन्नू को कवर देने के लिए कहा गया था।

मीट में कई आइआइटी फैकल्टी, सोशल साइंटिस्ट और बिजनेस लीडर्स ने हिस्सा लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

प्रशांत कुमार पटनायक संबोधित किया: सीएसआइआर सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रोफेसर मनोरंजन परीडा, मणिबंध के स्वदेशी उद्यमी कटक मनोरमा पाल, स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एंड मैथमेटिक्स साइंस यूनिवर्सिटी ऑफ लीसेस्टर, यूके से नॉलेज डिस्कवरी और मशीन लर्निंग के प्रोफेसर युडोंग झांग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग किट डीयू के प्रोफेसर स्कूल प्रशांत कुमार पटनायक ने भी संबोधित किया। डायरेक्टर स्कूल ऑफ सोशल, फाइनेंशियल एंड ह्यूमन साइंस किट डीयू के प्रोफेसर जयंत कुमार परिडा ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

भुवनेश्वर। वर्ल्ड लीडरशिप एके-डमी और किट डीयू द्वारा शनिवार को 'वर्ल्ड इज वन' पर दूसरा लीडरशिप कन्वेंशन आयोजित किया गया। इसमें कई आइआइटी संकायों, वैज्ञानिकों, सामाजिक वैज्ञानिकों और बिजनेस लीडर सहित शिक्षाविदों ने भाग लिया। बैठक में समानता और न्याय, विविधता में समावेशिता, लचीलेपन की संस्कृति और नवाचार और व्यवधान जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जैसा कि मैं इक्विटी और न्याय, विविधता में समावेश, लचीलेपन की संस्कृति, नवाचारों और व्यवधानों के महत्वपूर्ण विषयों पर प्रतिबिंबित करता हूं, मुझे अपने पूर्वजों के ज्ञान की याद आती है। एक कहावत के रूप में, 'संयुक्त हम खड़े हैं, विभाजित हम गिर जाते हैं।' यह महत्वपूर्ण है कि हम यह पहचानें कि हमारी ताकत हमारी एकता में निहित है और हम एक ऐसा समाज बनाने की दिशा में काम करते हैं जो सभी के लिए न्यायसंगत और समान हो, किट किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने अपने संबोधन में कहा। डॉ. सामंत ने कहा कि जी20 सदस्यता भी इस विषय का जश्न मनाती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मानव-केंद्रित वैश्वीकरण को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि कीट किस परिसर भी 'दुनिया एक है' का एक सच्चा प्रतिबिंब है। विशाल परिसर विविधता में एकता का एक सच्चा प्रतिबिंब है जहां कुलीन छात्र, विदेशी छात्र और आदिवासी क्षेत्रों से कम वंचित छात्र पूर्ण सौहार्द्र और सद्भाव में रहते हैं। किट की वाइस चांसलर प्रोफेसर सस्मिता सामंत ने कहा कि लीडरशिप कन्वेंशन सामाजिक मूल्यों के निर्माण के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों पर चर्चा करने के लिए विभिन्न पेशेवर पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ आने के लिए एक मंच प्रदान करना चाहता है। इसका उद्देश्य शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को विभिन्न अवसरों से जोड़ने के लिए एक मंच तैयार करना भी है। आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपद कर्मलकर ने कहा कि किट एक ऐसा स्थान है जहां शिक्षा को सही अर्थों में अनुभव किया जा सकता है क्योंकि यह ज्ञान, कौशल विकास, समावेशिता और धन सृजन को बढ़ावा देता है। एक सम्मानित शिक्षाविद, प्रोफेसर कर्मालकर ने एक अच्छा शिक्षक बनने पर अपने विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि एक अच्छा शिक्षक वह है जो छात्रों से काम करवाता है और ध्यान आकर्षित करता है, छात्रों को चीजों को विभिन्न तरीकों से सीखने के लिए प्रोत्साहित करता है, आलोचना के लिए खुला है, और एक अच्छा संचारक है जो पुरानी पीढ़ी को शोध के मामलों को स्पष्ट तरीके से समझा सकता है। प्रसिद्ध सामाजिक उद्यमी और उद्यमिता विद्यापीठ जेपी फाउंडेशन मध्य प्रदेश की संस्थापक निदेशक नंदिता पाठक ने किट का परिसर की तुलना 'चार धाम' जैसे पवित्र स्थान से की, जहां समाज की भलाई और गरीब और दलित की मुक्ति के लिए ज्ञान का प्रसार किया जाता है। उन्होंने कहा कि डॉ. सामंत सादगी की प्रतिमूर्ति हैं, लेकिन समाज के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए उनके पास एक बड़ा दृष्टिकोण है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**